आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 29°C | 16°C |

इनसाइड न्यूज

यूपी में ईको टूरिज्म परियोजनाओं को नई उड़ान, 10 ईको टूरिज्म स्थलों...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



गुरुवार 19 फरवरी, 2026 | पेज: 12 | मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ | वर्ष: 17, अंक: 129 | www.janexpresslive.com/epaper

भारत एआई के क्षेत्र में असाधारण प्रगति के... 12

# नाड़ा खींचना और ब्रेस्ट पकड़ना रेप की कोशिश: सुप्रीम कोर्ट

## इलाहाबाद हाईकोर्ट के 'रेप की तैयारी' वाले आदेश को बताया गलत, कहा, आरोपियों की हरकत स्पष्ट रूप से दुष्कर्म के प्रयास की ओर इशारा करती है

- कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय यौन अपराधों से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण मिसाल साबित होगा

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि किसी लड़की के कपड़ों से छेड़छाड़ करना, पायजामे का नाड़ा खींचना और उसके ब्रेस्ट पकड़ना जैसी हरकतें केवल छेड़छाड़ या तैयारी नहीं बल्कि रेप की कोशिश (अटेम्प्ट टू रेप) की श्रेणी में आती हैं। अदालत ने इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को पलट दिया, जिसमें इन कृत्यों को दुष्कर्म की कोशिश के बजाय केवल 'रेप की तैयारी' माना गया था। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई करते हुए कहा कि हाईकोर्ट ने आपराधिक कानून के स्थापित सिद्धांतों का सही तरीके से इस्तेमाल नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि आरोपियों की हरकतें प्रथम दृष्टया दुष्कर्म के प्रयास की ओर संकेत करती हैं और इन्हें मात्र तैयारी मानना कानून की गलत व्याख्या है। अदालत ने टिप्पणी की कि शिकायतकर्ता और अभियोजन द्वारा लगाए गए आरोपों से स्पष्ट रूप से 'अटेम्प्ट टू रेप' का मामला बनता है और ऐसे मामलों में न्यायालयों को संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।



### अदालतों को संवेदनशील भाषा अपनाने की सलाह

मामले की सुनवाई के दौरान 8 दिसंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने न्यायालयों को महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा था कि फैसलों में इस्तेमाल की जाने वाली भाषा का पीड़ितों पर गहरा प्रभाव पड़ता है। अदालत ने कहा कि ऐसी टिप्पणियां पीड़ित पर 'चिलिंग इफेक्ट' यानी भय पैदा करती हैं, जिससे कई बार शिकायत वापस लेने का दबाव बन जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विशेष रूप से हाईकोर्ट जैसी संवैधानिक अदालतों को फैसले लिखते समय अत्यंत सावधानी और संवेदनशीलता बरतनी चाहिए ताकि पीड़ितों का न्याय प्रणाली पर भरोसा बना रहे।

### फैसले का व्यापक कानूनी महत्व

कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय यौन अपराधों से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण मिसाल साबित होगा। अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी महिला या नाबालिग के कपड़े उतारने या शरीर से जबरन छेड़छाड़ करने जैसी हरकतों को हल्के अपराध के रूप में नहीं देखा जा सकता। यह फैसला न केवल निचली अदालतों बल्कि उच्च न्यायालयों के लिए भी मार्गदर्शक सिद्धांत तय करता है कि दुष्कर्म के प्रयास की परिभाषा को संकीर्ण दृष्टिकोण से नहीं समझा जा सकता। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश को महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों के मामलों में न्यायिक संवेदनशीलता को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

### हाईकोर्ट ने कहा था यह केवल तैयारी

आरोपियों ने समन आदेश को चुनौती देते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिवीजन याचिका दाखिल की थी। 17 मार्च 2025 को सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने कहा था कि लड़की के निजी अंग पकड़ना, पायजामे का नाड़ा तोड़ना और पुलिया के नीचे खींचने की कोशिश करना 'अटेम्प्ट टू रेप' नहीं माना जा सकता। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में इसे दुष्कर्म की तैयारी बताया और आरोपियों पर लगी गंभीर धाराओं को कम कर दिया। अदालत ने आईपीसी की धारा 376 और पॉक्सो एक्ट की धारा 18 के आरोप हटाते हुए उन्हें धारा 354बी और पॉक्सो एक्ट की धारा 9/10 के तहत मुकदमा चलाने का निर्देश दिया था। इस फैसले के सामने आते ही देशभर में कानूनी विशेषज्ञों और सामाजिक संगठनों ने तीखी प्रतिक्रिया दी और आदेश को संवेदनहीन बताया।

### सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर लगाई रोक

विवाद बढ़ने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए 25 मार्च 2025 को हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी थी। उस समय तत्कालीन पीठ ने आदेश की भाषा पर भी गंभीर आपत्ति जताई थी और कहा था कि फैसले की कुछ टिप्पणियां असंवेदनशील और अमानवीय दृष्टिकोण को दर्शाती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा था।

### 2021 की घटना से जुड़ा है मामला

यह मामला उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले से जुड़ा है। पीड़िता की मां ने 12 जनवरी 2022 को अदालत में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, 10 नवंबर 2021 को वह अपनी 14 वर्षीय बेटी के साथ पटियाली क्षेत्र में रिश्तेदारी से लौट रही थी। रास्ते में गांव के रहने वाले पवन, आकाश और अशोक मिले। आरोप है कि पवन ने लड़की को बाइक से घर छोड़ने की बात कही, जिस पर मां ने भरोसा करते हुए बेटी को उसके साथ भेज दिया। लेकिन रास्ते में पवन और आकाश ने लड़की के साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। आरोपियों ने उसके निजी अंगों को पकड़ा और जबरन पुलिया के नीचे ले जाने की कोशिश की। इस दौरान लड़की के पायजामे की डोरी भी तोड़ दी गई। लड़की की चीख-पुकार सुनकर वहां से गुजर रहे दो लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपियों ने देसी तमंचा दिखाकर उन्हें धमकाया और फरार हो गए। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पवन और आकाश के खिलाफ आईपीसी की धारा 376, 354, 354बी तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 18 के तहत मुकदमा दर्ज किया। वहीं तीसरे आरोपी अशोक पर आईपीसी की धारा 504 और 506 के तहत मामला दर्ज किया गया।

# दिल्ली-एनसीआर की हवा की सेहत सुधरी



### ग्रेप-2 के तहत लागू थी ये पाबंदियां

- आवासीय, व्यावसायिक और औद्योगिक इकाइयों में डीजल जनरेटर पर रोक
- पार्किंग शुल्क, सीएनजी-इलेक्ट्रिक बसों और मेट्रो के फेरे बढ़ाने के निर्देश थे
- इमरजेंसी सेवाओं के लिए डीजल जनरेटर के इस्तेमाल में छूट थी
- ग्रेप-2 के तहत सीएक्यूएम ने पार्किंग शुल्क बढ़ाने के निर्देश दिए थे, ताकि सड़कों पर निजी वाहनों का दबाव कम हो।
- इसके अलावा एनसीआर में सीएनजी और इलेक्ट्रिक बसों के साथ ही मेट्रो के फेरे बढ़ाने के निर्देश दिए गए थे।
- सीएक्यूएम ने लोगों से निजी वाहन छोड़कर सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करने की अपील की थी।
- खुले में लकड़ी या कूड़ा न जलाने को कहा गया था।

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली में तेज हवाओं और बूंदाबांदी से प्रदूषण में थोड़ी कमी आई है। ऐसे में बुधवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 249 दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है। इसमें मंगलवार की तुलना में 35 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई। दूसरी ओर, एनसीआर में गुरुग्राम की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 264 दर्ज किया गया, यह हवा की खराब श्रेणी है। वहीं, नोएडा में 232, ग्रेटर नोएडा में 247 और गाजियाबाद में 246 एक्यूआई दर्ज किया गया। हवा की सेहत सुधरने से ग्रेप-2 के प्रतिबंध हटा दिए गए हैं। फरीदाबाद की हवा सबसे साफ रही। यहां सूचकांक 166 दर्ज किया गया। यह हवा की मध्यम श्रेणी है। सीपीसीबी के अनुसार, बुधवार को हवा दक्षिण-पूर्व दिशा से 12 किलोमीटर प्रतिघंटे के गति से चली। वहीं, अनुमानित अधिकतम मिश्रण गहराई 1200 मीटर रही। इसके अलावा, वेंटिलेशन इंडेक्स 3000 मीटर प्रति वर्ग सेकंड रहा। दूसरी ओर, शाम चार बजे हवा में पीएम10 की मात्रा 205.6 और पीएम2.5 की मात्रा 99.1 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज की गई। वहीं, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान है कि शुक्रवार को हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंच जाएगी।

## कई जगह देखा गया चांद, पहला रोजा आज, फतेहपुरी मस्जिद के शाही इमाम ने किया एलान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली


देश में रमजान के पवित्र महीने का पहला रोजा गुरुवार को होगा। दिल्ली स्थित फतेहपुरी मस्जिद के शाही इमाम मौलाना मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने बताया कि चांद देखा गया है। कल से रोजा रखने की शुरुआत होगी।

**पहले रोजे का सहरी और इफ्तार समय 2026:** संभावित तौर पर 19 फरवरी 2026 को सहरी का अंतिम समय सुबह 5:35 बजे तक रहेगा। इसके बाद रोजा शुरू हो जाएगा। वहीं, सूर्यास्त के समय यानी करीब 6:15 बजे इफ्तार किया जाएगा। ध्यान रखें कि सहरी और इफ्तार का समय अलग-अलग शहरों के अनुसार कुछ मिनट आगे-पीछे हो सकता है, इसलिए अपने स्थानीय मस्जिद या आधिकारिक कैलेंडर से समय की पुष्टि अवश्य करें।

**सऊदी अरब में कल देखा गया था चांद:** सऊदी अरब में मंगलवार, 17 फरवरी 2026 को चांद दिखाई देने की आधिकारिक पुष्टि कर दी गई है। इसके साथ ही शाबान का महीना समाप्त हो गया और रमजान 1447 हिजरी की शुरुआत हो गई। सऊदी अरब में मंगलवार रात से ही तरावीह की नमाज अदा की जाती है, जबकि बुधवार, 18 फरवरी को पहला रोजा रखा गया।

# भारत-अमेरिका व्यापार: '500 अरब डॉलर का सामान आएगा भारत: गोयल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा और तकनीकी जरूरतों को पूरा करने के लिए अब अमेरिका की ओर एक बड़ा रणनीतिक बदलाव कर रहा है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने संकेत दिया है कि भारत अगले पांच वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर (लगभग 41 लाख करोड़ रुपये) का सामान खरीदने का इरादा रखता है। इस 'मेगा ट्रेड डील' का खाका लगभग तैयार है, जिसे मार्च में अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। इस समझौते के केंद्र में ऊर्जा विविधता, हाई-टेक उपकरण और एविशन सेक्टर है। अमेरिका के अनुसार भारत ने रूसी तेल के आयात को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोकने की प्रतिबद्धता भी जताई है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए अब गिने-चुने देशों पर निर्भर नहीं रहना चाहता। पीयूष गोयल ने मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि भारत कच्चे तेल और कोकिंग कोल के स्रोतों में विविधता लाना चाहता है। कोकिंग कोल, जो स्टील उद्योग के लिए महत्वपूर्ण कच्चा माल है, को लेकर मंत्री ने चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा, 'हम अभी कोकिंग कोल के लिए केवल 2 या 3 भौगोलिक क्षेत्रों (देशों) पर निर्भर हैं और इनकी कीमतें लगातार बदलती रहती हैं। हमें अमेरिका से उच्च गुणवत्ता वाला कोकिंग कोल भारत लाने में खुशी होगी।

### रूसी तेल पर भारत का रुख

भू-राजनीतिक लिहाज से एक बड़ी खबर यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में भारत पर रूसी तेल खरीदने के लिए लगाए गए 25% टैरिफ को हटा दिया है। यह कदम इसलिए उठाया गया क्योंकि नई दिल्ली ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं और मास्को (रूस) से सीधे या परोक्ष रूप से तेल आयात रोकने की प्रतिबद्धता जताई है। यह भारत की तेल कूटनीति में एक बड़े बदलाव का संकेत है।

### 100 अरब डॉलर के विमान और एआई चिप्स की मांग

यह व्यापार समझौता केवल कमोडिटी तक सीमित नहीं है। भारत को अपने आर्थिक विकास के लिए अमेरिका से हाई-टेक उत्पादों की सख्त जरूरत है। अगले पांच वर्षों में अमेरिका से 100 अरब डॉलर के विमानों की मांग है, ताकि स्थानीय क्षमता बढ़ाई जा सके और हवाई किराए कम किए जा सकें। भारत को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के लिए ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स (जीपीयू), डेटा सेंटर उपकरण और हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग सिस्टम की आवश्यकता है, जो अमेरिका प्रदान कर सकता है। शेयर बाजार में इस चर्चा पर कि एआई भारतीय आईटी कंपनियों को नुकसान पहुंचाएगा, पीयूष गोयल ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बाजार की इस प्रतिक्रिया को हास्यास्पद करार दिया। उनका तर्क है कि एआई को फलने-फूलने के लिए इन्हीं आईटी कंपनियों की जरूरत पड़ेगी। भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते के लिए भारतीय दल अगले सप्ताह अमेरिका जाएगा ताकि कानूनी मसौदे को अंतिम रूप दिया जा सके। पीयूष गोयल ने जोर देकर कहा कि पिछले चार वर्षों में भारत ने नौ समझौते किए हैं और आज भारत एक दब्बू देश के रूप में नहीं, बल्कि 'मजबूती की स्थिति' से अपनी शर्तों पर भविष्य के लिए बातचीत कर रहा है।

## एसआईआर: हम तेजी से काम कर रहे, एक करोड़ 15 लाख सुनवाई पूरी हो चुकी: नवदीप रिणवा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

नवदीप रिणवा ने बुधवार को प्रेस वार्ता की। इस दौरान मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिना मैपिंग वाले 1 करोड़ 4 लाख मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं, जबकि कुल 3 करोड़ 26 लाख मतदाताओं को नोटिस भेजे गए। अब तक 1 करोड़ 15 लाख मतदाताओं की सुनवाई पूरी हो चुकी है। इस समय 13,161 अधिकारी सुनवाई प्रक्रिया में लगे हैं और बीएलओ द्वारा सुनवाई की फोटो भी ली जा रही है।

### 54,40,156 फॉर्म-6 प्राप्त हुए

नवदीप रिणवा ने कहा, नए नाम जोड़ने के लिए 54,40,156 फॉर्म-6 प्राप्त हुए हैं। विभाग का विशेष फोकस महिला और युवा मतदाताओं पर है। 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग से



9,11,779 आवेदन प्राप्त हुए हैं। फॉर्म-7 के तहत 1,40,425 नाम हटाने के आवेदन मिले, जिनमें 55,752 महिलाएं, 84,667 पुरुष और 6 थर्ड जेंडर शामिल हैं। इनमें से 70,865 लोगों ने स्वयं नाम कटवाने के लिए आवेदन किया। शिफ्टिंग के कारण 16,863 फॉर्म ऑटोमेटेड जनरेट हुए। अब तक 23,935 नाम हटाए गए, जिनमें 5,211 ऑटोमेटिक डिलीट शामिल हैं। दावा-आपत्ति शुरू होने के बाद 4,336 नाम हटे हैं। सपा के आरोपों की जांच में संबंधित नाम सूची में पाए गए। मैनपुरी में बूथ दूरी की शिकायत सही मिली, जिसे सुधारा जाएगा।

## दालमंडी में बुलडोजर की कार्रवाई, तीन भवनों को किया जा रहा ध्वस्त

जन एक्सप्रेस। वाराणसी

वाराणसी जिले के दालमंडी में तीन नए भवनों को जर्जर घोषित करने के बाद उन्हें तोड़ने की कार्रवाई बुधवार दोपहर में शुरू हुई। यह भवन पहले से चिह्नित थे। संबंधित भवन स्वामियों द्वारा संपत्ति की रजिस्ट्री कराने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। जिला प्रशासन द्वारा दालमंडी चौड़ीकरण में रोड़ा बन रहे भवनों को चिह्नित कर उन्हें ध्वस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को पुलिस, नगर निगम, राजस्व विभाग और वीडीए की टीम मौके पर पहुंची। जिन भवनों को ध्वस्त किया जाना था उनकी मुनादी कराई गई। इसके बाद दालमंडी में लंगड़ा हाफिज मस्जिद की ओर से बुलडोजर की एंट्री हुई। बुलडोजर से भवनों के बाहरी हिस्से को तोड़ने की कार्रवाई की गई।

# 'विधायकों का फोन नहीं उठाने वाले अफसरों पर होगी कार्रवाई'

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

विधायकों के फोन नहीं उठाने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय द्वारा मंगलवार को सदन में इसका मुद्दा उठाए जाने के बाद यह व्यवस्था की है, जिसमें अधिकारियों को उत्तरदायी बनाया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि कार्यपालिका द्वारा विधायिका एवं न्यायपालिका के क्षेत्राधिकार में हस्तक्षेप करने की सूचना संविधान के प्रावधानों के संदर्भ में होने के कारण इसे स्वीकारा गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि नियम 300 के अंतर्गत नेता प्रतिपक्ष की सूचना के बारे में चर्चा से परिलक्षित होता है कि अधिकारियों के स्तर पर विधायकों को सहयोग नहीं किया जा रहा है, जो चिंता का विषय है। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने



इस बाबत जारी शासनादेशों का पालन सुनिश्चित नहीं करने की बात कही, जो आपत्तिजनक है। यह स्पष्ट करना भी उपयुक्त होगा कि संविधान के अनुच्छेद 164 (2) के अंतर्गत मंत्री परिषद राज्य की विधानसभा के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी होगी। विधानसभा के किसी सदस्य द्वारा यदि अधिकारियों से जनहित के कार्यों के लिए संपर्क किया जाता है तो वह सम्मान और समय दें तथा सुनवाई का अवसर प्रदान करें।

### आगे ऐसा न हो तो उपयुक्त होगा

इस सदन में कुछ दिन पहले कुछ अधिकारियों को दंडित किया गया था, आगे ऐसा न हो तो उपयुक्त होगा। दंड देने से यह परिलक्षित होता है कि अधिकारियों का आचरण संवैधानिक योजना के अनुरूप नहीं है। यदि ऐसी स्थिति आती है तो सदन के पास कार्रवाई करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। शासन द्वारा विधायिका को मजबूत करने की पूरी पहल की जाती है, लेकिन कुछ अधिकारियों के स्तर पर सजग होकर इसका अनुपालन कराने की आवश्यकता है। कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका एक-दूसरे की पूरक हैं। तीनों एक-दूसरे की परिधि और क्षेत्राधिकार का सम्मान करें। अपने दायित्व, कर्तव्य, अधिकार एवं सीमाओं का दृढ़ता से पालन करें7 इसमें हस्तक्षेप लोकतंत्र के उद्देश्यों के विपरीत होगा। इससे आने वाली पीढ़ी के लिए हम सुखद विरासत नहीं छोड़ पाएंगे।

### तो फैलेगी अराजकता

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था बिगड़ने से अराजकता होगी, जिसको आने वाले समय में संभालना मुश्किल होगा। सदस्यों से भी अपेक्षित है कि वह कार्यपालिका और न्यायपालिका की मर्यादा का सम्मान करें। जो राजनेता अगली पीढ़ी के लिए काम करते हैं, उन्हें हम स्टेट्समैन की संज्ञा देते हैं। हम जनता के कार्यों के लिए ही यहां जुटते हैं।

### जारी होंगे निर्देश

अध्यक्ष ने संसदीय कार्य मंत्री से अनुरोध किया कि वह इस बाबत आवश्यक निर्देश जारी करें। जो आदेश पूर्व में कई बार जारी हो चुके हैं, उनका अनुपालन कराने का कड़ा निर्देश दें। शासनादेश का पालन न करना अधिकारियों की सेवा नियमावली का उल्लंघन है। अनुपालन नहीं करने वालों के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाए।

# 'रमजान में लाउडस्पीकर का सीमित इस्तेमाल करें मस्जिदों के इमाम', मौलाना शहाबुद्दीन ने की अपील

जन एक्सप्रेस। बरेली

ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने देशवासियों को रमजान की मुबारकबाद पेश की। उन्होंने कहा कि इस्लाम धर्म में रमजान का महीना बहुत पवित्र है। इस महीने में की गई एक नेकी का सवाब दस गुना बढ़कर मिलता है। इसीलिए मुसलमानों को चाहिए कि इस महीने का सम्मान व एहतराम के साथ 30 रोजे मुकम्मल करें और इस्लाम की बताई हुई तमाम



बातों पर अमल करें, ताकि गुनाह से बचे रहें। मौलाना ने कहा कि तमाम मुसलमान जो खाने-पीने और चाय आदि का कारोबार करते हैं। वो दिन में बंद रखे, इफ्तार के समय से लेकर देर रात तक व्यवस्था करें, जिससे रोजों का सम्मान बना रहे। देखा यह जाता है कि मुस्लिम क्षेत्रों में दिन में भी खाने पीने के होटल खुले रहते हैं, जिससे रोजे की पवित्रता भंग होती है।

### मौलाना बोले, सभी की भावनाओं का रखें ख्याल

शहाबुद्दीन रजवी ने मस्जिद के इमामों से अपील करते हुए कहा कि सहरी का सिर्फ समय बताएं कि कब सहरी का वक्त खत्म हो रहा है। नमाज और दुआ के बारे में बताएं। अनावश्यक तौर पर लाउडस्पीकर का इस्तेमाल बहुत ज्यादा न करें। इसलिए कि इस वक्त हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं चल रही हैं। विद्यार्थी रात-दिन मेहनत में लगे रहते हैं। सभी लोगों की भावनाओं का ख्याल रखना जरूरी है। मौलाना ने आगे कहा कि सरकार, नगर निगम, शहर के जिम्मेदारान सफाई, बिजली व पानी की व्यवस्था अच्छी रखें ताकि रोजेदारों को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।

# ओडिशा से लखनऊ पहुंचे विमान यात्री की महंगी घड़ी बैग से गायब, एयरलाइन प्रशासन पर चोरी का आरोप

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

इंडिगो के विमान से ओडिशा के झारसुगड़ा से लखनऊ पहुंचे यात्री की महंगी घड़ी उनके बैग से चोरी हो गई। उन्होंने एयरलाइन प्रशासन पर चोरी का आरोप लगाया। साथ ही सीसीटीवी रिकॉर्डिंग की मांग की है। उनके बैग की सील टूटी हुई थी। घड़ी की कीमत 30 हजार रुपये बताई जा रही है। यात्री ने मामले की जांच की मांग की है। मामला बीती 15 फरवरी का है। लखनऊ के एक बड़े अस्पताल के जीएम संतोष पाठक के बेटे सक्षम पाठक ने दिल्ली के रास्ते झारसुगड़ा से लखनऊ की यात्रा के लिए टिकट बुक करवाया। इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई-6488 में उनका टिकट था। इसका पीएनआर एलवाईडी8एचडी था। उनकी फ्लाइट झारसुगड़ा से शाम 5.45 बजे उड़ान भरकर रात 9.45 बजे लखनऊ पहुंची। उनके पास दो बैग थे। इस पर सील लगाकर बैगेज काउंटर पर जमा कर दिया गया। सक्षम ने बताया कि जब वह अमौसी एयरपोर्ट पर उतरे तो उनके एक बैग की सील टूटी हुई थी। उस बैग में टाइटन सिरेमिक फ्यूजन की घड़ी थी, जो गायब थी। उन्होंने तत्काल एयरपोर्ट पर एयरलाइन काउंटर पर शिकायत दर्ज कराई। साथ ही ईमेल के जरिए इंडिगो को अपनी शिकायत बताई, जिस पर एयरलाइन ने खेद जताया। उन्होंने आरोप लगाया कि स्कैनिंग के दौरान यात्रियों का सामान चेक कर बहुमूल्य वस्तुओं को चिन्हित कर लिया जाता है। ताकि, एयरलाइन कर्मी उसे बैगों से पार कर सकें। उन्होंने एयरपोर्ट प्रशासन से सीसीटीवी रिकॉर्डिंग देने की मांग की है।

### महीनों भटकते हैं यात्री, होते हैं परेशान

एयरलाइन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि लगेज मिसिंग, लगेज से सामान चोरी होने सहित अन्य मामलों की तमाम शिकायतें आती हैं। औसतन अमौसी एयरपोर्ट पर प्रतिमाह 30 से 35 ऐसी शिकायतें दर्ज होती हैं। लेकिन एयरलाइनों की ओर से यात्रियों को समुचित जवाब तक नहीं दिया जाता। यात्री महीनों परेशान होते हैं। इतना ही नहीं विमान में लगेज रखने के दौरान लापरवाही बरती जाती है, जिससे बैग वगैरह क्षतिग्रस्त भी हो जाते हैं।

# अनियंत्रित ट्रक पलटने से 15 भैसों की दबकर मौत




**जन एक्सप्रेस । बांदा**

बबेरू थाना कोतवाली क्षेत्र के मिया बरौली मोड के पास भैसे से भरा ओवरलोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलट जाने से करीब 15 भैसो की दब कर मौत हो गयी पुलिस ने मृत भैसो को गड्ढा खुदवा कर दफना वाया गया।कोतवाली क्षेत्र के मिया बरौली गांव के पास एक ओवर लोड ट्रक लगभग 30 से 35 भैस लादकर बबेरु से फतेहपुर ले जा रहा था तभी ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया और 15 भैसो की दब कर मौत हो गई पहुंची पुलिस ने मृत भैसो को जेसीबी के माध्यम से गड्ढा खुदवा कर दफन किया गया।

# तेरा ब खदान में उड़ रही नियमों की धज्जियां

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




जनपद के नरैनी तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत संचालित होने वाली तेरा ब खदान में सत्ता के रसूख के आगे सारे नियम कायदों को दरकिनार करते हुए अवैध खनन का काला कारोबार जमकर जारी है।वैध पट्टे की आड़ में अवैध तरीके से भाजयुमो चित्रकूट के एक रसूखदार सफेदपोश के जुड़े होने के कारण खनन और प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी मूक दर्शक बने हुये हैं। यही वजह है कि लगातार मीडिया में सुर्खियां बटोरने वाली तेरा ब खदान में अवैध खनन पर कोई कार्यवाही नहीं होती है।उल्टा खदान संचालक के सत्ता पक्ष के प्यादे द्वारा कलमकारों को आडियो वायरल और मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी जाती है।इतना सब होने के बाद भी खदान में कोई कार्यवाही नहीं होती है।सूत्रों की माने तो खनिज अधिकारी राज रंजन और एमआई गौरव का खुलेआम इस खदान को संरक्षण प्राप्त है।ग्रामीणों ने बताया कि असलहाधारी बदमाशों के दम पर दिनरात इस खदान वैध पट्टे की आड़ में अवैध खनन जोरों से होता चला आ रहा है।ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इस खदान से निकलने वाले ओवरलोड वाहनों की वजह से ही सड़के क्षतिग्रस्त हो गयी है।लोगों को निकलने में खासी मशक्कत का सामना करना पड़ता है।ग्रामीणों ने जिले जिम्मेदार अधिकारियों से प्रदेश के मुख्यमंत्री से इस खदान में जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है।

# बुंदेलखंड के मसाला क्रांति की ओर बढ़ते कदम

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के उद्यान महाविद्यालय द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन परियोजना के अंतर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सुपारी एवं मसाला विकास निदेशालय कालिकट द्वारा वित्तपोषित इस कार्यक्रम का आयोजन झांसी के उद्यानिकी प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र,बरुआ सागर में किया गया।इस प्रशिक्षण का मुख्य विषय बुंदेलखंड में हल्दी,अदरक एवं बीजीय मसालों की उन्नत खेतीष् रहा।इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता बरुआ सागर एवं आसपास के गांवों से आए 100 से अधिक प्रगतिशील पुरुष एवं महिला कृषकों की सक्रिय भागीदारी रही,जिन्होंने आधुनिक खेती के गुर सीखने में विशेष उत्साह दिखाया। मुख्य अतिथि डा.बी.पी. सिंह प्रभारी केंद्र ने अपने संबोधन में कहा कि बुंदेलखंड की जलवायु औषधीय और मसाला फसलों के लिए वरदान है।उन्होंने किसानों को प्रेरित करते हुए कहा,परंपरागत खेती के साथ यदि किसान वैज्ञानिक पद्धति से मसालों की खेती अपनाएं,तो कम लागत और कम पानी में भी अपनी आय को कई गुना बढ़ा सकते हैं।विशिष्ट अतिथि डा. निशि राय (प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र) ने महिला किसानों की बढ़ती संख्या पर खुशी जाहिर की।उन्होंने कहा कि हल्दी और अदरक का प्रसंस्करण कर ग्रामीण महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर रोजगार पैदा कर सकती हैं।मुख्य परियोजना अन्वेषक एवं अधिष्ठाता,डा. सत्य व्रत द्विवेदी ने परियोजना के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य बुंदेलखंड के प्रत्येक किसान तक उन्नत किस्मों को पहुँचाना है।उन्होंने जोर दिया कि हल्दी और अदरक की खेती में वैज्ञानिक तकनीक अपनाकर किसान कंद सड़न जैसी बीमारियों से बच सकते हैं।सह-परियोजना अन्वेषक एवं अध्यक्ष कृषि प्रसार विभाग डा. भानु प्रकाश मिश्रा ने कहा कि तकनीक का लाभ तभी है जब वह सीधे किसान के खेत तक पहुँचे।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम हल्दी,अदरक और बीजीय मसालों (धनिया, सौंफ आदि) की नई किस्मों और तकनीकों को किसानों तक पहुँचाने की एक कड़ी है।तकनीकी सत्र और विशेषज्ञ परामर्श कार्यक्रम में पादप रोग वैज्ञानिक डॉ.प्रियंका यादव ने हल्दी और अदरक के बीज शोधन की बारीकियों को समझाया,जबकि कीट वैज्ञानिक डॉ.निर्वेष सिंह ने बीजीय मसालों में लगने वाले कीटों के जैविक नियंत्रण के गुर सिखाए।मंडी आढ़तिया डा. मनोज कुमार कुशवाहा ने बाजार की मांग और बेहतर मूल्य प्राप्त करने के लिए ग्रेडिंग के महत्व को साझा किया।कार्यक्रम का सफल संचालन प्रशिक्षण केंद्र के प्रभारी डा. श्रीनारायण ने किया।प्रशिक्षण के अंत में उपस्थित कृषकों को आधुनिक खेती के लिए प्रोत्साहित करने हेतु कृषि यंत्रों हँसिया आदि का वितरण किया गया।इस अवसर पर क्षेत्र के प्रगतिशील किसान और विश्वविद्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को तालियां पीटने पर किया मजबूर

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

राष्ट्रीय रामायण मेला के चतुर्थ दिवस पर बुधवार को रामकथा, विद्वत गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भव्य श्रृंखला ने श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। विभिन्न राज्यों से आए विद्वानों, संतों एवं कलाकारों ने राम के आदर्शों, भारतीय संस्कृति और मानवीय मूल्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला।

छत्तीसगढ़ से पधारे रामकथा मर्मज्ञ पं. रामलोचन तिवारी ने भगवान राम के अवतार के रहस्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीराम का जन्म लोकहित, धर्म स्थापना और भक्तों के कल्याण हेतु हुआ। उन्होंने बताया कि भगवान राम ने वनगमन को सहर्ष स्वीकार कर समाज को त्याग, सेवा और समरसता का संदेश दिया। उन्होंने अहिल्या उद्धार, केवट संवाद, जटायु संस्कार एवं शबरी भक्ति जैसे प्रसंगों के माध्यम से बताया कि भगवान राम सबके हृदय में बसते हैं। मंच संचालक डॉ. रामलाल प्रणेश ने बताया कि भगवान और भक्त का संबंध माता और बालक के समान होता है। केवट के सरल भावों से प्रसन्न होकर भगवान राम ने करुणा और सहजता का आदर्श प्रस्तुत किया। बांदा से आए कथा व्यास रामप्रताप शुक्ल ने कहा कि बिना सत्संग के विवेक नहीं होता और प्रभु कृपा के बिना संत मिलना संभव नहीं है। हनुमान और विभीषण के प्रसंग से उन्होंने संत संगति के महत्व को समझाया।

विद्वत गोष्ठी में प्रख्यात शोधकर्ता डॉ. चंद्रिका प्रसाद दीक्षित 'ललित' ने कहा कि चित्रकूट सृष्टि की अत्यंत प्राचीन और रहस्यमयी धरा है। उन्होंने कामदगिरि पर्वत को अद्भुत प्राकृतिक संरचना बताते हुए कहा कि यहां धार्मिक और आध्यात्मिक रहस्यों का अनूठा संगम है। मुजफ्फरपुर से आए कवि डॉ. संजय पंकज ने कहा कि रामचरितमानस केवल ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन का मार्गदर्शक है, जो सत्य, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का संदेश देता है। सीतामढ़ी के विमल कुमार परिमल ने मानस को चरित्र निर्माण का महाकाव्य बताया, वहीं डॉ. आशा कुमारी ने सीता को त्याग और सहनशीलता की प्रतिमूर्ति बताया। दिल्ली के पत्रकार संजय कुमार मिश्र ने कहा कि वर्तमान समय में टूटते पारिवारिक मूल्यों को जोड़ने में रामचरितमानस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। अयोध्या से आए विद्वान डॉ. हरिप्रसाद दुबे ने कहा कि राम भारतीय संस्कृति के सर्वोच्च जीवन मूल्यों के प्रतीक हैं। उन्होंने सेवा, करुणा और सत्य को जीवन का आधार बताया। संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमिला मिश्रा ने वाल्मीकि रामायण के आधार पर तीर्थों के वैज्ञानिक वर्गीकरण स्थावर, जंगम और मानस तीथ की विस्तृत व्याख्या प्रस्तुत की। डॉ. कृष्णमणि चतुर्वेदी 'मैत्रेय' ने तुलसीदास की जन्मभूमि के रूप में राजापुर (चित्रकूट) को प्रामाणिक बताया। वहीं डॉ. सुशील कुमार पाण्डेय 'साहित्येन्दु' ने नारी सशक्तिकरण पर विचार रखते हुए त्रिजटा और शबरी के प्रसंगों से नारी के महत्व को रेखांकित किया।

# निष्पक्ष जांच न हुई तो प्रधान संघ करेगा आंदोलन



**जन एक्सप्रेस । बांदा**

दिन बुधवार को बकायादारों से वसूली व ओटियस का लाभ दिलाने के लिए विद्युत विभाग की टीम ग्राम पंचायत बंथरी के मजरा जमरेही पुरवा में मौजूद थी। बकायेदारों द्वारा द्वारा बिल जमा न करने के कारण कनेक्शन काट दिए थे। सूचना पर प्रधान सोमनाथ नाथ शुक्ला दो सहयोगियों के साथ संविदा लाइनमैनो के साथ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया गया था।इस सिलसिले में बुधवार को ब्लॉक सभागार में प्रधान संघ की बैठक संपन्न हुई। जिसमें संघ के अध्यक्ष सुनील सिंह यादव ने मीडिया को बताया की बंथरी प्रधान सोमनाथ शुक्ला के खिलाफ जो मुकदमा दर्ज कराया गया है। वह सच्चाई से परे हैं लाइन मैनो के साथ हुई घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाय। इस सिलसिले में आज गुरुवार को प्रधान संघ का एक प्रतिदिन मंडल मुख्यालय जाकर जिलाधिकारी एवं एसपी से वास्तविक स्थिति से कराते हुए निष्पक्ष जांच की मांग करेगा। यदि निष्पक्ष जांच ना करके प्रधान की गिरफ्तारी की गई तो प्रधान संघ मुख्यालय में आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जाएगा। बैठक में अधिकतर प्रधान मौजूद थे।

# वाहन कर समस्या के समाधान के लिए लगेगा परिवहन मेला

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिले के वाहन स्वामियों के लिए एक बार पुनः सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है। साढ़े सात टन तक सकल भार यान के कर समस्या समाधान के लिए दो दिन एआरटीओ कार्यालय में परिवहन मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान अधिक से अधिक वाहन स्वामियों से एक बार में ही कर जमा कर योजना का लाभ उठाने की अपील की गई है। एआरटीओ राजीव कुमार ने बताया कि प्रदेश परिवहन विभाग ने परिवहन कर प्रणाली में व्यापक सुधार करते हुए एकमुश्त कर प्रणाली लागू की है। इसके तहत परिवहन वाहनों व गैर परिवहन वाहनों पर एक बार में ही कर अदा करने की व्यवस्था शुरू की है। उन्होंने बताया कि भाड़े एवं पारिश्रमिक पर चलने वाले दो पहिया मोटर साइकिल यान के मूल्य का 12.5 फीसदी, तीन पहिया मोटर कैब यान के मूल्य का सात फीसदी, 10 लाख रुपए तक के मोटर कैब, तिपहिया मोटर कैब को छोड़कर और मैक्सी कैब यान के मूल्य का 12.5 फीसदी कर देय होगा। इसी प्रकार निर्माण कार्य में लगे जेसीबी यान के मूल्य का छह फीसदी, माल वाहन तीन टन तक सकल भार यान के मूल्य का तीन फीसदी एवं तीन टन से अधिक लेकिन साढ़े सात टन तक सकल भार यान के मूल्य का छह फीसदी देना होगा। उन्होंने बताया कि पहले से रजिस्ट्रीकृत यानों पर एक बार कर पूर्व अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिए ऐसे वाहनों पर प्रचलित एकमुश्त कर की धनराशि में आठ फीसदी की छूट देकर गणना की जाएगी।

## साइबर ठगी के प्रति किया गया आगाह



**चित्रकूट** कर्वी सदर ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत शिवरामपुर स्थित आरसेटी में बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रशिक्षणार्थियों के लिए शिकायत निवारण तंत्र के बारे में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतिभाग कर रहे 70 प्रशिक्षणार्थियों को डिजिटल से संबंधित साइबर ठगी सहित तमाम तकनीकी जानकारी दी गई। भारतीय रिजर्व बैंक के सहायक प्रबंधक अरविन्द कुमार ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को वित्तीय फॉड,डिजिटल अरेस्ट एवं शिकायत निवारण से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आरसेटी में बैंकर्स के लिए जिला स्तरीय मुद्रा प्रबंधन समिति की बैठक ली।जिसमें विभिन्न बैंकों के बैंकर्स को आरबीआई के सहायक प्रबंधक आनंद कबीर ने पेमेंट के डिजिटल तरीके और डिजिटल फॉड से बचाव की जानकारी देकर जागरूक किया।कार्यक्रम का संचालन आरसेटी निदेशक ओम प्रकाश कुरील ने किया। इस मौके पर चित्रकूट मंडल के बांदा के अग्रणी जिला प्रबंधक रविशंकर, महोबा सरोज कुमार,हमीरपुर संगम मिश्रा एवं चित्रकूट अनुराग शर्मा मौजूद रहे।

## अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट** जनपद में अवैध शराब के निर्माण व बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मऊ के उपनिरीक्षक अभिषेक कुमार वर्मा व उनके हमराही आरक्षी प्रकाश मिश्रा द्वारा आरोपी प्रीतम यादव निवासी ग्राम नीबी थाना मऊ को 18 पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना मऊ में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# इंसाफ रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



22 फरवरी को आयोजित होने वाले मेगा लीगल कैम्प के व्यापक प्रचार प्रसार के लिये उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने उपलब्ध कराये गये इंसाफ रथ को जिला जज मनोज कुमार राय ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इंसाफ रथ का खास मकसद आमलोगों को जागरूक करना है, इस मौके पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि प्रचार वाहन विधिक जागरूकता के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा। इसके जरिये से जिले के कोने कोने में निवास करने वाले ग्रामीणों को भी मेगा लीगल कैम्प में फ्री कानूनी मदद, लोक अदालत, मध्यस्थता, पीड़ित प्रतिकर योजना, महिला और बाल संरक्षण, वरिष्ठ नागरिक अधिकार के साथ ही सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव और घर-घर तक पहुँचाई जाएगी। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा कि अब दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों. कमजोर वंचित वर्गों, श्रमिकों, महिलाओं के साथ ही जरूरतमन्द लोगों तक विधिक सेवाओं का मैसेज और ज्यादा दमदार तरीके से पहुँचेगा। अदालत ने इंसाफ रथ पेट्रोल पम्प से बस स्टैण्ड, गोपाल स्वीटस, रहुँनियाँ, कालपी चौराहा, सिटी फॉरेस्ट, कोतवाली, जिला अस्पताल, दीक्षित स्वीटस सहित इंसाफ रथ के जरिये से लोगो को जानकारी दी गयी। इस मौके पर प्रथम अपर जिला जज उदय वीर सिंह, स्पेशल जज एस.सी.,एस. टी. रनवीर सिंह, स्पेशल अदालत द.प्र.क्षे. अनिल कुमार खरवार, स्पेशल जज कीर्ति माला सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनय कुमार, सिविल जज (सी0डि0) निहारिका जायसवाल, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक त्रिपाठी, सिविल जज जू0डि0 अंकित पाल, लीगल एड डिफेंस काउसिंल के अधिवक्तागण, मध्यस्थ अधिवक्तागण सहित जिला अधिवक्ता संघ के महामंत्री अश्वनी कुमार प्रजापति के साथ ही बड़ी तादाद में लोग मौजूद रहे।

# कृषि आधारित जलवायु परिवर्तन के प्रति आम जनमानस को करना होगा जागरूक- प्रभाकर

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



सदर ब्लाक के अकबरपुर ग्राम सचिवालय में बुधवार को विकास पथ सेवा संस्थान द्वारा कृषि आधारित जलवायु परिवर्तन एवं पृथ्वी रक्षा यात्रा के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें वर्षा जल संचयन, वृक्षारोपण, गोआधारित कृषि पद्धति तथा रासायनिक उर्वरकों के सीमित उपयोग के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में डॉ प्रभाकर सिंह ने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज कृषि क्षेत्र के सामने गंभीर चुनौती बनकर खड़ा है। यदि समय रहते प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण नहीं किया गया तो आने वाली पीढ़ियों को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने जल संरक्षण, जैविक खेती, फसल विविधीकरण तथा स्थानीय बीजों के संरक्षण को अपनाने पर जोर दिया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शंभू सिंह चंदेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे जागरूकता कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। कहा कि जलवायु परिवर्तन केवल सरकार या किसी एक संस्था का विषय नहीं है, बल्कि यह सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे जल संरक्षण, अधिक से अधिक वृक्षारोपण और प्राकृतिक खेती को अपनाकर अपने गांव को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उदाहरण बनाएं। कार्यकर्ता वंश गोपाल ने वर्षा जल संचयन, वृक्षारोपण, गोआधारित कृषि पद्धति तथा रासायनिक उर्वरकों के सीमित उपयोग जैसे व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों से पृथ्वी संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। साथ ही उपस्थित लोगों को जल संरक्षण व सतत खेती अपनाने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर लवलेश सिंह, रामदुलारी, महेश यादव, समीर खान, उमेश आदि मौजूद रहे।

# 22 को होगा मेगा विधिक सहायका एवं सेवा शिविर का आयोजन



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

अपर जिला जज प्रथम व मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के नोडल अधिकारी अनुराग कुरील की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टरेट सभागार में शिविर से सम्बन्धित प्री-कैम्प का आयोजन किया गया।

प्री-कैम्प में नोडल अधिकारी ने बताया कि जनपदवासियों के मूल हितों, अधिकार और सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से आगामी 22 फरवरी को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में प्रशासन और न्याय पालिका के समन्वित प्रयास से स्टाल लगाकर सभी लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं, उनके अधिकारों और हितों की रक्षा व सुरक्षा तथा उनकी ज्वलंत समस्याओं का त्वरित निदान किया जायेगा। शिविर के सहायक नोडल अधिकारी व सिविल जज (सी.डि.) सचिन कुमार दीक्षित ने बताया गया कि मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में प्रदेश व केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी एवं जनहितकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। विशेष रूप से दिव्यांगजनों को उपकरण वितरण योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ दिलाया जाएगा तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों एवं कमजोर वर्गों को आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त दन्त, नेत्र एवं सामान्य स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार विभिन्न शासकीय विभागों एवं बैंको द्वारा संचालित लोकोपयोगी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के साथ-साथ निःशुल्क विधिक सेवा से सम्बन्धित परामर्श भी उपलब्ध कराया जायेगा। शिविर का उद्देश्य विधिक चेतना का प्रचार, जनहितकारी दृष्टिकोण को प्रोत्साहन तथा विभागीय समन्वय के माध्यम से विधिक सेवाओं का वितरण आधारित मॉडल को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इला चैधरी ने बताया कि शिविर में आने वाले आवेदक अपने साथ पहचान पत्र एवं सम्बन्धित योजना से जुडे आवश्यक दस्तावेज अवश्य लाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी वैभव त्रिपाठी, अग्रणी जिला प्रबन्धक इलाहाबाद बैंक अनुराग शर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल संस्थान, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## बंदर नियंत्रण के लिए मंकी हैंडलिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**चित्रकूट** जनपद में बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष को नियंत्रित करने के उद्देश्य से बुधवार को ब्लॉक पहाड़ी के ग्राम प्रसिधपुर में बंदर नियंत्रण एवं मानव-वन्यजीव संघर्ष न्यूनीकरण के लिए मंकी हैंडलिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभागीय वनाधिकारी प्रत्यूष कटियार ने बताया कि बंदरों की बढ़ती संख्या के कारण किसानों एवं ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान एवं दैनिक जीवन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए जनपद स्तर पर समन्वित कार्ययोजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर प्रशिक्षित टीम तैयार की जा रही है। प्रशिक्षण में मथुरा से आए विशेषज्ञ मोहम्मद आरिफ ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि बंदरों से स्वयं की सुरक्षा कैसे की जाए, बिना नुकसान पहुंचाए उन्हें सुरक्षित रूप से कैसे पकड़ा जाए तथा नियंत्रण के व्यावहारिक उपाय क्या हैं। उन्होंने मौके पर लाइव प्रदर्शन कर प्रतिभागियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया।

# कत्ल के 6 गुनाहगारों को उम्रकैद की सजा के साथ ही हुआ 30 हजार का जुर्माना

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

कुरारा के डिमुहा से कुसमुरा गेहूं पिसाने गये किसान मानसिंह का जमीनी विवाद के चलते उसे घेरकर 24 अगस्त 2023 को डिमुहा निवासी करिया उर्फ धनीराम उर्फ लालयादव पुत्र स्वर्गीय हरलाल यादव ,कप्तान यादव पुत्र करिया उर्फ धनीराम उर्फ लाला यादव ,जुग्गी रैदास उर्फ कौशलेन्द्र रैदास पुत्र कमल ,उपदेश रैदास उर्फ बड़े पुत्र रामधनी ,भूपसिंह यादव पुत्र करिया उर्फ धनीराम उर्फ लालायादव सहित टिर्रा यादव पुत्र कुन्दन यादव ने पहले तो लाठी डंडों से पीटा और फिर ट्रैक्टर चढ़ाकर उसे मार डाला। इस संगीन मामले में उसके पुत्र रामराज की लिखित तहरीर पर कुरारा पुलिस ने छै लोगों के खिलाफ मु0अ0सं0 - 300/202 धारा-302/34,120बी,201 आईपीसी के तहत दर्ज किया गया था। वही आपरेशन कन्विक्शन के तहत डकैती अदालत के स्कालर जज अनिल कुमार खरवार ने अभियुक्त करिया उर्फ धनीराम उर्फ लालयादव पुत्र स्व0 हरलाल यादव ,कप्तान यादव पुत्र करिया उर्फ धनीराम उर्फ लाला यादव ,जुग्गी रैदास उर्फ कौशलेन्द्र रैदास पुत्र कमल ,उपदेश रैदास उर्फ बड़े पुत्र रामधनी ,भूपसिंह यादव पुत्र करिया उर्फ धनीराम उर्फ लालायादव समस्त निवासीगण ग्राम डिमुहा थाना कुरारा जनपद हमीरपुर ,टिर्रा यादव पुत्र कुन्दन यादव को धारा-302/34 आईपीसी के तहत गुनाहगार मानते हुये उम्रकैद की सजा के साथ ही किया,पांच- पांच हजार का जुर्माना। जबकि इस मामले के जांच अधिकारी तत्कालीन इंस्पैक्टर श्रीप्रकाश यादव ने अदालत में चार्जशीट दाखिल करदी थी, वही अभियोजन की तरफ से दमदार पैरवी करते हुये एडि.डीजीसी मणिकर्ण शुक्ल ने अदालत से सभी अभियुक्तों को सख्त सजा देने की मांग की थी।

# 84 कोसी परिक्रमा का ओरन में किया गया भव्य स्वागत

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



चित्रकूट धाम की 84 कोसी परिक्रमा अपने पहले पड़ाव में ओरन पहुंची,नगर वासियों ने यात्रा में शामिल संतो के चरण पखार व पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। चित्रकूट धाम के महाराजाधिराज श्री मत्यगजेंद्र नाथ एवं श्री कामतानाथ सरकार से असीम कृपा प्राप्त करते हुए,श्री साकेत वासी महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 प्रेमदास महाराज जी के कृपा पात्र भगवत आराधना आश्रम जानकीकुंड के महन्त श्री गोविन्द दास महाराज के सानिध्य में लगभग पांच सैकड़ा सन्त महात्माओं का जत्था राम नाम संकीर्तन करते हुए पावन तपोभूमि चित्रकूट धाम की 84 कोसी परिक्रमा रामघाट मत्यगजेंद्र नाथ की पूजा करके जानकी चरण चिन्ह के दर्शन कर अमावस्या मंगलवार 02ः00 बजे प्रारंभ हुयी।यात्रा अपने पहले पड़ाव में यात्रा भरतकूप होते हुए ओरन तिलहर देवी मंदिर पहुंचने पर ग्राम वासियों ने संतो के चरण पखार पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।संतों ने मंदिर परिसर में 108 शिवलिंगों का रुद्राभिषेक कराया।हर पड़ाव में रात्रि विश्राम होगा,यात्रा अपने अगले पड़ाव में छिलोलर,जमरेही नाथ,लमियारी अतरौली ,राजापुर, लालापुर,कालीघाटी,गोपीपुर ,मारकुंडी,टिकरिया,सरभंगा आश्रम,बिरसिंहपुर,अमिलपुर, कोठी,सिंहपुर,शिवराजपुर,शारंगधर आश्रम,बृहस्पतिकुंड,कोहारी ,कालींजर ,गुढा कला,पचोखर,अतर्रा,चौसड, उतरवा,सूरजकुंड होते हुए यात्रा का समापन 18 मार्च बुधवार कामदगिरि परिक्रमा करते हुए होगी।यात्रा का नगर में प्रसाद भंडारे आदि की व्यवस्था समाजसेवी साकेत बिहारी शिवहरे ने किया,कार्यक्रम में डा. विनोद गुप्ता दिल्ली वाले,सिया बिहारी,श्यामसुंदर,आशू शिवहरे,श्रीकान्त,रमाकांत त्रिपाठी,रसिक शिवहरे,बैदेही शरन, सुरेश,कुलदीप,राकेश,दीपक,वीरू,अनिल ,प्रभात,अनय आदि शामिल रहे।



**'योग्य मतदाताओं को शामिल करना ही उद्देश्य'**

असम में चल रही विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि असम में कराए गए विशेष पुनरीक्षण का उद्देश्य केवल यह सुनिश्चित करना था कि सभी पात्र मतदाता सूची में शामिल हों और अपात्र नामों को हटाया जाए। तीन दिवसीय दौरे के... पढ़ें पेज 12 पर...

# यूपी में ईको टूरिज्म परियोजनाओं को नई उड़ान, 10 ईको टूरिज्म स्थलों के संचालन हेतु प्रस्ताव आमंत्रित

- प्राकृतिक धरोहरों के पेशेवर प्रबंधन की पहल, इच्छुक 27 फरवरी 2026 तक कर सकते हैं आवेदन
- जिम्मेदार पर्यटन का सशक्त मॉडल पेश कर रहा उ0प्र0 ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड, निजी सहभागिता से बढ़ेगी रफ्तार
- उत्तर प्रदेश बनेगा ईको टूरिज्म हब, दूरदर्शी नीतियों के साथ बढ़ रहे आगे: जयवीर सिंह

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के हरित पर्यटन को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड ने राज्य के 10 प्रमुख ईको टूरिज्म स्थलों के संचालन और देखरेख के लिए इच्छुक संस्थाओं, कंपनियों एवं अनुभवी एजेंसियों से प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। बोर्ड के इस कदम से न केवल प्राकृतिक पर्यटन स्थलों के पेशेवर प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि दीर्घकालिक निवेश, गुणवत्ता सुधार और पर्यावरण संरक्षण के समन्वित मॉडल को भी सुदृढ़ आधार प्राप्त होगा। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'चयनित एजेंसियों को ईको-टूरिज्म परियोजनाओं का संचालन प्रारंभिक रूप से 15 वर्षों के लिए सौंपा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि संतोषजनक प्रदर्शन की स्थिति में यह अवधि आगे भी बढ़ाई जा सकेगी। यह निर्णय प्रदेश में जिम्मेदार और पर्यावरण-संवेदनशील पर्यटन विकास के लिए एक सुदृढ़ एवं संस्थागत ढांचा तैयार करेगा, जिससे स्थानीय समुदायों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित संरक्षण सुनिश्चित होगा।'

### 10 प्रमुख स्थलों के संचालन हेतु प्रस्ताव आमंत्रित

उत्तर प्रदेश इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड ने राज्य में ईको टूरिज्म को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अयोध्या की उधेला झील, ललितपुर के बदरौन स्थित करकरावल जलप्रपात, बाराबंकी की बघर झील, बलिया के मैरीटार गांव, सीतापुर की अज्जेपुर झील, महाराजगंज के देवदह स्थल, कुशीनगर की रामपुर सोहरौना झील, चित्रकूट के रामनगर, जालौन के पचनदा तथा बांदा जनपद की तहसील नरैनी में कालिंजर किले के समीप पर्यटन सुविधा केंद्र सहित कुल 10 स्थलों पर विकसित ईको टूरिज्म परियोजनाओं के संचालन एवं देखरेख के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। सभी परियोजनाएं पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी मोड) पर विकसित होंगी।

### दूरदर्शी सोच के साथ आगे बढ़ रहे: जयवीर सिंह

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'उत्तर प्रदेश प्राकृतिक संपदा, जैव-विविधता और सांस्कृतिक धरोहर की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। ईको टूरिज्म के क्षेत्र में हमारे पास अपार संभावनाएं हैं, उन्हें व्यवस्थित और पेशेवर प्रबंधन के माध्यम से वैश्विक स्तर तक पहुंचाने का प्रयास है। उत्तर प्रदेश इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा 10 प्रमुख स्थलों के संचालन हेतु प्रस्ताव आमंत्रित करना इसी दूरदर्शी सोच का परिणाम है। हमारा उद्देश्य केवल पर्यटन विकास नहीं, बल्कि जिम्मेदार और पर्यावरण-संवेदनशील पर्यटन का एक सशक्त मॉडल विकसित करना है। यह पहल प्रदेश में दीर्घकालिक निवेश आधुनिक सुविधाओं का विकास सुनिश्चित करेगी।'

### कब तक करें आवेदन?

इच्छुक आवेदकों को निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं पात्रता मानदंडों के अनुरूप अपने प्रस्ताव निर्धारित समयावधि के भीतर प्रस्तुत करने होंगे। विस्तृत विवरण, शर्तें एवं आवेदन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट उपलब्ध है। आवेदन की अंतिम तारीख 27 फरवरी 2026 है।

# मायावती ने यूपी विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने का किया एलान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



राजधानी लखनऊ में बुधवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने अकेले यूपी विधानसभा चुनाव लड़ने का एलान किया। अपने बयान में उन्होंने कहा कि इन दिनों लोकतंत्र एवं संविधान को मजबूती प्रदान करने के बजाय 'अर्टिफिशयल इंटेलिजेंस' (ढ्व) को सफलता की कुंजी बताने की स्वार्थी चर्चाएं चल रही हैं। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि यूपी में जैसे-जैसे चुनाव पास आएंगे, जो लोग हमारे खिलाफ हैं, वे हमें सत्ता से दूर रखने की और भी कोशिश करेंगे। हमारे खिलाफ साजिश करेंगे। सिर्फ यूपी में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में सभी 'अंबेडकरवादियों' को बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर का आत्म-सम्मान पाने के आंदोलन को मजबूत करने के लिए काम करते रहना चाहिए।

### संकीर्ण व अंबेडकर विरोधी है पार्टियों की सोच

उन्होंने कहा कि बसपा के यूपी विधानसभा चुनाव गठबंधन में लड़ने की बात फेक न्यूज है। यह बिल्कुल गलत, झूठ, हवा-हवाई व मनगढ़ंत है। बसपा अकेले अपने बलबूते पर चुनाव लड़ेगी। बसपा के लोगों को यह अच्छी तरह से मालूम है कि कांग्रेस, सपा व भाजपा आदि पार्टियों की सोच संकीर्ण व अंबेडकर विरोधी है। ये लोगों का ध्यान भटकाने के लिए ही इस प्रकार की घिनौनी साजिशें करते रहते हैं। पार्टी समर्थक और कार्यकर्ता हाथी की मस्त चाल चलते रहें। 2007 की तरह ही अकेले चुनाव लड़कर फिर से बसपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएं। बसपा सुप्रीमो ने दिल्ली के बंगले पर कहा कि मेरी सुरक्षा के हिसाब से लंबे समय बाद टाइप-8 बंगला अलाट हुआ है। इसे मैंने स्वीकार कर लिया है। लेकिन, कुछ लोग इसके बारे में भी गलत व गुमराह करने वाली बातें फैला रहे हैं। इससे भी लोगों को सावधान रहने की जरूरत है।

### गेस्ट हाउस कांड में जानलेवा हमला हुआ

उन्होंने कहा कि सपा सरकार व इनके मुखिया के इशारे पर ही दो जून 1995 को लखनऊ स्टेट गेस्ट हाउस कांड में मुझ पर जानलेवा हमला हुआ। इसके बाद 03 जून 1995 को बसपा के नेतृत्व में यूपी में पहली सरकार बनी। उसी समय से सुरक्षा कारणों से मुझे तत्कालीन भारत सरकार द्वारा उच्च सुरक्षा दी गई थी। वह सुरक्षा खतरा कम होने के बजाय अब और भी बढ़ गया है। इस नाते टाइप-8 का बंगला मिला है।

# दाम्पत्य सूत्र में बंधे 92 जोड़े, पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री ने दिया आशीर्वाद

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 92 जोड़ो का विवाह सम्पन्न हुआ। वर वधुओं को पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर एवं ब्लॉक प्रमुख निर्मल वर्मा ने उनके उज्जवल जीवन की कामना कर आशीर्वाद देकर गृहस्थ सामग्री भेंट की। रजवाड़ा लान में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विकास खंड मलिहाबाद के 92 जोड़ो का विवाह सम्पन्न हुआ। दाम्पत्य सूत्र में बंधे 92 जोड़ो को पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर व ब्लॉक प्रमुख निर्मल वर्मा ने आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल जीवन की कामना की। कौशल किशोर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यह एक जनकल्याणकारी योजना है । जिससे लोग लाभान्वित हो रहे है। दाम्पत्य सूत्र में बंधे जोड़ो ने व उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस योजना सहित भाजपा सरकार की सराहना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मीनू वर्मा, बीडीओ अनूप कुमार सिंह, एडीओ समाज कल्याण प्रदीप कुमार, एडीओ पंचायत शिवओम, एडीओ आईएसबी कृष्ण कुमार, प्रधान सर्वेश रावत, सुभाष पाल, विजय लक्ष्मी मौर्य सहित ब्लॉक के समस्त अधिकारी व कर्मचारी सहित जिला समाज कल्याण अधिकारी अंजनी कुमार मौजूद रहे।

### गरीब निर्धन लोगों के लिये वरदान साबित हो रही योजना

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीबों, निर्धनों के लिये वरदान साबित हो रही है। इस योजना के अन्तर्गत विवाह करने वाली बालिकाओं के खाते में 60 हजार रुपये दिये जाते है साथ ही 25 हजार रुपयों से जेवर व गृहस्थी सामग्री दी जाती है। प्रति जोड़े पर आने वाले बारातियो एवं जनातियो के जलपान पर 15 हजार रुपये का व्यय किया जाता है । इस योजना के आने से अब गरीब निर्धन लोगों को साहूकारों से कर्ज नहीं लेना पड़ता है।

# योगी सरकार पारंपरिक उद्योगों को दे रही नई ताकत: मंत्री राकेश सचान

- लखनऊ में हैंडलूम, सिल्क एवं खादी एक्सपो का शुभारंभ, बुनकरों को मिलेगा नया बाजार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि योगी सरकार पारंपरिक उद्योगों को सशक्त बनाकर बुनकरों और दस्तकारों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के स्टाम्प पंजीयन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रवीन्द्र जायसवाल के साथ 17 फरवरी से 2 मार्च तक रवीन्द्रालय, मोतीलाल नेहरू मार्ग, लखनऊ में आयोजित हैंडलूम, सिल्क एवं खादी एक्सपो का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विभिन्न राज्यों के खादी, सिल्क एवं हैंडलूम उत्पादों का प्रदर्शन एवं बिक्री की व्यवस्था की गई है।मंत्री राकेश सचान ने कहा कि वस्त्र उद्योग कृषि के बाद देश में सर्वाधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र है और उत्तर प्रदेश सदियों से बुनकरी एवं दस्तकारी का प्रमुख केंद्र रहा है। प्रदेश में लगभग 1.91 लाख बुनकर एवं दस्तकार इस परंपरा से अपनी आजीविका चला रहे हैं, जिनकी कलाकृतियाँ देश-विदेश में पहचान बना रही हैं। उन्होंने कहा कि एक्सपो का उद्देश्य बुनकरों को एक सशक्त विपणन मंच उपलब्ध कराना और उनके उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना है। एक्सपो में विभिन्न जनपदों के 60 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं तथा 19 फरवरी को प्रदेश के उत्कृष्ट उत्पादों का फैशन शो के माध्यम से प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु चयनित बुनकरों को सम्मानित किया गया। 13 परिक्षेत्रों से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 39 उत्कृष्ट बुनकरों को डिमांड ड्राफ्ट, शील्ड, अंगवस्त्र एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।मंत्री सचान ने कहा कि योगी सरकार बुनकरों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है।

# माध्यमिक शिक्षा मंत्री बोलीं, पिछली सरकारों में ठेके पर नकल होती थी, योगी सरकार में अब कोई सोच नहीं सकता



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो चुकी हैं। माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने बुधवार को पहले दिन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जिया मऊ परीक्षा केंद्र पर पहुंचे परीक्षार्थियों को फूल देकर स्वागत किया। इस दौरान मंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों में ठेके पर नकल होती थी लेकिन योगी सरकार में अब कोई सोच भी नहीं सकता। यदि कहीं ऐसा हुआ तो उसके खिलाफ ऐसी कार्रवाई होगी जो पहले कभी सोचा न गया हो। माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने परीक्षार्थियों से कहां की आप हमारे भविष्य है, देश का गौरव हैं। चिंता मुक्त होकर परीक्षा दें यही मेरी शुभकामनाएं हैं। मंत्री ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। छात्राओं को टीका चंदन करते हुए पेड़ा खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। माध्यमिक शिक्षा निदेशक महेंद्र देव ने बताया कि साल 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक प्रदेश भर में आयोजित की जा रही हैं। प्रथम पाली (प्रातः 8:30 बजे से 11:45 तक) हाईस्कूल में हिंदी एवं प्रारम्भिक हिंदी की परीक्षा हो रही है। राजधानी सहित प्रदेश भर में कुल 8,033 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा होगी जिसमें कुल 27,54,376 परीक्षार्थी पंजीकृत है।

### इंटरमीडिएट की परीक्षा में शामिल होंगे कुल 24,99,370 परीक्षार्थी

इसी तरह द्वितीय पाली (सायं 2-00 बजे से 5-15 बजे तक) इंटरमीडिएट की हिंदी एवं सामान्य हिंदी की परीक्षा 7,998 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी जिसमें कुल 24,99,370 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। यूपी बोर्ड राज्य कंट्रोल रूम प्रभारी संयुक्त शिक्षा निदेशक विवेक नौटियाल के अनुसार, राज्य स्तरीय हाईटेक कंट्रोल रूम, लखनऊ से 75 जनपदों के सभी 8033 परीक्षा केंद्रों की लाइव ऑनलाइन मॉनिटरिंग और वेबकास्टिंग की व्यवस्था है। 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 53,37,778 परीक्षार्थी पंजीकृत है। हाईस्कूल में 27,61,696 एवं इंटरमीडिएट 25,76,082 परीक्षार्थी शामिल होंगें। प्रदेश में 8033 परीक्षा केंद्र स्थापित हैं। इनमें 596 राजकीय, 3453 सहायता प्राप्त एवं 3984 निजी विद्यालय शामिल हैं।

# खाद्य प्रसंस्करण नीति-2023 से निवेश व रोजगार को नई गति

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- किसानों की आय वृद्धि और स्टार्ट-अप को मिलेगा सशक्त समर्थन

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल मार्गदर्शन मे उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग तेजी से एक प्रमुख औद्योगिक हब के रूप में विकसित हो रहा है। यूपी की खाद्य प्रसंस्करण नीति से निवेश, रोजगार और निर्यात को नई रफ्तार मिल रही है।प्रदेश सरकार द्वारा लागू उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 का उद्देश्य राज्य में निवेश, रोजगार और निर्यात को प्रोत्साहित करते हुए किसानों की आय में वृद्धि करना है। उप मुख्यमंत्री के नेतृत्व व निर्देशन मे खाद्य प्रसंस्करण विभाग, खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र मे सुदृढ़ नीति एवं पारदर्शी व्यवस्था के साथ आगे बढ़ रहा है।कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अन्तर्गत गठित राज्य स्तरीय इम्पावर्ड समिति की 16वीं बैठक कृषि उत्पादन आयुक्त कार्यालय मे संपन्न हुई। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 अंतर्गत स्वीकृत प्रस्तावों के प्लान मैप सक्षम स्तर से स्वीकृति में बिलम्ब होने के प्रकरण पर कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि संबन्धित विभागों एवं उद्यमियों के साथ पाक्षिक वर्चुवल मीटिंग की जाय एवं प्रकरणों के निस्तारण की कार्यवाही में गति लायी जाय।निर्देश दिये गये कि विगत पाँच वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों को हस्तान्तरित कुल अनुदान के साथ विभिन्न इकाईयों के माध्यम से स्वरोजगार उद्यमिता विकास की जानकारी प्राप्त करने हेतु संबन्धित क्षेत्र से जुडी सलाहकार संस्था के साथ अनुबन्ध कर ग्राउण्ड सर्वे कराने एवं यह ज्ञात करने की आवश्यकता पर बल दिया गया कि प्रदेश के किन जनपदों में समानान्तर इकाईयों की स्थापना से सैचुरेशन तो उत्पन्न नहीं हो जायेगा, यदि ऐसी फाइन्डिंग प्राप्त होती है, तो निवेशकों को अन्यत्र जनपदों में इकाई स्थापना हेतु सुझाव दिया जाय। जिन जनपदों से कोई प्राजेक्ट स्वीकृत नहीं हैं, जिलाधिकारियों से वार्ता कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निदेशक, खाद्य प्रसंस्करण को समन्वय करने हेतु निर्देशित किया गया। उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अन्तर्गत जनपद बरेली कुल स्वीकृत 33 परियोजनाओं के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान पर, वहीं जनपद कानपुर नगर 24 परियोजनाओं के साथ द्वितीय एवं 22 परियोजनाओं के साथ आगरा एवं रामपुर तृतीय स्थान पर है।अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण द्वारा अवगत कराया गया कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के तहत अब तक 593 प्रस्तावों को अप्रैजल समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बैठक मे बताया गया कि विगत वर्ष के अंत तक कुल 127 इकाईयों की सब्सिडी के सापेक्ष वर्तमान वित्तीय वर्ष में अद्यतन 311 अर्थात 144.88 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। विगत वित्तीय वर्ष में जहाँ प्रथम एवं द्वितीय किश्त 26 इकाईयों को हस्तान्तरित की गयी थी, वहीं वर्तमान वित्तीय वर्ष में अद्यतन 82 अर्थात 215 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। विगत वर्ष में 13 करोड़ के व्यय के सापेक्ष वर्तमान वित्तीय वर्ष में अद्यतन उपलब्ध बजट के सापेक्ष 111.67 करोड़ की प्रगति प्राप्त की गयी है।

# अन्त्येष्टि स्थल का गेट, पानी की टंकी व टोंटी चोरी




**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

बेखौफ अज्ञात चोरों ने दाह संस्कार के लिये बनाए गये अंत्येष्टि स्थल से लोहे के गेट, पानी की टंकी व पानी की टोंटी चोरी कर चम्पत हो गये। जानकारी होने पर कार्यवाहक ग्राम प्रधान ने रहीमाबाद थाने पर तहरीर दी है । ग्राम पंचायत मवईकला में मृत लोगो का दाह संस्कार करने के लिए लाखों रुपयों की लागत से अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण कराया गया । विगत 16 फरवरी की रात बेखौफ अज्ञात चोरों ने अन्त्येष्टि स्थल को अपना निशाना बना लोहे के गेट, पानी की टंकी व पानी की लगी टोंटी चोरी कर चम्पत हो गये । जानकारी होने पर बुधवार को ग्राम पंचायत की कार्यवाहक ग्राम प्रधान प्रीति मौर्य ने रहीमाबाद थाने में तहरीर दी है। लेकिन देर शाम तक रहीमाबाद पुलिस ने ग्राम प्रधान की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत नहीं किया है।

# कैण्ट में चोरी का 'संजू बाबा' दबोचा

- दो वारदातों का खुलासा, लाखों के जेवर-आईफोन बरामद
- 13 मुकदमों में वांछित आदतन अपराधी निकला आरोपी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



राजधानी में घरों को निशाना बनाकर चोरी की वारदातें अंजाम देने वाले शातिर अपराधी को कैण्ट पुलिस ने दबोचने का दावा किया है। पुलिस ने दो घटनाओं का खुलासा करते हुए हिमांशु थारू उर्फ संजू बाबा को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से लाखों रुपये के जेवरात, मोबाइल फोन और नगदी बरामद की गई है। पुलिस के मुताबिक, थाना कैण्ट में दर्ज चोरी के मामलों की जांच के दौरान टीम ने तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर नेटवर्क के जरिए आरोपी की पहचान की। 17 फरवरी की शाम नीलमथा रोड स्थित पुलिया के पास घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमों में बीएनएस की धारा बढ़ाते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जांच में सामने आया कि आरोपी ने कटहरी बाग और दुर्गापुरी कॉलोनी में घरों को निशाना बनाकर जेवरात व कीमती सामान उड़ाया था। बरामद माल में सोने की चेन, अंगूठियां, झुमके, पायल, नथ, मांगटीका के अलावा आईफोन, सिम और नकदी शामिल हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास लंबा है। गाजीपुर, पीजीआई, मड़ियांव और कैण्ट थानों में उसके खिलाफ चोरी, आर्म्स एक्ट सहित 13 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस उसे आदतन व शातिर अपराधी बता रही है।

# कपिल देव ने किया 'कौशल कॉल सेंटर' का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- हर युवा तक प्रशिक्षण और रोजगार की सटीक जानकारी पहुंचाने की पहल
- तकनीक से जुड़ेगा युवा भविष्य, कौशल कॉल सेंटर बनेगा सशक्त सेतु

उत्तर प्रदेश के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के अवसरों से सीधे जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन मुख्यालय में 'कौशल कॉल सेंटर' का शुभारंभ किया।शुभारंभ के अवसर पर मंत्री अग्रवाल ने कॉल सेंटर के माध्यम से पूर्व में प्रशिक्षित एक छात्र से फोन पर सीधा संवाद कर उसके अनुभवों की जानकारी ली और उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रदेश के हर गांव और शहर के युवाओं तक मिशन की योजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा रोजगार अवसरों की सटीक और अद्यतन जानकारी सीधे पहुंचे। सरकार का संकल्प है कि कोई भी युवा केवल जानकारी के अभाव में अवसर से वंचित न रहे। सही समय पर सही मार्गदर्शन देकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना ही इस पहल का मूल उद्देश्य है। 'कौशल कॉल सेंटर' प्रदेश के युवाओं के सपनों को नई दिशा देने और उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।कार्यक्रम में प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने कहा कि कौशल कॉल सेंटर केवल एक सूचना केंद्र नहीं, बल्कि युवाओं और उनके सपनों के बीच एक सशक्त सेतु है। तकनीक के माध्यम से अब प्रशिक्षण से लेकर रोजगार तक की जानकारी युवाओं तक सरलता से पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि नियमित फीडबैक और सतत संवाद के माध्यम से युवाओं को अवसरों से जोड़ना तथा उन्हें आत्मनिर्भर भविष्य की ओर अग्रसर करना ही इस पहल का उद्देश्य है।मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि कॉल सेंटर में वर्तमान में 30 सदस्यीय टीम तैनात की गई है, जिन्हें 15 दिनों का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। आगामी सोमवार से यह टीम पूर्ण रूप से कार्य करना शुरू कर देगी। उन्होंने बताया कि कॉल सेंटर के माध्यम से प्रशिक्षण केंद्रों में अध्ययनरत युवाओं से सीधे फीडबैक लिया जाएगा, ताकि प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद भी युवाओं की प्लेसमेंट स्थिति और रोजगार प्रगति की नियमित जानकारी जुटाई जाएगी, जिससे भविष्य की योजनाओं को और प्रभावी बनाया जा सके।कार्यक्रम में अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राज्य संग्रहालय में 'कला अभिरुचि पाठ्यक्रम' का शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- 28 फरवरी तक चलेगा विशेष व्याख्यान, लखनऊ में जुटेंगे देश के विद्वान
- नई पीढ़ी को कला और विरासत से जोड़ेगा कला अभिरुचि पाठ्यक्रम- जयवीर

उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा राज्य संग्रहालय में 18 से 28 फरवरी तक 'कला अभिरुचि पाठ्यक्रम' आयोजित किया जा रहा है, जिसका शुभारम्भ आज राज्य संग्रहालय में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कुलपति भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय प्रो.मांडवी सिंह रही।प्रो माण्डवी सिंह ने कहा कि कला अभिरूचि जैसे आयोजनों के माध्यम से समाज में कला और संस्कृति की भावना जीवन्त होती है। उन्होंने इस अद्भुत कार्यशाला के आयोजन को जन सामान्य से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम बाताया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो केके थपल्याल पूर्व विभागाध्यक्ष, प्राभाइ एवं पुरातत्व विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने व्याख्यान में कला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कला मनुष्य के लिए उतनी ही आवश्यक है जितनी जीवन की अन्य विधाएं। उन्होंने भर्तृहरि के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि साहित्य, संगीत और कला से विहीन मनुष्य की स्थिति पशु के समान है, केवल उसके पूंछ और सींग नहीं होते। उन्होंने बताया कि मानव अति प्राचीन काल से कला का सृजन करता आया है और प्रागैतिहासिक काल के अवशेष भारत में 'भीमबेटका' भोपाल के निकट में प्राप्त होते हैं, जो प्रागैतिहासिक चित्रों का सबसे बड़ा स्थल है। उन्होंने कहा कि कला का रस लेने के लिए दर्शक में भी कुछ योग्यताएं होनी चाहिए, कला स्वयं में महत्वपूर्ण है, लेकिन जब उसे कोई मर्मज्ञ देखता है तो उसका महत्व और बढ़ जाता है। भारतीय कला का आदर्श योगी है और भारत में कला के प्रतीकों की बहुलता मिलती है, जो उसकी विषयवस्तु की महत्ता को दर्शाती है।इस पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पाठ्यक्रम विद्यार्थियों, शोधार्थियों और कला में रुचि रखने वाले सभी लोगों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों को भारतीय कला, इतिहास और संग्रहालय से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां सरल और स्पष्ट भाषा में दी जाएंगी, ताकि वे इन विषयों को बेहतर ढंग से समझ सकें और अपनी जानकारी को और मजबूत बना सकें। इस कार्यक्रम में 19 फरवरी को 'प्राचीन कला का उद्भव एवं विकासःकुछ विचार' विषय पर डॉ. राकेश तिवारी पूर्व महानिदेशक, भा.पु.स. नई दिल्ली व्याख्यान देंगे। 20 फरवरी को 'गुप्त कालीन कला में सांस्कृतिक चेतना' विषय पर लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. एस.एन. कपूर बोलेंगे। 21 फरवरी को 'मिनिएचर मार्बल्सः शाही संरक्षण, परंपरा, तकनीक और कलात्मक उत्कृष्टता' विषय पर डॉ. विजय माथुर, सलाहकार संग्रहालय संघ लोक सेवा आयोग, व्याख्यान देंगे।

# उप निबंधक कार्यालय का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, दिए विभिन्न निर्देश

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



बुधवार को जनपद में राजस्व एवं पंजीकरण कार्यों को पारदर्शी, सुगम एवं जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा उप निबंधक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में संचालित विभिन्न व्यवस्थाओं, अभिलेखों एवं राजस्व से संबंधित प्रक्रियाओं का गहन अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय में रखे विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों का परीक्षण किया तथा उनके अद्यतन रखरखाव पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्टाम्प शुल्क एवं ई-फीस से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी पंजीकरण कार्य पूर्ण पारदर्शिता एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप संपन्न कराए जाएं, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जिलाधिकारी ने भूमि बैनामा की प्रक्रिया का भी जायजा लेते हुए कहा कि संपत्ति पंजीकरण कार्यों में पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंजीकरण से जुड़ी प्रत्येक प्रक्रिया में ऑनलाइन सिस्टम का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या शिकायत की स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विशेष रूप से सभी सरकारी भूमि के गाटा संख्या को पोर्टल पर शत-प्रतिशत फीड किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि का डिजिटलीकरण एवं अद्यतन रिकॉर्ड तैयार होने से अवैध कब्जों नहीं हो सकेंगे तथा प्रशासनिक कार्यवाही अधिक प्रभावी होगी।

जिलाधिकारी ने उप निबंधक कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य के कार्यों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा कार्यालय में स्वच्छता, अनुशासन एवं पारदर्शिता बनाए रखी जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप ई-गवर्नेंस एवं डिजिटल प्रक्रियाओं को बढ़ावा देकर सेवाओं को अधिक सरल एवं भरोसेमंद बनाया जाए।

इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## परीक्षार्थी सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर पर काल

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं क्रमशः 17 व 18 फ़रवरी से शुरू हो गई हैं। परीक्षार्थियों की सहायता के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बलरामपुर द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। जिला संयोजक अनुराग ने बताया है कि जिले में बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हो रहे किसी भी छात्र छात्रा को यदि किसी भी प्रकार की असुविधा होती है तो जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर बता सकता है। जारी किए हेल्पलाइन नंबर 9450410336, 8528929512, 9919745649 हैं।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलो का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलो का निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व किये जा रहे कार्यो की गहन समीक्षा कर अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने संयुक्त कार्यालय में राजस्व सहायक (प्रथम), न्याय सहायक (द्वितीय), शिकायत प्रकोष्ठ, न्याय सहायक (प्रथम), लेखाकार, डी0एल0आर0सी0, स्थापना, आंग्ल अभिलेखागार, डिस्पैच पटल का निरीक्षण कर पटल से सम्बन्धित कार्यो की गहन समीक्षा की गई व अभिलेखों के रख-रखाव को देखा गया। इसके पश्चात अभिलेखागार का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने कार्यरत कार्मिकों की सेवा पुस्तिका का अवलोकन किया, जिसमें सभी कार्मिकों की सर्विस बुक अपडेट पायी गई। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने सेवा निवृत्त व स्थानान्तरित कार्मिकों की पत्रावलियों का भी अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के समय निर्देशित किया कि किस पटल में क्या कार्य किया जाता है उसको प्रॉपर डिस्प्ले किया जायें। प्रतिदिन लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर उसको फॉलोअप किया जाए, जिससे लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण हो सके। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमृता सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, एसडीएम अहमद फरीद खान, सचिन यादव, विवेक राजपूत, सारा अशरफ सहित सम्बन्धित अधिकारी व कलेक्ट्रेट कार्मिक उपस्थित रहें।

# तीन सड़कों का ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । महराजगंज तराई



तुलसीपुर विकासखंड के तीन ग्राम पंचायत में मे क्षेत्र पंचायत निधि नवनिर्मित सीसी रोड का लोककर्पण ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की ने फीता काटकर किया। तीनों ग्राम पंचायत के क्षेत्र पंचायत सदस्य के प्रस्ताव पर सीसी रोड का निर्माण कराकर लोकार्पण किया गया। क्षेत्र पंचायत सदस्य,प्रधान व ग्रामीणों ने फूल मालाओं से स्वागत किया।सभी ने सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं का बखान किया। ग्राम पंचायत लैबुडडी में पी डब्लू डी रोड से राधेश्याम के घर तक 6 लाख 80 हजार की लागत से सीसी रोड सड़क लोकार्पण व परसिया गौरी में साय मोहम्मद के घर से वासुदेव के घर तक नौ लाख 97 हजार वही रूपनगर में लौकहवा पुरवा से प्राथमिक स्कूल तक नौ लाख 98 नव्वे हजार के लागत से ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की ने पंचम राज्य वित्त आयोग से सीसी से सड़क निर्माण कराकर लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास के फॉर्मूले पर काम कर रही है। क्षेत्र पंचायत से विकास कार्य में धन की कमी नहीं होने दी जाएगी। आने वाले समय में अनेकों सड़कों का निर्माण होगा। गांव की सड़कों को मुख्य सड़क से जोड़कर ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना और विकास की किरण गांव तक पहुंचाना उनका लक्ष्य है। क्षेत्र पंचायत निधि से विकास कार्य करना पहली प्राथमिकता है। साथ ही केंद्र व प्रदेश सरकार की योजना गांव-गांव तक पहुंचे। इसके लिए दिन-रात मेहनत करके लोगों को अच्छी सड़क पानी शिक्षा आदि के लिए प्रयासरत हूं। सबका साथ सबका विकास के स्तर के तहत विकास कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर अन्नू श्रीवास्तव अखिलेश्वर वर्मा रामकरन यादव चौधरी चरण वर्मा प्रधान, शिवकुमार चंद्रप्रकाश वर्मा जेई सतीश कुमार, रिंकू वर्मा शिशिर सिंह,सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## शारदा सहायक नहर में बहता मिला अज्ञात शव, क्षेत्र में सनसनी

**तिलोई,अमेठी।** तहसील तिलोई क्षेत्र में शारदा सहायक खंड-28 नहर में बुधवार को एक अज्ञात पुरुष का शव बहता मिलने से हड़कंप मच गया।शव को कोतवाली मोहनगंज क्षेत्र के अंतर्गत अवसान का पुरवा स्थित चिंगाही पुल के पास ग्रामीणों ने देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने नहर में बह रहे शव को निकलवाने की तैयारी शुरू की।समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।प्रथम दृष्या यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मामला हत्या का है या आत्महत्या का।पुलिस दोनों बिंदुओं पर जांच कर रही है।ग्रामीणों का कहना है कि नहरें जहां किसानों के लिए सिंचाई का प्रमुख साधन हैं, वहीं हाल के समय में इनमें शव मिलने की घटनाएं चिंता बढ़ा रही हैं। लोगों ने पुलिस गश्त व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यदि नियमित निगरानी होती तो शव को पहले ही देखा जा सकता था।कोतवाली मोहनगंज पुलिस ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। मामले की जांच जारी है।

# जनपद को मिली 225 करोड़ की पुलिस लाइन, मार्च में लोकार्पण होने की संभावना

## पंद्रह अगस्त को नई पुलिस लाइन में गूंजेगा परेड का कदमताल

जन एक्सप्रेस । अमेठी




जनपद मुख्यालय गौरीगंज स्थित बहुप्रतीक्षित पुलिस लाइन का निर्माण कार्य आखिरकार पूरा हो गया है।करीब 225 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस भव्य पुलिस लाइन का लोकार्पण आगामी मार्च माह में किया जाएगा।जबकि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नए परेड ग्राउंड में पहली बार पुलिस की परेड आयोजित होगी।वर्षों से स्थायी पुलिस लाइन की बाट जोह रहे जिले के लिए यह एक बड़ी प्रशासनिक उपलब्धि मानी जा रही है।सैंठा रोड पर लगभग 70 एकड़ क्षेत्रफल में निर्मित पुलिस लाइन आधुनिक सुविधाओं से लैस है।यहां प्रशासनिक भवन, प्रशिक्षण केंद्र,बैरक,खेल मैदान,ड्रिल व परेड ग्राउंड के साथ पुलिसकर्मियों के आवास बनाए गए हैं।जिले में तैनात पुलिस बल को अब बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा,जिससे कानून-व्यवस्था को और प्रभावी ढंग से संभाला जा सकेगा।

नई पुलिस लाइन में क्वार्टर गार्ड,कंट्रोल रूम, शस्त्रागार,पुलिस मॉडर्न स्कूल,अस्पताल,ऑडिटोरियम, पुलिस क्लब,कैंटीन, पावर हाउस,फायर ऑफिस और पार्किंग जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।इसके साथ ही विभिन्न श्रेणियों के आवासीय भवनों का निर्माण किया गया है।जिससे पुलिसकर्मियों व उनके परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी।सूत्रों के अनुसार नईं पुलिस लाइन से पुलिसकर्मियों की कार्यक्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।और जिले की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।वहीं जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि अमेठी लंबे समय से पुलिस लाइन की कमी से जूझ रहा था,जो अब समाप्त हो गई है।प्रशासनिक अधिकारियों का मानना है कि नई पुलिस लाइन के साथ-साथ जिले में बन रहे अन्य सरकारी भवनों से जिले को एक नया प्रशासनिक स्वरूप मिलेगा,जिसका सीधा लाभ कानून-व्यवस्था और आम जनता को मिलेगा।

## प्रपत्र प्राप्त/अपलोड करने की अवधि 06 निर्धारित


**रायबरेली।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर सर्विस मतदाताओं से संबंधित निर्वाचक नामावलियों के अंतिम भाग के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की विभिन्न गतिविधियों/संशोधित कार्यक्रम एवं उनकी तिथियां निर्धारित की गई है जिसके अनुसार रिकॉर्ड/कमांडिंग अधिकारियों/संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रपत्र प्राप्त/अपलोड करने की अवधि 06 मार्च 2026 (शुक्रवार) निर्धारित की गई है।

श्वत्रह्लह्य द्वारा हस्ताक्षरित और सत्यापित प्रपत्रों के साथ-साथ फाइलों की प्रक्रिया और निपटान की अवधि 27 मार्च 2026 (शुक्रवार) निर्धारित की गई है। मतदातासूचियों के अंतिम भागों का अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 (शुक्रवार) को निर्धारित किया गया है।

# पहले दिन बोर्ड परीक्षा में अनुपस्थित रहे 2037 परीक्षार्थी

## 85 परीक्षा केंद्रों पर रही कड़ी निगरानी,कंट्रोल रूम से हुई सतत मॉनिटरिंग

जन एक्सप्रेस । अमेठी



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षापरिषद प्रयागराज द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा पहले दिन बुधवार को जनपद में सकुशल,नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए थे।जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ.राजेश द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि हाई स्कूल में कुल 26,167 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 24,964 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए,जबकि 1,203 अनुपस्थित रहे।इसी प्रकार इंटरमीडिएट में 21,380 पंजीकृत छात्र-छात्राओं में से 20,546 उपस्थित रहे।तथा 834 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशन में जनपद के 85 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा संपन्न कराई गई। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी जोनल,सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों के साथ वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा परीक्षा केंद्रों का लगातार भ्रमण किया गया।इसके अतिरिक्त जनपद स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम से सभी केंद्रों की सतत निगरानी की गई,जिससे परीक्षा व्यवस्था पूरी तरह व्यवस्थित एवं पारदर्शी बनी रही।जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि उन्नीस फरवरी को द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की नागरिक शास्त्र विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी।इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

## मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन 22 फरवरी को

**रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता ने बताया है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व मा0 जनपद न्यायाधीश अमित पाल सिंह के दिशा-निर्देशन में 22 फरवरी 2026 को मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन राजकीय इण्टर कालेज मैदान रायबरेली में किया जा रहा है, जिसमें दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, समाज कल्याण विभाग, जिला उद्योग केन्द्र, मत्स्य विभाग, जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), महिला कल्याण विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, कृषि विभाग, चिकित्सा विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग, जिला उद्यान, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग आदि द्वारा स्टॉल लगाएं जाएंगे।

## सीबीएसई बोर्ड इंटर मीडिएट परीक्षा के पहले दिन कराई गई फिजिकल एजुकेशन की परीक्षा



जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रारंभ हो गई । प्रथम दिवस फिजिकल एजुकेशन विषय की परीक्षा संपन्न कराई गई ।

प्रधानाचार्य आशिम रूमी ने बताया कि 18 फरवरी को सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट की परीक्षा प्रारंभ हुई । प्रथम दिवस फिजिकल एजुकेशन विषय की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न कराई गई । विद्यालय मे परीक्षार्थियों को प्रवेश से पूर्व तलाशी ली गई । उन्होंने बताया कि फिजिकल एजुकेशन में पंजीकृत 229 परीक्षार्थियों में से सभी 229 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए ।

## मैत्री क्रिकेट मैच में छात्रों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के डिवाइन पब्लिक स्कूल में बुधवार को शिक्षा के साथ खेल भावना का संगम देखने को मिला । विद्यालय में रोमांचक मैत्री क्रिकेट मैच आयोजित किया गया । जानकारी के अनुसार 18 फरवरी को नगर में संचालित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डिवाइन पब्लिक स्कूल में कक्षा सात एवं कक्षा आठ के विद्यार्थियों के मध्य एक उत्साहपूर्ण एवं रोमांचक मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं टीम वर्क की भावना को विकसित करना था। मैच का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक द्वारा दोनों टीमों के कप्तानों के साथ टॉस कराकर किया गया। कक्षा 8 टीम के कप्तान ऋतिक वर्मा एवं कक्षा 7 टीम के कप्तान विहार्ष श्रीवास्तव ने अपनी-अपनी टीम का नेतृत्व किया। टॉस में कक्षा 8 के कप्तान ऋतिक वर्मा ने विजय प्राप्त कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। दोनों टीमों के बीच 11-11 ओवर का मुकाबला खेला गया। मैच के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार बल्लेबाजी, सटीक गेंदबाजी एवं बेहतरीन क्षेत्ररक्षण का प्रदर्शन किया। प्रत्येक रन पर दर्शकों में उत्साह देखने को मिला। दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण बना रहा। अंत तक मुकाबला अत्यंत रोमांचक रहा और अंततः मैच बराबरी पर समाप्त हुआ, जिससे दोनों टीमों के खिलाड़ियों में आत्मविश्वास और खेल भावना और अधिक प्रबल हुई। विद्यालय प्रबंधन का स्पष्ट मत है कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों का शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास भी समान रूप से आवश्यक है। एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है, और जब स्वास्थ्य उत्तम होता है तभी शिक्षा का वास्तविक लाभ प्राप्त होता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं के लिए क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो सहित विभिन्न खेलों की अलग-अलग टीमें तैयार की जा रही हैं, ताकि भविष्य में नगर अथवा अन्य स्थानों पर आयोजित प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों को सहभागिता का अवसर मिल सके और वे विद्यालय का नाम रोशन कर सकें। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि विद्यालय में छात्राओं की भी एक क्रिकेट टीम तैयार की जा रही है।

# रायबरेली के सिंघापुर भटौली गांव में टूटा पुल, बच्चों की जान खतरे में, महीनों से लटका है पुल

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



रायबरेली के ऊंचाहार तहसील क्षेत्र के सिंघापुर भटौली गांव में विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच एक दर्दनाक हकीकत सामने आ रही है। गांव के शोभ नाले पर बना पुल महीनों से टूटा पड़ा है। इस पुल के बिना गांव के सैकड़ों लोग, खासकर स्कूल जाने वाले मासूम बच्चे, रोजाना जान जोखिम में डालकर नाले में उतरकर पार होते हैं। ठंडे पानी में घुटनों तक डूबकर बच्चे एक-दूसरे का हाथ पकड़कर स्कूल पहुंचते हैं, जबकि उनके परिजन उन्हें खड़े होकर पार कराते हैं। तेज बहाव में फिसलने का खतरा हमेशा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में जल स्तर बढ़ जाने पर बच्चे स्कूल जाना ही बंद कर देते हैं। पढ़ाई में लगातार व्यवधान पड़ता है और बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ रहा है। गांव की महिलाओं को भी आने-जाने में भारी दिक्कत होती है। बाजार जाना, रिश्तेदारी में जाना या कोई जरूरी काम - हर बार जान जोखिम में डालनी पड़ती है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायत की गई, लेकिन प्रशासन ने सिर्फ आश्वासन दिए। जिलाधिकारी और एसडीएम के यहां लिखित शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। क्या बच्चों की जान की कीमत सिर्फ कागजी फाइलों और आश्वासनों तक सीमित है? क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है, ताकि उसके बाद पुल बनवाया जाए? क्या अस्थायी रूप से कोई वैकल्पिक व्यवस्था (जैसे छोटा पुल, बैरिकेडिंग या नाव की व्यवस्था) की जा सकती है, ताकि बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो? स्थानीय विधायक, सांसद और जनप्रतिनिधियों से सवाल है - चुनाव में विकास के बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन जमीन पर ये हालात क्यों? क्या आप गांव का दौरा कर स्थिति का जायजा लेंगे? क्या बच्चों की पढ़ाई और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित करेंगे? यह सिर्फ एक टूटा हुआ पुल नहीं है, बल्कि सिस्टम की लापरवाही, नौकरशाही की सुस्ती और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता की जीती-जागती तस्वीर है। अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो यह लापरवाही किसी बड़ी त्रासदी में बदल सकती है। गांव के लोग अब उम्मीद लगाए बैठे हैं कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस समस्या को गंभीरता से लेंगे और बच्चों की पढ़ाई व सुरक्षा दोनों सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाएंगे।

## चौहान गुट ने जिला अस्पताल में मरीजों की समस्या को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट ने अपने प्रांतीय अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान की मौजूदगी में जिला अस्पताल में बनने वाले पर्चे के कंप्यूटराइज्ड होने के बाद हो रही मरीजों की समस्याओं को देखते हुए मंगलवार को अपनी टीम के साथ जिलाधिकारी महोदय को मौखिक रूप से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चौहान ने कहा कि जिला अस्पताल में जो एक रुपए का पर्चा बनता था वो अब कंप्यूटराइज्ड बनने लगा। जिसके कारण मोबाइल में आने वाले ओटीपी को लेकर आम जनमानस और रायबरेली क्षेत्र के नागरिकों को जिसमें विशेष कर गरीब तबके की महिलाएं, वृद्ध लोग जो सुबह से लाइन में लगे रहते हैं और जब कई घंटों बाद काउंटर पर पहुंचते हैं तो उनको ओटीपी के लिए मोबाइल होना अनिवार्य बताया जाता है। आज भी ग्रामीण क्षेत्र की 30 प्रतिशत लोगों के पास मोबाइल नहीं है और उनको चलाना भी नहीं आता है। पर्चा न बनने की स्थिति में उनकी मजबूरन मायूस होकर अपना इलाज निजी अस्पतालों में करवाना पड़ता है। सैकड़ों की संख्या में लोगों ने मुझे अवगत कराया और अपना दर्द बयां किया।

# एम्स रायबरेली में स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों में संक्रमण नियंत्रण विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



एम्स रायबरेली के नर्सिंग विभाग द्वारा 16 से 22 फरवरी तक ÷स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों में संक्रमण नियंत्रण÷ विषय पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से प्राप्त अनुदान सहायता के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण मुख्य रूप से नर्सिंग अधिकारियों के लिए आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य संक्रमण नियंत्रण संबंधी उनके ज्ञान और व्यावहारिक कौशल को सुदृढ़ करना है। अस्पतालों में रोगी सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की सुनिश्चितता के लिए प्रभावी संक्रमण नियंत्रण व्यवस्था को अत्यंत आवश्यक माना जाता है।

कार्यक्रम का उद्घाटन 16 फरवरी को संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) अमिता जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर डीन (शैक्षणिक) प्रो. (डॉ.) नीरज कुमारी, डीन (परीक्षा) प्रो. (डॉ.) प्रगति गर्ग, डीन (अनुसंधान) प्रो. (डॉ.) अर्चना वर्मा, उप-निदेशक (प्रशासन) कर्नल अखिलेश सिंह, वित्तीय सलाहकार कर्नल यू. एन. राय तथा अपर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीरज कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्थान के कुल 30 नर्सिंग अधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता की। प्रो. (डॉ.) अमिता जैन संक्रमण नियंत्रण के क्षेत्र की एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ हैं। अपने संबोधन में उन्होंने अस्पताल-जनित संक्रमणों को कम करने तथा रोगियों और स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सख्त संक्रमण निवारण उपायों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। उन्होंने कहा कि साक्ष्य-आधारित संक्रमण नियंत्रण उपायों का पालन समग्र स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर परिणामों के लिए अनिवार्य है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान संक्रमण निवारण के विभिन्न पहलुओं पर सैद्धांतिक व्याख्यान, प्रदर्शन (डेमोंस्ट्रेशन) तथा व्यावहारिक चर्चाएं आयोजित की जाएंगी। इन सत्रों के माध्यम से दैनिक रोगी देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नर्सिंग पेशेवरों की दक्षताओं में वृद्धि की जाएगी।

# शहनाज गिल
## की नई फिल्म का फर्स्ट लुक आया, इस दिन होगी रिलीज






शहनाज गिल अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर अक्सर लाइमलाइट में बनी रहती हैं. उन्होंने टीवी के साथ ही अब फिल्मी दुनिया में भी कदम रख दिया है. हाल ही में वो फिल्म 'इक कुड़ी' में नजर आई थीं. इस समय एक्ट्रेस अपनी अपकमिंग फिल्म को लेकर चर्चा में हैं. उनकी ये फिल्म जल्द ही रिलीज होने वाली है. इसे लेकर उनके फैंस में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है.शहनाज ने अपनी अपकमिंग फिल्म की जानकारी सोशल मीडिया पर दी है. उन्होंने फिल्म की रिलीज डेट के साथ ही अपना लुक भी शेयर किया है, जो दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है. आइए जानते हैं शहनाज की इस फिल्म के बारे में.

**शहनाज की अपकमिंग फिल्म**

शहनाज गिल फिल्म 'इश्कनामा' में नजर आएंगी. ये एक पंजाबी रोमांटिक और एक्शन फिल्म है. इसमें शहनाज के साथ जय रंधावा लीड रोल में हैं. एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर फिल्म से अपना पहना लुक शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, मेरी अपकमिंग फिल्म की पहली तस्वीर.. 'इश्कनामा' सच्चे प्रेमियों नीमा-नसीमा की सच्ची कहानी. ये फिल्म 24 जुलाई 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है.

इस फिल्म में शहनाज का लुक बहुत ही बेहतरीन और रॉयल लग रहा है. एक फोटो में उन्होंने हैवी दुपट्टे से अपना सिर ढका हुआ है. साथ ही हैवी ज्वेलरी कैरी की है. वहीं दूसरी फोटो में वो जय रंधावा को गले लगाए दिखाई दे रही हैं. इसमें जय का लुक बहुत ही सिंपल लग रहा है. साथ ही वो घायल नजर आ रहे हैं. तस्वीरों को देखकर लोगों में इस रोमांटिक फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ गई है.

**बिग बॉस से मिला था फेम**

शहनाज गिल ने अपने करियर की शुरुआत 2015 में म्यूजिक वीडियो 'शिव दी किताब' के साथ बतौर एक मॉडल की थी. इसके बाद 2017 में पंजाबी फिल्म 'सत श्री अकाल इंग्लैंड' से उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था. 2019 में शहनाज 'बिग बॉस 13' में कंटेस्टेंट के रूप में शामिल हुईं. यहां से उन्हें काफी फेम मिला. बॉलीवुड में सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' और 'थैंक यू फॉर कमिंग' से एक्टिंग की शुरुआत की.

**जय रंधावा**

जय रंधावा ने अपने करियर की शुरुआत 2010 में एमटीवी के रियलिटी शो 'स्टंटमेनिया' से एक प्रतियोगी के रूप में की थी. 2012 में 9एक्स टशन पर 'टशन दा पैग' शो की एंकरिंग की. 2016 में 'ठेठ गबरू' गाने के साथ गायन में डेब्यू किया और 2020 में 'शूटर' फिल्म के साथ एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी. 'शूटर' के बाद उन्होंने 'चोबर' और 'मेडल' जैसी फिल्मों में काम किया.

### साउथ में बजा
# जान्हवी कपूर
## का डंका, वेब सीरीज के लिए वसूल रहीं इतने करोड़ रुपये



बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर आखिरी बार साल 2025 में रिलीज हुई 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में नजर आई थीं. हालांकि, ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी. अब जान्हवी अपकमिंग फिल्म 'पेड्डी' में दिखाई देंगी, जिसमें उनके साथ साउथ सुपरस्टार राम चरण नजर आएंगे. इससे पहले भी जान्हवी कपूर कई साउथ मूवीज में काम कर चुकी हैं. इसी बीच जान्हवी कपूर के हाथ साउथ की वेब सीरीज हाथ लग गई है. इतना ही नहीं, इस सीरीज के लिए जान्हवी को तगड़ी फीस मिली है.धीरे-धीरे जान्हवी कपूर की साउथ इंडस्ट्री में पॉपुलैरिटी बढ़ती जा रही है. बॉलीवुड की तुलना में जान्हवी को तेलुगू सिनेमा में ज्यादा फीस मिल रही है. इसी के चलते जान्हवी तमिल सिनेमा में अपनी अच्छी जगह बनाने में लगी हुई हैं. राम चरण की 'पेड्डी' के बाद जान्हवी को तमिल की एक नई वेब सीरीज मिल गई है.



**वेब सीरीज के लिए मिले इतने करोड़**

बॉलीवुड हंगामा ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि जान्हवी ने नेटफ्लिक्स के साथ तमिल में एक वेब सीरीज के लिए अच्छी-खासी फीस पर डील की है. बताया जा रहा है कि इस वेब सीरीज के लिए जान्हवी को लगभग 20 करोड़ रुपये मिले हैं. ये सीरीज महिलाओं पर आधारित है और इसे पा रंजीत डायरेक्ट कर रहे हैं, जिन्होंने रजनीकांत की दो बैक-टू-बैक रिलीज़ कबाली और काला को डायरेक्ट किया था.

**पेड्डी के लिए मिली इतनी रकम**

रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म 'पेड्डी' के लिए जान्हवी को लगभग 14 करोड़ रुपये मिले हैं, जिससे वो अब तक की सबसे ज्यादा फीस लेने वाली तेलुगू एक्ट्रेस बन गई हैं. जान्हवी की साउथ सिनेमा में पॉपुलैरिटी बढ़नी तब शुरू हुई जब 2024 में उन्हें 'देवरा' में हिरोइन का रोल ऑफर किया गया था. शुरुआत में जान्हवी ने ऑफर इसलिए मना कर दिया, क्योंकि वो रीजनल नहीं बनना चाहती थीं, क्योंकि इससे उनके हिंदी करियर पर असर पड़ता.फिर उनके पिता बोनी कपूर ने उनसे फिल्म करने के लिए जोर दिया, इसके बाद जब अच्छी फीस ऑफर हुई तो जान्हवी ने इस फिल्म के लिए हां कह दिया था.

## जब अपनी फिल्म के डायरेक्टर को Priyanka Chopra ने दी जमकर गालियां, हाथ से निकलने वाली थी पिक्चर




हिंदी सिनेमा से लेकर हॉलीवुड तक में अपने टैलेंट की छाप छोड़ चुकी प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी इंडियन सिनेमा में वापसी को लेकर सुर्खियों में बने हुई हैं. वो एसएस राजामौली और महश बाबू की अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' से भारतीय सिनेमा में धांसू कमबैक करने के लिए तैयार हैं. अपने दो दशक से ज्यादा के करियर में प्रियंका ने एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं. आज हम आपको उनकी एक ऐसी फिल्म के बारे में बता रहे हैं जिसके लिए उन्होंने वर्क शॉप जॉइन की थी और डायरेक्टर को गालियां भी दी थीं.यहां बात हो रही है प्रियंका चोपड़ा की शानदार फिल्मों में शुमार 'बर्फी' की. ये पिक्चर साल 2012 में रिलीज हुई थी. जिसमें उन्होंने सुपरस्टार रणबीर कपूर के साथ काम किया था. 14 साल पुरानी इस पिक्चर के डायरेक्टर थे अनुराग बसु. प्रियंका ने 2025 में सोशल मीडिया पर इस फिल्म से जुड़ी कई दिलचस्प बातों का खुलासा किया था. एक्ट्रेस ने बताया था कि उन्हें ये फिल्म साल 2009 में उस वक्त ऑफर हुई थी जब वो न्यूयॉर्क में अपनी एक फिल्म की शूटिंग कर रही थीं. इसमें उन्होंने झिलमिल नाम का किरदार निभाया था.

**हाथ से निकलने वाली थी 'बर्फी'**

प्रियंका ने इस फिल्म को अपने करियर की सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक बताया था, लेकिन ये फिल्म उनके हाथ से निकलने वाली थी उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा था, जनवरी 2009 में मैं न्यूयॉर्क में अंजाना अंजानी की शूटिंग कर रही थी तब रणबीर कपूर ने उनकी नई फिल्म बर्फी के बारे में बताया, जिसे अनुराग बसु बना रहे थे. मैं भी उनके काम की तारीफ करती हूं.

अभिनेत्री ने आगे बताया, उन्होंने मुझे जब झिलमिल का रोल ऑफर किया तो मैं बहुत खुश हुई. हम मुंबई में उनके घर पर मिले, तब मैं सजी-धजी एक इवेंट से लौटी थी, पर उन्होंने मुझे देखा और कहा कि वो झिलमिल के रूप में उन्हें सोच नहीं पा रहे हैं, पर हम फिर भी 5 दिन की वर्कशॉप के लिए तैयार हो गए.

**अनुराग बसु को दी थी गालियां**

एक्ट्रेस ने बताया था, हमने खुद को रिसर्च में डुबो दिया, पढ़ना, वीडियो देखना, ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों के साथ मीटिंग और एक्सरसाइज करते थे. एक दिन उन्होंने (अनुराग बसु) मुझे कहा कि मैं उन्हें गंदी हिंदी गालियां दूं. शर्मिंदा होकर, मैंने फिर भी कोशिश की. ये मजेदार था और इसने मुझे मेरे कम्फर्ट जोन से बाहर निकाला और फिर 'बसु-स्टाइल' प्रैक्टिस के बाद, झिलमिल का जन्म हुआ ज्यादातर झिलमिल के सीन बिना तैयारी के किए गए थे.

## धनुष से शादी की अफवाहों पर मृणाल ठाकुर बोलीं- मैं खुद इन बातों से वाकिफ नहीं




मृणाल ठाकुर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्में 'दो दीवाने शहर में' और 'डकैत' को लेकर चर्चा में हैं. हालांकि, मृणाल अक्सर प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहती हैं. आए दिन मृणाल और धनुष की शादी की अफवाहें सामने आती रहती हैं. अब हाल ही में मृणाल ठाकुर ने साउथ स्टार धनुष के साथ शादी की अफवाहों पर चुप्पी तोड़ी है. एक हालिया इंटरव्यू में मृणाल ने बताया कि सोशल मीडिया और खबरों में चल रहीं चर्चाओं से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता है, क्योंकि खबरों और अफवाहों में अंतर होता है.हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान मृणाल ठाकुर ने धनुष संग अपनी शादी की अफवाहों पर खुलकर बात की. साथ ही, एक्ट्रेस ने बताया कि इन अफवाहों का पहले उनपर असर होता था, लेकिन अब वो इन बातों पर ध्यान नहीं देती हैं. आइए जानें कि मृणाल ठाकुर ने और क्या कुछ कहा है.

**अफवाहों पर बोलीं मृणाल**

मीडिया से बातचीत के दौरान मृणाल ने कहा, ये अंदर की दुनिया है और बाहर की दुनिया का अपना एक अलग नजरिया होता है. कभी मुझे पता चलता है कि मेरी शादी होने वाली है, कभी सुनने को मिलता है कि ये होने वाला है, कभी वो होने वाला है. मैं खुद भी इन बातों से वाकिफ नहीं होती हूं. पहले मुझे इन सबसे बहुत फर्क पड़ता था, लेकिन अब मैं इन सब अफवाहों पर हंसती हूं.

**अफवाहें खबर नहीं होतीं....**

मृणाल ठाकुर ने आगे कहा कि अगर उन्हें अपनी पर्सन लाइफ या किसी भी खास बात की जानकारी देनी होगी, तो वो खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर कर देंगी. एक्ट्रेस ने कहा, अफवाहें खबर नहीं होती.

एक जर्नलिस्ट के तौर पर उनकी ये जिम्मेदारी बनती है कि किसी भी खबर को पब्लिश करने से पहले मुझसे या मेरी टीम से कंफर्म किया जाए. पहले मेरी कोई PR टीम नहीं थी, लेकिन बार-बार फैल रही अफवाहों की वजह से मुझे पीआर टीम रखनी पड़ी.

**'बेबी बंप' की अफवाहें**

मृणाल ठाकुर ने खुद को लेकर फैल रहीं गलत खबरों पर नाराजगी जताई और कहा, अगर मैं किसी फिल्म में प्रेग्नेंट महिला का किरदार निभा रही हूं और बेबी बंप के साथ बाहर दिख रही हूं, तो इसका मतलब ये नहीं कि मैं सचमुच प्रेग्नेंट हूं. ऐसी फिजूल की खबरें बना दी जाती हैं.

 ▸ पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# क्या एआई के क्षेत्र में दुनिया को पछाड़ पाएगा भारत?

**अगर भारत को एआई में अग्रणी बनना है तो केवल कुछ हजार जीपीयू काफी नहीं होंगे। अमेरिका आज भी इस क्षेत्र में आगे है। उसके पास विशाल डाटा केंद्र क्षमता है और वह उन्नत जीपीयू की आपूर्ति पर नियंत्रण रखता है। इसी कारण वह तकनीकी बढ़त बनाए हुए है। चीन को रोकने की रणनीति में भी चिप आपूर्ति अहम रही है। चीन ने भी इस दौड़ को बहुत पहले समझ लिया था। उसने चिप निर्माण में भारी निवेश किया। उसकी बड़ी तकनीकी कंपनियां अपने एआई चिप बना रही हैं। भले वे अभी सबसे उन्नत स्तर पर न हों, पर तेजी से आगे बढ़ रही हैं।**

*दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित हो रहे वैश्विक एआई सम्मेलन में दो दिन से चल रहे विचार मंथन से एक बात उभर कर आई है कि एआई के समक्ष खड़ी चुनौतियों के हल के लिए दुनिया भारत की ओर निहार रही है। देखना होगा कि सम्मेलन के अंत में दिल्ली डिक्लेरेशन से क्या निकल कर आता है। लेकिन यहां एक ओर बात की आवश्यकता महसूस हुई कि भारत को यदि इस क्षेत्र में नेतृत्व हासिल करना है तो बड़े निवेश और सरल तथा प्रभावी नीतियों की भी जरूरत है। देखा जाए तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई अब केवल नई तकनीक का आकर्षण नहीं रही, बल्कि यह अर्थव्यवस्था, उद्योग, ऊर्जा, नीति और वैश्विक शक्ति संतुलन का केंद्र बन चुकी है। दुनिया के बड़े देश इसे रणनीतिक साधन की तरह देख रहे हैं। डाटा, कंप्यूटिंग शक्ति और उन्नत चिप आज के दौर का नया तेल बन चुके हैं। ऐसे समय में भारत के सामने मूल प्रश्न यह है कि वह एआई की दौड़ में केवल उपभोक्ता बन कर रहेगा या निर्माता और नेता की भूमिका निभाएगा। भारत ने पहले भी तकनीकी मोड़ पर सही फैसले लेकर इतिहास बदला है। नब्बे के दशक में सूचना तकनीक और सॉफ्टवेयर सेवाओं पर जोर देने से लाखों रोजगार बने, भारतीय कंपनियां दुनिया भर में छा गईं और देश को नई पहचान मिली। आज एक वैसा ही मोड़ फिर सामने है, लेकिन इस बार दांव कहीं बड़ा है। एआई न केवल सेवाओं को, बल्कि कारखानों, आपूर्ति श्रृंखलाओं, दवा उद्योग, परिवहन और ऊर्जा व्यवस्था तक को बदल सकती है। यह समझना जरूरी है कि एआई एक ही तरह की चीज नहीं है। उपभोक्ता एआई, जैसे चैट टूल या मनोरंजन आधारित अनुप्रयोग, तेजी से लोकप्रिय होते हैं, पर इन पर अक्सर कुछ ही बड़ी कंपनियों का दबदबा हो जाता है। इसके विपरीत औद्योगिक एआई हर क्षेत्र के लिए अलग समाधान मांगती है। हर उद्योग का अपना डाटा, अपनी समस्या और अपना कामकाज होता है। इसलिए क्षेत्र विशेष मॉडल बनते हैं। यही भारत की ताकत बन सकती है, क्योंकि यहां उद्योगों की विविधता और पैमाना दोनों मौजूद हैं। उदाहरण के लिए दो पहिया वाहन उद्योग को लें। भारत दुनिया के सबसे बड़े दो पहिया बाजारों में है। यह क्षेत्र रोजगार, शहरीकरण और आय वृद्धि से जुड़ा है। अब इलेक्ट्रिक दो पहिया का चलन भी बढ़ रहा है। ऐसे में एआई आधारित मांग अनुमान, डिजाइन सुधार, गुणवत्ता जांच और आपूर्ति प्रबंधन से भारी लाभ हो सकता है। मशीन लर्निंग सिस्टम खराबी का पहले ही संकेत दे सकते हैं। इससे ठहराव घटता है, लागत कम होती है और उत्पादन तेज होता है। दवा उद्योग में भी अवसर विशाल हैं। भारत जेनेरिक दवाओं का बड़ा उत्पादक है, पर गुणवत्ता बनाए रखना चुनौती रहता है। एआई आधारित विजन सिस्टम उत्पादन के दौरान सूक्ष्म दोष पकड़ सकते हैं। डाटा विश्लेषण से प्रक्रिया स्थिर रखी जा सकती है। रोबोटिक ऑटोमेशन दोहराव वाले काम सुरक्षित और सटीक तरीके से कर सकता है। इससे भारत की विश्वसनीयता बढ़ेगी और ऊंचे मूल्य वाले बाजार खुलेंगे। लेकिन एआई की ताकत केवल सॉफ्टवेयर से नहीं आती, इसके लिए भारी कंप्यूटिंग शक्ति चाहिए, जो उन्नत चिप यानी जीपीयू से मिलती है। ये चिप बहुत महंगी होती हैं। एक उन्नत जीपीयू की कीमत लाखों रुपये तक जा सकती है। भारत ने हजारों जीपीयू लगाए हैं और डाटा केंद्र तेजी से बढ़ रहे हैं। पिछले वर्ष डाटा केंद्रों ने बिजली ग्रिड से भारी मात्रा में बिजली ली, जो किसी बड़े शहर की मांग के बराबर बैठती है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**ममता की रणनीति हिंदू पहचान को बंगाली अस्मिता के साथ समाहित कर अल्पसंख्यकों के विश्वास को बनाए रखना है। मुस्लिम दलों की सक्रियता तृणमूल के लिए चुनौती है, पर वह भाजपा के लिए अवसर भी है। यह त्रिकोणीय-संभावना चुनाव को जटिल बनाती है। परंतु अंततः लोकतंत्र की परिपक्वता मतदाता तय करता है। यदि बंगाल का मतदाता विकास, रोजगार और सुशासन को प्राथमिकता देता है, तो राजनीतिक दलों को अपना विमर्श बदलना होगा। यदि वह पहचान की राजनीति को स्वीकार करता है, तो वही भविष्य की दिशा बनेगी। प्रश्न केवल यह नहीं कि कौन जीतेगा; प्रश्न यह है कि जीत का एजेंडा क्या होगा?**

# बंगाल का भविष्य: धर्म की लहर या प्रगति की राह?



ललित गर्ग

**क्या धर्म के आधार पर लड़ा गया चुनाव सार्थक मूल्य स्थापित कर पाएगा? या यह राज्य को और अधिक वैचारिक खाइयों में धकेल देगा? बंगाल की धरती ने अनेक बार भारत को नई वैचारिक दिशा दी है। आज फिर अवसर है-या तो वह धर्म बनाम धर्म की बहस में उलझे, या धर्म को नैतिकता और विकास की प्रेरणा बनाकर नई राजनीति की राह खोले। चुनाव परिणाम चाहे जो हो।**

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की औपचारिक घोषणा भले अभी बाकी हो, पर राजनीतिक रणभेरी बज चुकी है। इस बार संकेत साफ हैं-चुनाव विकास बनाम विकास के दावे पर नहीं, बल्कि पहचान, अस्मिता और धर्म की ध्वजा के इर्द-गिर्द घूम सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर राज्य भर में प्रस्तावित हिंदू सम्मेलनों को भारतीय जनता पार्टी एक वैचारिक उत्सव भर नहीं, बल्कि चुनावी अवसर में बदलने की रणनीति पर आगे बढ़ती दिख रही है। दूसरी ओर ममता बनर्जी ने भी यह समझ लिया है कि यदि चुनाव की जमीन धार्मिक विमर्श पर खिसकती है तो उसे खाली नहीं छोड़ा जा सकता। कोलकाता के न्यू टाउन में 'दुर्गा आंगन' का शिलान्यास और उसे बंगाली अस्मिता से जोड़ने का प्रयास इसी रणनीतिक सजगता का हिस्सा है। बंगाल की राजनीति लंबे समय तक वर्ग-संघर्ष, वाम वैचारिकी और सामाजिक न्याय के नारों के इर्द-गिर्द घूमती रही। लगभग तीन दशक तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेतृत्व में वाम मोर्चा सत्ता में रहा। उससे पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रभुत्व था। किंतु 2011 में सत्ता परिवर्तन के साथ एक नई धुरी बनी-तृणमूल बनाम भाजपा। आज स्थिति यह है कि वाम और कांग्रेस हाशिए पर हैं और मुकाबला दो ध्रूवों के बीच सिमट चुका है। यही द्विध्रूवीयता चुनाव को अधिक तीखा और अधिक पहचान-केन्द्रित बना रही है। भाजपा का अभियान चार प्रमुख सूत्रों पर टिका है-बंगाल में हिंदू खतरे में है, बांग्लादेशी घुसपैठ, महिलाओं की असुरक्षा और भ्रष्टाचार। सीमावर्ती जिलों का उदाहरण देकर यह संदेश गढ़ा जा रहा है कि जनसांख्यिकीय संतुलन बदल रहा है। अवैध घुसपैठ का प्रश्न नया नहीं है, पर उसे इस समय राजनीतिक ऊर्जा के साथ जोड़ा जा रहा है। आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज की घटना, शिक्षक भर्ती घोटाले, हिन्दुओं पर बढ़ते अत्याचार एवं भ्रष्टाचार जैसे प्रसंगों को शासन की विफलता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। भाजपा का लक्ष्य स्पष्ट है-70 प्रतिशत हिंदू मतदाताओं में एक साझा असुरक्षा-बोध निर्मित करना, हिन्दुओं को जागृत करना और उसे मतदान व्यवहार में रूपांतरित करना। आज बंगाल में विकास की सबसे बड़ी बाधा घुसपैठियों का बढ़ना है। घुसपैठियों पर विराम लगाना चाहिए न कि इस मुद्दे पर राजनीति हो। ममता बनर्जी की चुनौती दोहरी है। एक ओर उन्हें यह संदेश देना है कि वे अल्पसंख्यकों की संरक्षक हैं, दूसरी ओर हिंदू मतदाताओं को यह विश्वास भी दिलाना है कि उनकी आस्था और अस्मिता सुरक्षित है। 2021 के चुनाव में जब भाजपा ने 'जय श्रीराम' के नारे को आक्रामक रूप से उछाला, तब ममता ने 'जय मां दुर्गा' और 'चंडी पाठ' के माध्यम से एक सांस्कृतिक प्रत्युत्तर दिया था। इस बार वे दुर्गा आंगन जैसे प्रतीकों के जरिए यह संकेत दे रही हैं कि बंगाली हिंदू पहचान भाजपा की बपौती नहीं




**बंगाल की राजनीति लंबे समय तक वर्ग-संघर्ष, वाम वैचारिकी और सामाजिक न्याय के नारों के इर्द-गिर्द घूमती रही। लगभग तीन दशक तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेतृत्व में वाम मोर्चा सत्ता में रहा। उससे पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रभुत्व था। किंतु 2011 में सत्ता परिवर्तन के साथ एक नई धुरी बनी-तृणमूल बनाम भाजपा।**

है। वे धर्म को राष्ट्रवाद की बजाय क्षेत्रीय अस्मिता के साथ जोड़ती हैं- 'बंगाल अपनी संस्कृति से हिंदू है, पर उसकी राजनीति बहुलतावादी है'-यह उनका अंतर्निहित संदेश है। इसी बीच मुर्शिदाबाद में पूर्व तृणमूल नेता हुमायूं कबीर द्वारा 'बाबरी मस्जिद' के शिलान्यास की पहल ने नई जटिलता जोड़ दी है। इससे मुस्लिम मतदाताओं के भीतर एक अलग ध्रूवीकरण की संभावना पैदा हुई है। यदि मुस्लिम वोटों का बंटवारा होता है, तो तृणमूल का गणित प्रभावित हो सकती है। 2021 में उसे लगभग 48 प्रतिशत वोट और 223 सीटें मिली थीं-जिसमें मुस्लिम मतों का एकमुश्त समर्थन निर्णायक था। भाजपा 38 प्रतिशत वोट के साथ 65 सीटें जीतकर मुख्य विपक्ष बनी। ऐसे में यदि मुस्लिम मत 5-10 प्रतिशत भी इधर-उधर खिसकते हैं, तो कई सीटों का परिणाम बदल सकता है और भाजपा पूर्ण बहुमत से सत्ता में आ सकती है। यहां प्रश्न केवल गणित का नहीं, राजनीति के चरित्र का भी है। क्या बंगाल का चुनाव धार्मिक पहचान के उभार का प्रयोगशाला बनेगा? या यह प्रयोग अंततः विकास, रोजगार और बुनियादी ढांचे के प्रश्नों पर लौटेगा? विडंबना यह है कि जिस बंगाल को कभी देश की आर्थिक राजधानी कहा जाता था-जहां से उद्योग, शिक्षा और सांस्कृतिक नवजागरण की रोशनी फैलती थी, वह आज अधूरे प्रोजेक्ट्स, धीमी औद्योगिक गति और रोजगार के पलायन से जूझ रहा है। कोलकाता की सड़कों पर अधूरी मेट्रो लाइनें और बंद कारखानों की चुप्पी विकास की उस कहानी को बयान करती हैं, जो राजनीतिक नारों के शोर में दब जाती है। 2011 में टाटा के नैनो प्रोजेक्ट का राज्य से बाहर जाना एक प्रतीकात्मक मोड़ था। भूमि अधिग्रहण के प्रश्न पर जनसमर्थन पाने वाली राजनीति ने उद्योग के प्रति संशय का वातावरण भी बनाया। पंद्रह वर्षों बाद भी बंगाल बड़े निवेश की प्रतीक्षा में है। युवा रोजगार के लिए बाहर जा रहे हैं, और कई राज्यों में उन्हें 'बांग्लादेशी' कहकर अपमानित किए जाने की खबरें आती हैं। यह स्थिति केवल आर्थिक नहीं, आत्मसम्मान का प्रश्न भी है। किंतु चुनावी विमर्श में यह पीड़ा गौण हो जाती है, और केंद्र में आ जाता है-धर्म, पहचान और भय। ममता बनर्जी केंद्र सरकार पर वित्तीय भेदभाव का आरोप लगाती हैं; भाजपा राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण का। सी.बी.आई. और ई.डी. की कार्रवाइयों को ममता राजनीतिक प्रतिशोध बताती हैं, जबकि भाजपा उन्हें कानून का पालन। इस टकराव ने प्रशासनिक संवाद को भी राजनीतिक संघर्ष में बदल दिया है। परिणाम यह है कि विकास का एजेंडा आरोप-प्रत्यारोप की भेंट चढ़ जाता है। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या धर्म-आधारित ध्रूवीकरण स्थायी राजनीतिक समाधान दे सकता है? इतिहास बताता है कि धार्मिक उभार अल्पकालिक ऊर्जा तो देता है, पर दीर्घकालिक शासन-क्षमता की कसौटी पर उसे विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के प्रश्नों से जूझना ही पड़ता है। यदि चुनाव केवल 'कौन किसका प्रतिनिधि है' तक सीमित रह गया, तो 'कौन क्या करेगा' का प्रश्न अनुत्तरित रह जाएगा। बंगाल की आत्मा बहुलतावाद में रही है-रामकृष्ण परमहंस से लेकर रवींद्रनाथ तक, यह भूमि विविध आस्थाओं और विचारों का संगम रही है। यहां दुर्गा पूजा और मुहर्रम दोनों सामाजिक उत्सव का रूप लेते रहे हैं। यदि राजनीति इस सामाजिक ताने-बाने को चुनावी अंकगणित में बदल देगी, तो समाज की संवेदनशीलता पर चोट पहुंचेगी।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वितिया 15:56 तक |
| नक्षत्रः | पूर्वभाद्रपदा 20:40 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | सिद्ध, 20:33 |
| सूर्योदयः | 06:46 |
| सूर्यास्तः | 18:09 |
| चंद्रमाः | कुम्भ राशि में |
| राहुकालः | 12:34-13:58 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:05-12:50 |

## जन एक्सप्रेस

**बदला बदला रुप है !**

*बदल गए अचानक ।*
*ज्ञान रहे हैं बांट ।।*
*बदला बदला रुप है ।*
*बंद हो गई ठाट ?*
*लगते कभी कूदने ।*
*और कभी ख़ामोश ।।*
*है किसकी रणनीति ?*
*कहें किसका दोष ।।*
*ये कैसा व्यवहार ।*
*करने को उद्धार ।।*
*लगता चल कर इसी राह ।*
*है आनी बहार ?*
*किया कभी अपमान ।*
*कभी करते प्यार ।।*
*कर सकते प्रवेश ।*
*शायद नए द्वार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# रोज योग करने से डायबिटीज कंट्रोल हो सकती है



**आज** की तेजी से बदलती लाइफस्टाइल और अनहेल्दी खाने की आदतों के कारण डायबिटीज जैसी लाइलाज बीमारी बढ़ रही है। लगभग हर घर में कोई न कोई शुगर की समस्या से जूझ रहा है। डायबिटीज के मरीजों को परहेज करना पड़ता है और बार-बार ब्लड शुगर लेवल की जांच भी करनी पड़ती है। ऐसे में एक सवाल बार-बार लोगों के मन में उठता है कि क्या दवाओं के अलावा कोई नेचुरल तरीका है जिससे ब्लड शुगर को कंट्रोल किया जा सके? सोशल मीडिया से लेकर हेल्थ एक्सपर्ट्स तक, हर जगह यह दावा सुनने को मिलता है कि नियमित योग करने से डायबिटीज कंट्रोल हो सकती है। कुछ लोग कहते हैं कि सिर्फ 30 मिनट प्राणायाम और आसनों से शुगर लेवल संतुलित रह सकता है, तो कुछ इसे बढ़ा-चढ़ाकर पूरी तरह इलाज तक बता देते हैं लेकिन क्या वाकई योग इतना असरदार है? क्या यह दवाओं का विकल्प बन सकता है या सिर्फ एक सपोर्ट सिस्टम है?

**क्या रोज योग करने से डायबिटीज कंट्रोल हो सकती है?:** डायबिटोलॉजिस्ट डॉक्टर जी कृष्ण मोहन रेड्डी बताते हैं कि टाइप 2 डायबिटीज के अधिकतर मामलों में मोटापा, फिजिकल एक्टिविटी की कमी और तनाव अहम भूमिका निभाते हैं। डॉ. जी कृष्ण मोहन रेड्डी के अनुसार, ''रोजाना नियमित योग करने से ब्लड शुगर लेवल को बेहतर तरीके से मैनेज करने में मदद मिल सकती है, लेकिन यह दवाओं का विकल्प नहीं है।'' योग शरीर और मन दोनों पर काम करता है। यह तनाव को कम करता है, मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाता है और वजन कंट्रोल रखने में मदद करता है।

**क्या कहती है स्टडी:** एक स्टडी के अनुसार, योग के आसन, प्राणायाम और ध्यान शरीर में इंसुलिन संवेदनशीलता बढ़ाते हैं, तनाव कम करते हैं और ग्लूकोज के लेवल को कंट्रोल करने में मदद करते हैं। यह न केवल ब्लड शुगर को कंट्रोल करता है, बल्कि वेट मैनेजमेंट और हार्ट हेल्थ में भी सुधार करता है।

**डॉक्टर की सलाह:** डॉक्टर जी कृष्ण मोहन रेड्डी साफ कहते हैं कि डायबिटीज मैनेज करने के लिए बैलेंस डाइट, नियमित फिजिकल एक्टिविटी और डॉक्टर की सलाह अनुसार दवाएं जरूरी हैं। इसलिए अगर आप रोज योग कर रहे हैं लेकिन डाइट में मीठा, तला-भुना और प्रोसेस्ड फूड ले रहे हैं, तो पूरा फायदा नहीं मिलेगा। डायबिटीज कंट्रोल के लिए फाइबर युक्त डाइट, पर्याप्त नींद और नियमित ब्लड शुगर मॉनिटरिंग भी जरूरी है।

**निष्कर्ष:** रोजाना योग करना डायबिटीज कंट्रोल करने में सहायक हो सकता है, लेकिन यह अकेला इलाज नहीं है।

## एक्सप्रेस विशेष

# यूरिया संकट का सीधा सम्बन्ध खाद्य सुरक्षा से



डॉ. इन्द्र दमन तिवारी

**ऐसे में यदि यूरिया की कमी या महंगाई के कारण पैदावार में गिरावट आती है, तो देश को अनाज आयात पर निर्भर होना पड़ सकता है, खाद्य सुरक्षा किसी भी देश की संप्रभुता और सामाजिक स्थिरता का आधार होती है।**

**यह संकट केवल किसानों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध देश की खाद्य सुरक्षा से भी है, पिछले तीन वर्षों में गेहूं के निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद सरकारी खरीद अपने लक्ष्य से काफी पीछे रही है। यह स्थिति तब है, जब सरकार पैदावार के बड़े-बड़े दावे करती रही है, इस विरोधाभास से संकेत मिलता है कि देश में गेहूं का वास्तविक उत्पादन और घरेलू खपत लगभग बराबर स्तर पर पहुंच चुकी है।**

**देश** की कृषि व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले यूरिया उर्वरक को लेकर केंद्र सरकार के हालिया निर्णय ने एक नई बहस को जन्म दे दिया है, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के आदेश के अनुसार यूरिया की बोरी का वज़न 50 किलो से घटा कर 40 किलो कर दिया गया है। इसके साथ ही यूरिया में नाइट्रोजन की मात्रा भी 46 से घटा कर 36 प्रतिशत कर दी गई है। सरकार इसे सुधारात्मक कदम के रूप में पेश कर रही है, लेकिन ज़मीनी हक़ीक़त यह है कि इस निर्णय ने किसानों की लागत बढ़ा दी है और कृषि उत्पादन तथा देश की खाद्य सुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। यूरिया खेती में सबसे अधिक प्रयोग होने वाला नाइट्रोजन उर्वरक है। गेहूं, धान और मक्का जैसी उच्च उत्पादकता वाली फसलों की उपज काफ़ी हद तक नाइट्रोजन की उपलब्धता पर निर्भर करती है। यह पौधों की बढ़वार, पत्तियों के विकास और दाने भरने की प्रक्रिया के लिए अनिवार्य तत्त्व है। ऐसे में यूरिया के स्वरूप में किया गया कोई भी बदलाव सीधे तौर पर फसलों की पैदावार, किसानों की आय और अंततः उपभोक्ताओं की खाद्य सुरक्षा को प्रभावित करता है। सरकार के नए निर्णय के बाद यूरिया की एक बोरी में उपलब्ध नाइट्रोजन की मात्रा में भारी गिरावट आई है। पहले 50 किलो की बोरी में 46 फीसद नाइट्रोजन के हिसाब से लगभग 23 किलो नाइट्रोजन उपलब्ध होती थी। अब 40 किलो की बोरी में 36 फीसद नाइट्रोजन के साथ यह मात्रा घट कर केवल 14.4 किलो रह गई है। इसका सीधा अर्थ यह है कि किसान को उतनी ही नाइट्रोजन प्राप्त करने के लिए पहले की तुलना में कहीं अधिक यूरिया खरीदना पड़ेगा। अगर मौजूदा 270 रुपए प्रति बोरी की कीमत को आधार बनाया जाए तो तस्वीर और स्पष्ट हो जाती है। पहले जहां किसानों को प्रति हेक्टेयर नाइट्रोजन की जरूरत पूरी करने के लिए लगभग साढ़े सत्रह सौ रुपए खर्च करने पड़ते थे, अब वही जरूरत पूरी करने के लिए 2835 रुपए खर्च करने होंगे। यानी बिना दाम बढ़ाए ही किसानों पर करीब 37 फीसद अतिरिक्त बोझ डाल दिया गया है, यह बोझ खासकर छोटे और सीमांत किसानों के लिए बेहद मुश्किल भरा साबित हो सकता है। देश में लगभग एक करोड़ साठ लाख हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है। इसमें से करीब 65 फीसद भूमि की सिंचाई वर्षा पर आधारित है। यहां दलहन, तिलहन और बागवानी जैसी फसलें उगाई जाती हैं, इन फसलों में यूरिया की ख़पत अपेक्षाकृत कम होती है और कई मामलों में एक टन प्रति हेक्टेयर से भी कम रहती है, लेकिन शेष लगभग पचास लाख हेक्टेयर सिंचित भूमि पर गेहूं और धान जैसी उच्च उत्पादकता वाली फसलें ली जाती हैं, जिनके लिए नाइट्रोजन की भारी मात्रा की आवश्यकता होती है। मौजूदा कृषि सिफारिशों के अनुसार गेहूं और धान जैसी फसलों के लिए प्रति हेक्टेयर सालाना लगभग तीन सौ किलो नाइट्रोजन की जरूरत होती है जबकि 46 फीसद नाइट्रोजन वाले यूरिया के हिसाब से यह आवश्यकता लगभग 620 किलो यूरिया से पूरी हो जाती थी। इसी आधार पर देश के सिंचित क्षेत्रों के लिए सालाना करीब तीन करोड़ बीस लाख मीट्रिक टन यूरिया की जरूरत आंकी जाती है। इस नीति का एक और गंभीर पहलू है यूरिया की उपलब्धता और आपूर्ति संकट, पहले ही देश के कई हिस्सों में किसान बुआई के समय घंटों लंबी कतारों में लग कर यूरिया खरीदने को मजबूर हैं। कई बार समय पर पूरी मात्रा नहीं मिल पाती, इससे खाद डालने का सही समय निकल जाता है। अब जब प्रति हेक्टेयर जरूरत पूरी करने के लिए अधिक बोरियां खरीदनी पड़ेंगी तो यह संकट और गहराने की आशंका है। इसका सीधा असर फसलों के विकास और अंततः पैदावार पर पड़ेगा। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार गेहूं, धान और मक्का जैसी फसलों की पूरी पैदावार के लिए प्रति हेक्टेयर 120 से 150 किलो नाइट्रोजन की जरूरत होती है। पहले किसानों को यह मात्रा प्राप्त करने के लिए 50 किलो वाले यूरिया की लगभग सात बोरियां डालनी पड़ती थी, अब वही मात्रा पाने के लिए उसे दस से ग्यारह बोरी यूरिया की जरूरत होगी। इससे न केवल लागत बढ़ेगी, बल्कि मिट्टी के संतुलन और पर्यावरण पर भी नकारात्मक असर पड़ेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक-मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# अलखेश्वर धाम में उमड़ा जनसैलाब, संतों के संदेशों से गूंजा खमरियापुल

## स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज बोले अलखेश्वर महादेव मंदिर बनेगा पीलीभीत की विशिष्ट पहचान

**प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव बना आस्था, संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना का विराट संगम देशभर के महामंडलेश्वर और संतों ने किया संत सम्मेलन को संबोधित**





### आयोजक स्वामी प्रवक्तानंद का स्वागत और सम्मान समारोह

मंदिर के पीठाधीश्वर एवं आयोजनकर्ता स्वामी प्रवक्तानंद ने देशभर से आए संतों का शॉल, स्मृति-चिन्ह और उपहार भेंट कर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि अलखेश्वर धाम केवल पूजा का स्थल नहीं, बल्कि सामाजिक जागरण और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में यह धाम पीलीभीत की विशिष्ट पहचान बनेगा और यहां नियमित धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समाज में एकता और जागरूकता बढ़ेगी। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव सहित प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही। उनकी निगरानी में सुरक्षा और व्यवस्थाएं पूरी तरह सुदृढ़ रहीं, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

### भंडारे में उमड़ा जनसैलाब देर रात तक चला

वार्षिकोत्सव के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जो देर रात तक चलता रहा। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। स्वयंसेवकों ने सेवा भाव से व्यवस्थाएं संभालीं। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने इसे जीवन का अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव बताया। पीलीभीत के अलावा हाथरस, बाराबंकी, बरेली, शाहजहांपुर सहित कई जिलों से श्रद्धालु पहुंचे। स्थानीय नागरिकों ने अतिथियों के स्वागत में बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा वातावरण बना रहा।

### आस्था, संस्कृति और राष्ट्रभाव का संगम

समग्र रूप से यह प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना का विराट संगम सिद्ध हुआ। संतों के ओजस्वी संदेशों ने समाज को नई दिशा देने का कार्य किया। अलखेश्वर धाम में गूंजे राष्ट्र और सनातन के स्वर देर तक जनमानस में प्रतिध्वनित होते रहे। यह आयोजन पीलीभीत की धार्मिक और सांस्कृतिक यात्रा में एक ऐतिहासिक अध्याय के रूप में स्मरण किया जाएगा।

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार

पीलीभीत। खमरिया पुल स्थित परम अक्रिय धाम अलखेश्वर महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वार्षिकोत्सव पर आयोजित भव्य समारोह ने पूरे जनपद को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। दिनभर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता रहा और 'हर-हर महादेव' के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान रहा। यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि राष्ट्र चेतना, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक समरसता का विराट मंच बनकर उभरा। सुबह वैदिक मंत्रोच्चार, रुद्राभिषेक और विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग और युवा पारंपरिक वेशभूषा में दर्शन के लिए कतारबद्ध दिखाई दिए। शंखनाद और घंटियों की ध्वनि से मंदिर परिसर दिव्य वातावरण में परिवर्तित हो गया। दिनभर संत सम्मेलन, प्रवचन और भजन-कीर्तन का क्रम चलता रहा।

### देश को तोड़ने की बात करने वालों को चुल्लू भर पानी में डूब कर मर जाना चाहिए: स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज

देश के विभिन्न राज्यों से आए महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर और संत-महात्माओं की उपस्थिति ने आयोजन को राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया। मंच से धर्म, राष्ट्रहित, संस्कृति संरक्षण और सामाजिक एकता जैसे विषयों पर गहन मंथन हुआ। विशेष रूप से उपस्थित रहे उन्नाव के सांसद एवं महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज, पंचायती अखाड़ा निर्मल हरिद्वार के महामंडलेश्वर ज्ञान देव सिंह महाराज, ऋषिकेश से प्रपन्नाचार्य स्वामी आलोक हरि महाराज सहित अनेक संतों ने अपने विचार रखे। साक्षी जी महाराज का ओजस्वी उद्बोधन अपने प्रखर वक्तव्य के लिए विख्यात साक्षी जी महाराज ने कहा आध्यात्मिक चेतना ही राष्ट्र की आत्मा है। जब समाज अपनी जड़ों से जुड़ा रहता है, तभी राष्ट्र अटूट और सशक्त बनता है। उन्होंने राष्ट्र की अखंडता पर जोर देते हुए कहा कि देश को तोड़ने की सोच रखने वालों को समाज कभी स्वीकार नहीं करेगा। साथी उन्होंने कहा जो देश को तोड़ने की बात कर रहे हैं ऐसे लोगों को चुल्लू भर पानी में डूब कर मर जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने भारतीय संस्कृति, सनातन परंपराओं और नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। उनके संबोधन के दौरान पूरा पंडाल तालियों और जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने खड़े होकर उनका अभिनंदन किया। अतः स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज ने कहा अलखेश्वर महादेव मंदिर बनेगा पीलीभीत की विशिष्ट पहचान।




### कविता में राष्ट्रीय चेतना का स्वर

संत सम्मेलन के दौरान प्रस्तुत एक ओजस्वी कविता ने भी उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। कविता की पंक्तियाँ 'लज्जा आती है हमको खुद विश्व का गुरु कहाने में, जाने कितने वर्ष लगेंगे हिंदू राष्ट्र बनाने में... 'ने इतिहास, संघर्ष और सांस्कृतिक अस्मिता की चर्चा करते हुए समाज को जागरूक होने का संदेश दिया। कविता में वीरता, बलिदान और आत्मगौरव की भावना का चित्रण करते हुए एकता और जागरण का आह्वान किया गया। यह कविता केवल भावनात्मक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि आत्ममंथन का संदेश भी थीं कि समाज यदि विभाजित रहेगा तो उसकी शक्ति क्षीण होगी, और यदि संगठित रहेगा तो उसकी पहचान विश्वपटल पर सशक्त होगी।

### ज्ञान सिंह महाराज का संदेश: आध्यात्मिक केंद्र समाज की दिशा तय करते हैं

ज्ञान देव सिंह महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब संत समाज एक मंच पर एकत्र होता है, तो वह केवल धार्मिक संदेश नहीं देता, बल्कि राष्ट्र और समाज को दिशा भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा 'ऐसे आध्यात्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को संयम, सद्भाव तथा नैतिकता की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं।' उन्होंने जनहित में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आध्यात्मिक केंद्र समाज के नैतिक आधार को सुदृढ़ करते हैं। साथी उन्होंने कहा देश हित में मोदी योगी सरकार लगातार अच्छा कार्य कर रही हैं। साथ ही उन्होंने बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज को आशीर्वाद देते हुए कहा आप हमेशा यूं ही अच्छा कार्य करते रहें और मेरा आशीर्वाद है हमेशा आगे बढ़ते रहें।

# पीलीभीत में उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई का गठन

## नई टीम को सौंपी गई संगठन विस्तार और व्यापारी हितों की जिम्मेदारी

**नवनियुक्त युवा नगर कार्यकारिणी**

**नई युवा टीम में निम्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई**

- अध्यक्ष: प्रतीक सक्सेना
- महामंत्री: सौरभ देवल (सागर)
- उपाध्यक्ष: राहुल सक्सेना
- कोषाध्यक्ष: सुन्दरम वर्मा
- संयुक्त मंत्री: दीपक राठौर
- संगठन मंत्री: हैरी सेठी
- सचिव: दीपू देवल
- कार्यकारिणी सदस्य: प्रदीप सक्सेना, अशोक कुमार, विशाल सक्सेना।



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

शहर में व्यापारिक गतिविधियों को संगठित और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल (पंजीकृत) पीलीभीत के तत्वावधान में मंगलवार, 17 फरवरी 2026 को युवा नगर कार्यकारिणी का विधिवत गठन एवं घोषणा की गई। कार्यक्रम नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष (युवा) प्रतीक सक्सेना के आवास पर जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह टहलानी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक का शुभारंभ जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह टहलानी द्वारा नव- नियुक्त पदाधिकारियों के नामों की घोषणा के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय संगठन मंत्री जितेंद्र गुप्ता और मंडल मंत्री रतन नाथ मिश्रा ने बतौर अतिथि उपस्थित होकर व्यापारियों को संगठन की नीतियों, सिद्धांतों और आगामी कार्यक्रमों के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने युवाओं से संगठित रहकर व्यापारी हितों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इसी क्रम में जिला महामंत्री स्वतंत्र देवल ने व्यापार मंडल के इतिहास और उसके संघर्षपूर्ण सफर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन की मजबूती युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष (युवा) प्रतीक सक्सेना ने सभी पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि युवा कार्यकारिणी पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन की नीतियों को धरातल पर उतारने का कार्य करेगी। अपने अध्यक्षीय संबोधन में जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह टहलानी ने संगठन के विस्तार, एकजुटता और व्यापारी समस्याओं के समाधान पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि बदलते व्यापारिक परिवेश में युवा नेतृत्व की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति

बैठक में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रांतीय संगठन मंत्री जितेंद्र गुप्ता, मंडल मंत्री रतन नाथ मिश्रा, जिला महामंत्री स्वतंत्र देवल, नगर महामंत्री हरिपाल यादव, नगर उपाध्यक्ष राहुल गजवानी, जिला उपाध्यक्ष जंग बहादुर सिंह तथा नगर अध्यक्ष (नौगवां) राहुल शर्मा सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पीयूष अग्रवाल ने किया। बैठक के समापन पर युवा नगर महामंत्री सौरभ देवल ने सभी अतिथियों और उपस्थित व्यापारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अंकुर अग्रवाल, जंग बहादुर सक्सेना, श्याम बहादुर सक्सेना और नितिन कश्यप सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे। युवा कार्यकारिणी के गठन को व्यापारिक एकता और संगठन सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ






## नन्हे खिलाड़ियों की ऊर्जा, अनुशासन और उत्साह से गूंजा टनकपुर रोड परिसर

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

टनकपुर रोड स्थित ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को आयोजित 'वार्षिक खेल महोत्सव' का शुभारंभ अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। विद्यालय परिसर सुबह से ही रंग-बिरंगे परिधानों, सजावट और खेल भावना के उल्लास से सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा छाबड़ा एवं प्रबंधक देवेन्द्र सिंह छाबड़ा द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से पूरे वातावरण को गुंजायमान कर दिया।

वार्षिक खेल महोत्सव के प्रथम दिवस को प्राथमिक वर्ग (क्लष्ट से कक्षा द्वितीय) के विद्यार्थियों के लिए समर्पित किया गया। विद्यालय की दोनों शाखाओं के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास, अनुशासन और उमंग के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। खेल मैदान में बच्चों की चहक, उनकी मुस्कान और जीत की खुशी ने हर किसी का मन मोह लिया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पूरा विद्यालय परिवार एक उत्सव में शामिल हो।

इस अवसर पर सॉसर ऑन द कोन रेस, पिक एंड रन रेस, सॉसर इन द बकेट रेस, टॉर्टॉइज़ (कछुआ) रेस, हर्डल रेस और एनिमल रेस जैसी रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों की एकाग्रता, संतुलन, गति, फुर्ती और समन्वय क्षमता का सुंदर प्रदर्शन देखने को मिला। कछुआ दौड़ में बच्चों ने धैर्य और संतुलन का परिचय दिया, जबकि हर्डल रेस में उनकी फुर्ती और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। एनिमल रेस में बच्चों की रचनात्मकता और उत्साह ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

प्रतियोगिताओं के दौरान शिक्षक लगातार बच्चों का उत्साहवर्धन करते रहे। खेल मैदान में प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ सहयोग और मित्रता का भी सुंदर उदाहरण देखने को मिला। बच्चों ने यह सिद्ध किया कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त साधन हैं।

कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। अन्य प्रतिभागियों को भी सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। पुरस्कार वितरण के दौरान बच्चों के चेहरों पर झलकती खुशी और गर्व का भाव पूरे आयोजन की सफलता को दर्शा रहा था।

विद्यालय प्रबंधन ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। ऐसे आयोजन बच्चों को मानसिक और शारीरिक रूप से सुदृढ़ बनाते हैं तथा उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं।वार्षिक खेल महोत्सव का यह प्रथम दिवस आनंद, प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा।

विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को शुभकामनाएँ देते हुए आगामी प्रतियोगिताओं के लिए भी उत्साह बनाए रखने का संदेश दिया।

# गांधी स्टेडियम में खेल गौरव को समर्पित नई पहचान: डॉ.आस्था अग्रवाल

**महान खिलाड़ियों की प्रतिमाओं के साथ सजे सेल्फी प्वाइंट का लोकार्पण, युवाओं को मिलेगा प्रेरणा संदेश**



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

शहर के ऐतिहासिक गांधी स्टेडियम में अब खेल प्रेमियों और युवाओं के लिए एक नया आकर्षण जुड़ गया है। नगर पालिका परिषद द्वारा चलाए जा रहे '28 दिन, 28 लोकार्पण' अभियान के तहत स्टेडियम परिसर में देश की खेल विरासत को समर्पित विशेष सेल्फी प्वाइंट तैयार किया गया है। इस पहल के अंतर्गत भारतीय क्रिकेट के दिग्गज कपिल देव, पूर्व क्रिकेट कप्तान सौरव गांगुली तथा भाला फेंक खेल की थीम पर आधारित प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। नव-निर्मित सेल्फी प्वाइंट का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. अग्रवाल द्वारा किया गया।लोकार्पण समारोह में मौजूद खेल प्रेमियों और गणमान्य नागरिकों ने इस पहल को युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। वक्ताओं ने कहा कि जब युवा इन महान खिलाड़ियों की प्रतिमाओं के साथ फोटो खिंचवाएंगे, तो उनके भीतर भी देश के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा जागृत होगी। स्टेडियम परिसर में बनाए गए इस आकर्षक सेल्फी प्वाइंट को आधुनिक डिजाइन और सजीव कलाकृति के माध्यम से तैयार किया गया है। क्रिकेट और एथलेटिक्स की झलक प्रस्तुत करती प्रतिमाएं न केवल सौंदर्य बढ़ा रही हैं, बल्कि यह संदेश भी दे रही हैं कि खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि अनुशासन, संघर्ष और राष्ट्र गौरव का प्रतीक हैं। कार्यक्रम के दौरान क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह यादव ने कहा कि ऐसे प्रयास खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के लिए उत्साहवर्धक होते हैं। वेटलिफ्टिंग कोच महेश कुमार और हॉकी कोच प्रगति सिंह ने भी नगर पालिका की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि खेल के क्षेत्र में प्रेरक वातावरण तैयार करना समय की आवश्यकता है।

इस अवसर पर तोताराम, पंकज तिवारी, दीप अग्रवाल, रोहित कुमार, सभासद अनस अंसारी, विकास सिंह, विपिन त्यागी, सुनीता सिंह, साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, राशिद हुसैन, विपिन राजू फौजी, निर्मल सिंह टीटू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। नगर पालिका परिषद द्वारा चलाया जा रहा '28 दिन, 28 लोकार्पण' अभियान शहर में विकास कार्यों को गति देने का प्रयास माना जा रहा है। गांधी स्टेडियम में स्थापित यह सेल्फी प्वाइंट न केवल शहर की सुंदरता बढ़ाएगा, बल्कि आने वाली पीढ़ी को खेल के प्रति समर्पण और उत्कृष्टता की ओर प्रेरित भी करेगा।

# अंतर्राष्ट्रीय शांति संदेश के साथ पीलीभीत पहुंची रोटरी की पीस रैली

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



रोटरी क्लब मंडल 3110 के विभिन्न क्लबों द्वारा मंडलाधीश राजन विद्यार्थी के नेतृत्व में निकाली गई अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए 'पीस रैली' का आज पीलीभीत आगमन हुआ। प्रातः बरेली से प्रस्थान कर रैली अपराह्न लगभग डेढ़ बजे शहर पहुंची, जहां रोटरी क्लब पीलीभीत, रोटरी क्लब पीलीभीत ग्रेटर एवं मातृशक्ति क्लब के सदस्यों ने जेएमबी चौराहे पर भव्य स्वागत किया। इसके उपरांत नौगवां रोटरी चौराहे पर रोटरी क्लब पीलीभीत के अध्यक्ष डॉ. अनिल सक्सेना तथा नगर पालिका अध्यक्षा डॉ. आस्था अग्रवाल ने रैली का पारंपरिक स्वागत किया। इस अवसर पर नगर प्रवेश की प्रतीकात्मक चाबी सौंपकर शांति यात्रा का अभिनंदन किया गया और रैली की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी गई। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में शांति, सद्भाव और मानवीय एकता का संदेश अत्यंत प्रासंगिक है। रैली में मंडलाधीश राजन विद्यार्थी के साथ मोहन गुप्ता, जगदीश अरोड़ा, अनुज अग्रवाल, राजेंद्र सिंह छाबड़ा, डॉ. अनुरिता सक्सेना, कपीश अग्रवाल, एसपीएस संधू, अदिति जायसवाल, मनीषा अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, मोनिका बंसल, पूजा छाबड़ा, गरिमा बंसल, देवेंद्र सिंह छाबड़ा, श्रवण अग्रवाल, ईश बंसल, रूपाली अग्रवाल, पूनम चंद्रा, पावन कटियार, यशी सहित अनेक रोटेरियन सदस्य शामिल रहे। पीलीभीत नगर में रैली नौगवां चौराहे से एकता सरोवर, छतरी चौराहा, गांधी स्टेडियम और नकटादाना मार्ग से होते हुए ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल पहुंची, जहां शांति सभा का आयोजन किया गया।

सभा में वक्ताओं ने विश्व शांति, सामाजिक समरसता और सेवा भाव को रोटरी के मूल उद्देश्य के रूप में रेखांकित किया। यह शांति रैली बरेली से प्रारंभ होकर पीलीभीत, रुद्रपुर, हल्द्वानी, नैनीताल, काशीपुर, रामपुर, बदायूं, कासगंज, मथुरा, आगरा, अलीगढ़, फर्रुखाबाद, कन्नौज और कानपुर होते हुए 23 तारीख को बरेली में आयोजित शांति सेमिनार के साथ संपन्न होगी।

कार्यक्रम के अंत में रोटरी क्लब पीलीभीत के अध्यक्ष डॉ. अनिल सक्सेना ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रुद्रपुर की ओर रवाना किया। शहरवासियों ने इस पहल को सामाजिक एकता और वैश्विक शांति की दिशा में सार्थक प्रयास बताया।

# प्रेम प्रसंग के चलते किशोरी और युवक ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर




सेहरामऊ थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रेम प्रसंग के चलते बुधवार दोपहर एक किशोरी और युवक द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन करने की घटना सामने आई है। दोनों ने गांव के बाहर खेत में यह कदम उठाया, जिसके बाद कुछ ही देर में उनकी हालत बिगड़ने लगी।

घटना की जानकारी आसपास मौजूद लोगों ने परिजनों को दी। आनन-फानन में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने के कारण दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार दोनों की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतिक दहिया अस्पताल पहुंचे और चिकित्सकों से स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने परिजनों से भी बातचीत कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है।

थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस की सहायता से दोनों को अस्पताल भिजवाया गया। फिलहाल पुलिस यह जांच कर रही है कि दोनों ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया। जांच पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# युवक ने पिता और भाइयों पर चाकू से हमला करने का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव कबीरपुर कसगंजा में बुधवार दोपहर एक युवक के घायल अवस्था में रास्ते किनारे पड़े मिलने से सनसनी फैल गई। राहगीरों ने उसे खून से लथपथ हालत में देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। डायल 112 की पीआरबी टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। युवक ने अपने पिता और दो भाइयों पर चाकू से हमला करने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस जांच में मामला कुछ अलग दिशा में जाता दिखाई दे रहा है। थाना प्रभारी जयशंकर सिंह के अनुसार, युवक शराब और नशे का आदी है और उसकी पत्नी लंबे समय से मायके में रह रही है। पति-पत्नी के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि युवक ने संभवतः स्वयं ब्लेड से गले पर वार किया है। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पीआरबी और स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची थी।

# लिटिल एंजेल्स स्कूल में पैरेंट टैलेंट हंट शो का द्वितीय संस्करण धूमधाम से सम्पन्न

**अभिभावकों की प्रतिभा को मिला मंच, आउटडोर- इंडोर प्रतियोगिताओं में दिखा उत्साह**

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान लिटिल एंजेल्स स्कूल में पैरेंट टैलेंट हंट शो का द्वितीय संस्करण हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक डॉ. संजीव अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन.सी. पाठक, कार्यकारी निदेशक उज्ज्वल अग्रवाल, उप-प्रधानाचार्या अंजू सक्सेना एवं हेडमिस्ट्रेस नीना मेहरोत्रा द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय प्रशासन द्वारा आयोजित इस विशेष आयोजन में एक दिन अभिभावकों के नाम समर्पित किया जाता है, जिसमें उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम में अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया। इस अवसर पर सिंगिंग, कैरम, शतरंज (चैस), टेबल टेनिस, रंगोली मेकिंग, फायरलेस कुकिंग, कार्ड मेकिंग, बुके अरेंजमेंट, थाल डेकोरेशन, सुडोकू, टग ऑफ वॉर सहित कई प्रकार की फन रेस प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इंडोर और आउटडोर दोनों तरह की गतिविधियों में अभिभावकों ने न केवल अपनी रचनात्मकता और कौशल का परिचय दिया, बल्कि पूरे उत्साह के साथ आनंद भी उठाया। प्रतियोगिताओं के दौरान विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। बच्चों ने भी अपने माता-पिता का उत्साहवर्धन किया, जिससे पारिवारिक सहभागिता और विद्यालय के बीच संबंध और अधिक मजबूत हुए। कार्यक्रम के समापन पर सभी विजेताओं एवं उपविजेताओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि अभिभावकों और विद्यालय के बीच सकारात्मक संवाद और सहभागिता को बढ़ावा देना है। लिटिल एंजेल्स स्कूल द्वारा किए गए इस सराहनीय प्रयास की सभी अभिभावकों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम ने यह सिद्ध किया कि जब विद्यालय और परिवार एक साथ मिलकर आगे बढ़ते हैं, तो शिक्षा का वातावरण और भी समृद्ध एवं प्रेरणादायक बनता है।

# मेगा शिविर की तैयारियों का डीजे, डीएम, एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)**



जनपद में 22 फ़रवरी 2026 को राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई परिसर में मेगा विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष शिविर में आम जनता को त्वरित न्यायिक सहायता के साथ-साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा। मेगा शिविर की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जनपद न्यायाधीश विरजेन्द्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय तथा पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार व अपर जिला जज प्रथम सतीश द्विवेदी व आदि अधिकारियों ने संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शाम्भवी ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन तक सुलभ एवं प्रभावी न्यायिक सहायता पहुंचाना है। शिविर में राजस्व, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, बैंकिंग सहित विभिन्न विभाग अपने-अपने स्टॉल लगाकर पात्र व्यक्तियों को योजनाओं की जानकारी, ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण एवं लाभ वितरण की सुविधा प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में किया जा रहा है। पूर्व में डीएलएसए द्वारा मुख्य रूप से विधिक साक्षरता कार्यक्रम संचालित किए जाते थे, लेकिन इस बार प्रथम बार ÷डिलीवरी मोड÷ में आगे बढ़ते हुए पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं से लाभान्वित करने की पहल की जा रही है। अधिकारियों ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं। साथ ही यह भी आश्वस्त किया गया कि यदि किसी पात्र लाभार्थी को किसी कारणवश उसी दिन लाभ प्राप्त नहीं हो पाता है तो उसका निरंतर फॉलोअप कर योजनाओं से जोड़ा जाएगा। यह मेगा शिविर न्याय को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है, जिससे आम नागरिकों को त्वरित सहायता और सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ एक ही मंच पर उपलब्ध हो सकेगा।

## सप्ताह भर से बीडीओ का पद खाली होने से कामकाज प्रभावित हो रहे

जालौन (उरई)। क्षेत्र पंचायत कार्यालय में लगभग एक सप्ताह से बीडीओ का पद खाली चल रहा है। बीडीओ का पद खाली रहने के कारण सरकारी काम काज के साथ जनता के काम प्रभावित हो रहे हैं।

खंड विकास अधिकारी गणेश कुमार का बीती नौ जनवरी को कार्यालय आयुक्त ग्राम्य विकास लखनऊ से सम्बद्ध कर दिया गया था। उसके बाद उन्होंने 10 फ़रवरी तक अपनी सेवाएं दी। इसके बाद वह दो दिन के आकस्मिक अवकाश एवं बाद में चिकित्सीय अवकाश पर चले गए। ऐसे में एक सप्ताह से अधिक समय से बीडीओ का पद खाली चल रहा है और गणेश कुमार के वापस आने की फ़िलहाल कोई उम्मीद नहीं है। हालांकि ब्लाक का बीडीओ किसे बनाया जाए इसके लिए जनपद मुख्यालय पर मंथन चल रहा है लेकिन अभी तक किसी को जिम्मेदारी नहीं दी गई है। वहीं, एक सप्ताह से बीडीओ का पद खाली रहने से सरकारी काम प्रभावित हो रहा है। इसके साथ कार्यालय और आम जनता से जुड़े काम काज भी प्रभावित हो रहे हैं। जनता की समस्याओं के समाधान व योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जल्द से जल्द बीडीओ की नियुक्ति किए जाने की आवश्यकता है।

# बगैर लाइसेंस नियमों को ठेगा दिखाते पशुओं का वध करते वीडियो वायरल

**जन एक्सप्रेस । जालौन (उरई)**



नगर में बिना लाइसेंस के पशुओं का वध किया जा रहा है और नियमों की अनदेखी कर उन्हें काटा जा रहा है। तकिया चौराहे के पास एक बाड़ा में भैंस को काटे जाने का वीडियो सोशल मीडिया वायरल हुआ था। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के बाद हिंदू संगठनों ने आपत्ति जताई थी और वीडियो में दिख रहे लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की है। हिंदू संगठनों के विरोध के बाद हरकत में आई पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को पकड़ा है। जिनसे पुलिस पूंछतांछ कर रही है।

सोमवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें कुछ लोगों की मौजूदगी में एक व्यक्ति खुलेआम पशु को काट रहा था। सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो कुछ देर बाद ही हटा दिया गया था। लेकिन टैब तक यह वीडियो हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों के पास तक पहुंच गया था। वीडियो वायरल होने के बाद हिंदू संगठनों ने पुलिस में विरोध दर्ज कराया। पहले तो पुलिस वीडियो पुराना बताकर टालती रही। इसी बीच यह मामला पुलिस के उच्च अधिकारियों के पास तक पहुंच गया। जिसके बाद पुलिस को कार्यवाही करने के लिए मजबूर होना पड़ा। चौकी प्रभारी मनीष तिवारी ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कुछ व्यक्ति निर्दयतापूर्वक ढंग से पाडा (भैस वंस) को काटते हुए दिख दे रहे थे। वायरल वीडियो के बारे में स्थलीय निरीक्षण और स्थानीय लोगों से जानकारी की गई। जिसमें पता चला कि दिनांक 16 फ़रवरी की शाम को खटीकान निवासी शमसेर, मुइनुद्दीन व फ़क्ररुद्दीन, चिमनदुबे निवासी अकील व आजाद चिमनदुबे में अकील के बाडा में बिना लाइसेस के क्रूरतापूर्वक भैंस वंश को अवैध रूप से काटा था। बाड़ा के निरीक्षण में हड्डियों के कुछ अंश मिले थे, जिन्हें कब्जे में लेकर मौके पर ही पशु चिकित्सा अधिकारी के सुपुर्द किया गया। बरामद अंशों को परीक्षण के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा जाएगा। चौकी प्रभारी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने पांचों लोगों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीओ शैलेन्द्र कुमार बाजपेयी ने बताया कि वायरल वीडियो संज्ञान में आया था। मामले में पांच लोगों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें पकड़ा गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# कोर्ट के आदेश आरोपियों पर कुठौंद पुलिस ने दर्ज की एफ़आईआर

**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)**

थाना कुठौंद में न्यायालय मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट उरई के आदेशानुसार श्रीमती आरती पत्नी स्वर्गीय अमित भदौरिया पुत्री पहलवान सिंह सेंगर निवासी ग्राम पतराही थाना कुठौंद प्रार्थनी बनाम राजा सिंह व कमल पुत्रगण सरनाम सिंह, श्रीमती रजनी पत्नी राजा सिंह, श्रीमती कुसुम पत्नी कमल सिंह, सलोनी पुत्री राजा सिंह, आनंद पुत्र स्वर्गीय पदम सिंह निवासीगण ग्राम वावली थाना कुठौंद के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का आदेश न्यायालय द्वारा जारी करने के बाद कुठौंद पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। बताया जाता है कि घटना 8 दिसंबर 2025 समय करीब 8 बजे सुबह घटना ग्राम पतराही थाना के निवासी ने अपनी पुत्री की शादी आरती की शादी 15 फ़रवरी 2023 को अमित भदौरिया पुत्र पदम सिंह निवासी ग्राम वावली के साथ की थी। लेकिन शादी के बाद से ही मेरी पुत्री के ससुरालीजन चचिया ससुर कमल, ससुर राजा सिंह आदि आरती के साथ नौकरों जैसा व्यवहार कर परेशान करते थे और धमकी देते थे कि तुम मर जाओ तो तुम्हारे हिस्से की जमीन हमें मिल जाएगी। मृतका आरती ने जब उसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने प्रार्थनी व उसके पति के साथ गाली गलौज कर मारपीट की थी जिसका एनसीआर नंबर 107/2025 धारा 115 (2) 352, 351(2) बीएनएस 8 नवंबर 2025 थाना कुठौंद में पंजीकृत कराया था।

# रमजान माह में व्यवस्थायें रखी जाए दुरुस्त एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । कोंच (जालौन)**




कोंच में आगामी रमजान माह को देखते हुए तंजीम गुलामाने मुस्तफ़ा सोसाइटी (कमेटी जुलूसे मुहम्मदी) ने नगर की मूलभूत व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने की मांग उठाई है। सोसाइटी के पदाधिकारियों ने बुधवार सुबह लगभग 11 बजे उप जिलाधिकारी कोंच के माध्यम से राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि 19 फ़रवरी, गुरुवार से रमजान का पवित्र महीना शुरू हो रहा है, जिसके दौरान बड़ी संख्या में लोग इबादत, सहरी और इफ्तार में शामिल होते हैं। ऐसे में नगर में साफ़-सफ़ाई, बिजली और पानी की समुचित व्यवस्था बेहद आवश्यक है। सोसाइटी की ओर से मांग की गई कि इफ्तार और तरावीह के समय, विशेषकर रात्रि 10 बजे तक, बिजली आपूर्ति में किसी भी प्रकार की कटौती न की जाए ताकि लोगों को धार्मिक कार्यों में कोई असुविधा न हो। इसके साथ ही मस्जिदों, मदरसों और खानकाहों के आसपास नियमित सफ़ाई कराई जाए तथा आवारा जानवरों के विचरण पर रोक लगाने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएं। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि सहरी और इफ्तार के समय को ध्यान में रखते हुए सुबह 4 बजे से 6 बजे तक तथा शाम 4 बजे से 7 बजे तक नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए, जिससे लोगों को पानी की समस्या का सामना न करना पड़े। इस संबंध में उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह ने सोसाइटी के प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि रमजान को देखते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं को जल्द दुरुस्त कराया जाएगा और संबंधित विभागों को निर्देश दिए जाएंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान सईद अहमद, शेफुल्ला, शमसुद्दीन मंसूरी, मुहम्मद शरीफ, उमर काजी, फ़हीम, हामिद हुसैन, हाफ़िज अताउल्ला, अशफ़ाक गौरी, एनुअल आर सहित कई लोग मौजूद रहे। सोसाइटी ने प्रशासन से अपील की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की जाए, ताकि रमजान का महीना शांति, स्वच्छता और सुचारू व्यवस्था के साथ संपन्न हो सके।

# सूरज ज्ञान महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । कोंच (जालौन)**

सूरज ज्ञान महाविद्यालय कोंच में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय के 7 दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ कम्पोजिट विद्यालय लौना में अपना दल एस के जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी के मुख्यातिथ्य, ग्राम प्रधान लौना प्रेम प्रकाश निरंजन एवं रोहित राठौर सदस्य प्रदेश कार्यसमिति अपना दल एस तथा गजेंद्र सिंह राजावत प्रधानाचार्य सूरज ज्ञान इंटर कॉलेज के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ।

सर्वप्रथम मंचस्थ अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि कर शिविर का शुभारंभ किया। इसके उपरांत सरस्वती वंदना खुशबू एवम दिशा ने प्रस्तुत की। स्वागत गीत नैंसी एवम दिशा ने प्रस्तुत किया। लक्ष्य गीत एवम संकल्प गीत की प्रस्तुति भी स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत किया गया। शिविर में स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि अनिल कुदारी जिलाध्यक्ष अपना दल एस ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में एनएसएस की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आप सभी स्वयंसेवक राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखण्डता को सुदृढ़ करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना सामर्थ्य अनुसार योगदान करें। शिविर के स्वयंसेवको को लौना प्रधान प्रेम प्रकाश निरंजन, रोहित राठौर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अपना दल एस एवम गजेंद्र सिंह राजावत प्रधानाचार्य ने भी सम्बोधित किया।

# उप कृषि निदेशक ने आंजनेय एग्रो एफपीओ का किया भृमण

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



हरदोई।उप कृषि निदेशक सतीश कुमार पांडेय द्वारा आंजनेय एग्रो एफपीओ सवायजपुर का भ्रमण किया गया।आंजनेय एग्रो फ़ार्म में 02 मशरुम हट में बटन मशरुम और किंग बटन मशरुम की खेती की जा रही है। दैनिक रूप से लगभग 80 किलोग्राम मशरुम का उत्पादन कर लोकल बाजार में बेचा जा रहा है।स्ट्रॉबेरी की भी 01 एकड़ में खेती की जा रही है।उपरोक्त फ़ार्म पर प्राकृतिक खेती के माध्यम से फसलें उगायी जा रही हैं। गन्ना के साथ मसूर और चना की फसल सहफ़सल की जा रही है। गेहूँ, सरसों, नीलकंठ आलू, अरहर की भी खेती की जा रही है।गन्ना फसल की नवीन प्रजातियों का बीज तैयार कर सहगल फाउंडेशन के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा हैं। ट्रायल के रूप में नेपियर घास, हरमन 99 सेब, चीकू की खेती और वर्मीकंपोस्टिंग की जा रही है। एफपीओ द्वारा आगामी 01 वर्ष के अंदर रूरल टूरिज्म, फूलों और सब्जियों की खेती को बढ़ावा देते हुए खाद्य प्रसंस्करण कर ब्रांडिंग, पैकेजिंग और विपणन पर फोकस किया जाएगा।आत्मा योजनांतर्गत कृषक अजीत प्रताप सिंह ग्राम सवायजपुर के स्थापित गेहूं फसल की किस्म ष्ठक्चङ्ख 187 के फ़ार्म स्कूल का निरीक्षण किया गया, फसल द्बह्म्2द्दह्लद्धठ्ठद्द स्टेज पर है और अच्छा उत्पादन होने की उम्मीद है। उपरोक्त योजना में ही कृषक श्री विनोद कुमार सिंह ग्राम सिलवारी में सरसों फसल की किस्म गिरिराज के खंड प्रदर्शन का निरीक्षण किया गया, फसल लगभग कटाई के लिए तैयार है। कृषक धर्मेंद्र सिंह ग्राम सिलवारी के यहाँ पर मटर फसल की किस्म ढ्ढक्कस्न 12-2 का निरीक्षण किया गया, फलियाँ आ चुकी हैं फसल की स्थिति अच्छी है। कृषक धर्मेंद्र सिंह के यहाँ पर कृषि विभाग द्वारा पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत स्थापित 05 ॥क्क सोलर पम्प का भी निरीक्षण किया गया। कृषक ने बताया की उनको सोलर पम्प के माध्यम से सिंचाई के खर्च में कमी आने और समय से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होने से अच्छा उत्पादन प्राप्त हो रहा है खेती की लागत में कमी आने से शुद्ध आय में वृद्धि हुई है। निरीक्षण के दौरान उपस्थित स्टाफ को निर्देशित किया गया कि प्रदर्शनों में अन्य किसानों का भ्रमण कराया जाये तथा उनकी क्रॉप कटिंग कराते हुए परिणामों को कार्यालय में उपलब्ध कराया जाएनिरीक्षण के दौरान विनीत कुमार शुक्ला उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर,अजीत प्रताप सिंह, निदेशक आंजनेय एग्रो एफपीओ,लायक सिंह वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप बी,प्रमोद कुमार प्रभारी बीज भंडार, रामलखन,बीटीएम सहित किसान उपस्थित रहे।

## पारंपरिक कारीगरी और आधुनिकता का होगा अनूठा संगम

आगरा। ज्वेलरी रिटेल क्षेत्र की वैश्विक दिग्गज कंपनी कल्याण ज्वेलर्स ने आज आगरा के एम.जी. रोड पर अपने नए फ्लैगशिप शोरूम के लॉन्च के साथ उत्तर प्रदेश में अपने विस्तार की घोषणा की है। इस भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन शुक्रवार, 20 फरवरी को शाम 5:00 बजे किया जाएगा, जिसमें दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। यह लॉन्च उत्तर प्रदेश में कल्याण ज्वेलर्स की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आगरा का यह फ्लैगशिप शोरूम पारंपरिक शिल्प कौशल और आधुनिक रिटेल नवाचार का एक अनूठा संगम होगा, जिसे क्षेत्र के समझदार ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। कंपनी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री रमेश कल्याणरमन ने कहा, उत्तर प्रदेश में हमारा विस्तार एक मजबूत रिटेल इकोसिस्टम बनाने की प्रतिबद्धता से प्रेरित है, जिसमें पारदर्शिता पर पूरा ज़ोर दिया जाता है और ग्राहकों की जरूरतों को सबसे पहले रखा जाता है। आगरा एक महत्वपूर्ण बाजार है, जहाँ उत्कृष्ट कारीगरी की गहरी सराहना की जाती है।

# अलग अलग क्षेत्रों में मारपीट की घटनाएं, रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**

अलग अलग थाना क्षेत्रों में हुई मारपीट की घटनाओं में पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर संबंधित थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है । शाहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम खरगपुर निवासी नीरज सिंह पुत्र कन्हैया बक्श के अनुसार 17 फरवरी की सुबह करीब ग्यारह बजे वह अपने खेत पर काम कर रहा था। तभी परिवार के चाचा शीतला बक्श सिंह ने अपने पुत्र रिंशू सिंह, गुड्डू सिंह और श्रवण सिंह के साथ उसे गाली गलौज कर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम कोड़रीपुरवा निवासी संजय कुमार पुत्र चेतराम के अनुसार वह 17 फरवरी को करीब 5 बजे शाम को पुरानी रंजिश में परिवार के श्यामपाल ने अपने पुत्र ऊदन, पुत्री रीता और पत्नी लीलावती के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर घायल कर दिया शोर सुनकर पत्नी सरला उसे बचाने आई तो आरोपियों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम चुन्नी पुरवा कुइंया निवासी सविता पत्नी अमित के अनुसार 17 फरवरी को जमीन के बटवारे के विवाद में परिवार के पिंटू और अंकित ने अपने पिता कमलेश और लाला के साथ मिलकर उसे गाली गलौज किया। जेठानी पूजा सहित दोनों ने गालियां देने से मना किया तो आरोपियों ने उन दोनों को मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट में उसका सिर फट गया। पाली थाना क्षेत्र के ग्राम कहार कोला निवासी ब्रजेश चंद्र पुत्र रामरूप के अनुसार 9 फरवरी को जमीन की रंजिश में गांव निवासी योगेंद्र कुमार पुत्र कमल किशोर ने उसकी पत्नी उषा को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पत्नी का इलाज लखनऊ मेडिकल कालेज में चल रहा है। मारपीट की उपरोक्त घटनाओं में संबंधित थाना पुलिस ने पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल करवाया है। पुलिस द्वारा उक्त घटनाओं की जांच शुरू कर दी गई है।

## चार लोगों पर पत्नी के ज़ेवर छीनने का आरोप लगाते हुए एसपी से शिकायत

**जन एक्सप्रेस/शाहाबाद।** पाली थाना क्षेत्र रहने युवक ने जनपद शाहजहांपुर निवासी चार आरोपियों पर पुराने हिसाब किताब को लेकर घर में घुसकर पत्नी के ज़ेवर छीनने का आरोप लगाते हुए एसपी को प्रार्थना पत्र दिया है।

पीड़ित हरविंदर सिंह पुत्र गुरूदयाल सिंह के अनुसार शाहजहांपुर जनपद के रौजा निवासी गोविन्द शुक्ला पुत्र विनीत शुक्ला अपने पिता और दो अज्ञात साथियों के साथ 1 फरवरी की शाम करीब 7 बजे उसके घर आये। और पुराने हिसाब किताब को लेकर उसे गाली गलौज किया घर में मौजूद उसकी पत्नी के जबरदस्ती ज़ेवर उतरवा लिये। पीड़ित ने घटना की लिखित शिकायत एसपी अशोक कुमार मीणा से की है। बुधवार को शाम 4:00 बजे हरविंदर ने बताया वह काफी भयभीत है और पाली पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही।

# जिलाधिकारी ने जन सनुवाई मे सुनी 66 शिकायतें




**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

हरदोई। कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 66 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जन सुनवाई मे आज एक निराश्रित महिला पेशन तथा दो बाल सेवा योजना का लाभ दिलाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट गरिमा सिंह व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट परिसर में नव निर्मित मंदिर में भव्य प्राण प्रतिष्ठा,डीएम ने किया पूजन

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



हरदोई।कलेक्ट्रेट परिसर स्थित नव निर्मित मंदिर में आज धार्मिक वातावरण के बीच राम, सीता और लक्ष्मण जी की मूर्तियों सहित शिवलिंग की विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाधिकारी अनुनय झा उपस्थित रहे, जिन्हें पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कराकर प्राण प्रतिष्ठा की प्रक्रिया पूर्ण कराई।

अनुष्ठान के उपरांत डीएम ने एसपी अशोक कुमार मीणा,सीडीओ सान्या छावड़ा,एडीएम (न्यायिक) प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी तथा नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी सहित अन्य अधिकारियों के साथ आयोजित विशाल भंडारे में संतों, अधिकारियों-कर्मचारियों, पुलिस व होमगार्ड जवानों को पूड़ी, सब्जी और मिष्ठान का वितरण किया।इस अवसर पर जिला जज रीता कौशिक, एसीजेएम काव्या सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अरुणिमा श्रीवास्तव और गरिमा सिंह, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, शासकीय अधिवक्ता तथा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना रहा तथा उपस्थित लोगों ने मंदिर निर्माण को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण कदम बताया।

# जन मेले में सर्वजन सपरिवार सादर आमंत्रित किया है: राम प्रकाश शुक्ल

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

हरदोई।श्री रामलीला मेला व प्रदर्शिनी कमेटी के मुख्य आयोजक व संचालक राम प्रकाश शुक्ल एडवोकेट ने जनपदवासियों को अवगत कराया है कि इस वर्ष नुमाईस मेला में 25 फरवरी 2025 को रावध वध, रावण राजनीति, आतिशबाजी व चिरकुला नत्य कार्यक्रम सायं 5 बजे से रामलीला मैदान में तथा रात्रि 8 बजे भरत मिलाप, राम राज्याभिषेक व राजगद्दी कार्यक्रम का मंचन रामलीला पण्डाल में किया जायेगा और 01 मार्च 2026 को विराट कवि सम्मेलन रात्रि 9 बजे से रामलीला पण्डाल में आयोजित किया जायेगा। उन्होने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू हरी बहादुर श्रीवास्तव की स्मृति में गीत गायन प्रतियोगिता के लिए आडीशन 01 मार्च को अपरान्ह 3 बजे से होगा तथा 2 मार्च को अपरान्ह 3 बजे प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी और 7 मार्च को रात्रि 9.30 बजे से अजीमुश्शान मुशायरा का आयोजन रामलीला पण्डासल में किया जायेगा।श्री शुक्ल ने अवगत कराया है कि विराट वार्षिक दंगल का आयोजन 10,11 व 12 मार्च को अपरान्ह दो बजे से रामलीला मैदान में किया जायेगा, 14 मार्च को सायं 7 बजे से, 16 मार्च को उन्नीसवां माॅ भगवती जागरण रात्रि 8 बजे से तथा 17 मार्च 2026 को कन्या भोज व भण्डारे का आयोजन प्रातः 9 बजे से रामलीला पण्डाल में किया जायेगा। उन्होने कहा है कि इस जन मेले के सभी विशेष समारोह निःशुल्क है। और जनपदवासियों को सर्वजन सपरिवार सादर आमंत्रित किया है।

# सोनौली बॉर्डर पर हाईड्रोपोनिक गांजा जब्त, तस्कर गिरफ्तार

## थाईलैंड से मलेशिया और नेपाल से होकर दिल्ली तक ड्रग रूट बेनकाब, 17.590 किलो गांजा बरामद

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित सोनौली बॉर्डर पर 22वीं बटालियन एसएसबी और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई किया है। संयुक्त टीम ने एक संदिग्ध युवक का कब्जे से 17.590 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाला अवैध हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया। बरामद माल की अंतरराष्ट्रीय अवैध बाजार में कीमत लगभग करोड़ों रुपये बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर वैभव कुमार यादव और एसएसबी इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र मय फोर्स संयुक्त रूप से चेकिंग पर थे। इसी दौरान एक व्यक्ति नेपाल राष्ट्र से भारत की सीमा में प्रवेश करता दिखाई दिया। संदेह होने पर जब उसकी तलाशी ली गई तो बैग से 31 पैकेट में कुल 17.590 किलो अवैध हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद हुआ। मौके पर ड्रग डिटेक्शन किट से परीक्षण करने पर गांजा उच्च गुणवत्ता का पाया गया।

पूछताछ में अभियुक्त ने पकड़े गए अभियुक्त वाहिद हुसैन बताया कि यह गांजा थाईलैंड से मलेशिया होते हुए काठमांडू लाया था और वहां से दिल्ली ले जाने की फिराक में था। उसने यह भी स्वीकार किया कि इस कार्य में उसका भाई साजिद हुसैन सहयोग कर रहा था, जो उसे पकड़ता देख नेपाल सीमा की ओर फरार हो गया। अभियुक्त के कब्जे से दो पासपोर्ट और भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा भी बरामद की गई है, जिससे अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क की आशंका और गहरा गई है।मामले में पुलिस प्रशासन ने आरोपित वाहिद हुसैन एवं उसके भाई साजिद हुसैन के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20/23 के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई में जुट गई है। जप्ती और गिरफ्तारी की कार्रवाई में आबकारी निरीक्षक वैभव कुमार यादव और निरीक्षक सामान्य सुभाष चंद्रा शामिल रहे। टीम ने गिरफ्तार अभियुक्त एवं मादक पदार्थ को कब्जे में लेकर केंद्रीय नारकोटिक ब्यूरो के निवारक एवं आसूचना प्रकोष्ठ, बाराबंकी को सौंप दिया गया है। हालांकि सुरक्षा एजेंसियो ने फरार आरोपी की तलाश में जुटी हैं और पूरे अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क की कड़ियों को खंगाल रही हैं।

## तीन दिवसीय अन्तर्जनपदीय भारोत्तोलन क्लस्टर प्रतियोगिता का शुभारम्भ



**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले की पुलिस लाइंस में बुधवार को प्रयागराज जोन की तृतीय अन्तर्जनपदीय प्रतियोगिता भारोत्तोलन क्लस्टर वर्ष-2026 के अंतर्गत भारोत्तोलन, योगा एवं पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिताओं का उद्घाटन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय, प्रशिक्षु आईपीएस आफताब आलम खान, प्रतिसार निरीक्षक राजीव कुमार राय एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। उपस्थित अधिकारियों द्वारा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना, अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का संदेश दिया गया। प्रतियोगिता में प्रयागराज जोन के जनपद प्रतापगढ़, प्रयागराज, महोबा, फतेहपुर, कौशाम्बी, बांदा एवं चित्रकूट की टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य पुलिस बल के जवानों में शारीरिक दक्षता, मानसिक सुदृढ़ता एवं आपसी समन्वय को बढ़ावा देना है।

# बार्डर पर नशीली दवाओं की तस्करी नाकाम, दो गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

22वीं वाहिनी एसएसबी बरगदवा व पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने सीमा पर सतर्कता और मुस्तैदी का परिचय देते हुए नशीली दवाओं की तस्करी के प्रयास को विफल कर दिया। संयुक्त चेकिंग अभियान के दौरान एक भारतीय और एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नशीली दवा (कैप्सूल) को बरामद किया है। मंगलवार की रात 22वीं वाहिनी एसएसबी बरगदवा व पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने चेकिंग अभियान चलाया था। इसी दौरान सीमा स्तंभ संख्या 508/01 के निकट, भारत की ओर लगभग 200 मीटर अंदर एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार युवकों को रोककर जांच, तलाशी तथा पूछताछ के दौरान एक भारतीय एवं एक नेपाली नागरिक के कब्जे से कुल 500 नग नशीली टैबलेट (कैप्सूल) बरामद हुआ। कार्रवाई के दौरान तस्करी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। पूछताछ के दौरान पकड़े गए अभियुक्तों ने अपना नाम मनजेकर गौड निवासी बरगदवा व शम्स आलम निवासी नेपाल राष्ट्र के रूप में हुई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष शैलेन्द्र शुक्ला ने बताया कि नशीली दवा के साथ पकड़े गए दोनों आरोपितों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र में अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए लगातार गश्त और संयुक्त अभियान चलाए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे।

# रानीगंज पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त टीम ने इनामिया अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले की रानीगंज थाने की पुलिस व एसटीएफ लखनऊ की संयुक्त टीम ने पच्चीस हजार के इनामिया वांछित अभियुक्त को बुधवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ दुकान पर जबरन निर्माण एवं मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज होने के साथ ही उस पर पच्चीस हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। बता दें कि बीते वर्ष नवम्बर माह की उन्नीस तारीख को रानीगंज थाना इलाके के जैरामपुर निवासी राजकुमार केशरवानी ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह अपनी दुकान पर बैठा था उसी समय विपक्षीगण राजेन्द्र प्रसाद पटेल, असफाक अहमद, तब्बू उर्फ़ तबरेज, संतोष दूबे एवं अन्य अज्ञात व्यक्ति कई वाहनों से पहुंचकर उसकी दुकान की शटर तोड़ने तथा भूमि पर जबरन निर्माण का प्रयास कर रहे थे। आरोप है कि मना करने पर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद रानीगंज पुलिस द्वारा पीड़ित की तहरीर पर चार नामजद व कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की छानबीन की जा रही थी। एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ रानीगंज के पर्यवेक्षण में रानीगंज पुलिस व एसटीएफ लखनऊ की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त तबरेज उर्फ तब्बू को सुल्तानपुर जिले के प्रयागीपुर चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। इसके पहले भी पुलिस द्वारा इस मुकदमे से सम्बंधित आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त तीन मोटरसाइकिल बरामद की गई, जिन्हें धारा 207 एमवी एक्ट के अंतर्गत सीज किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त थाना इलाके के पूरे गोलिया गांव का रहने वाला है। इसके विरुद्ध रानीगंज थाने पर दस मुकमदे दर्ज हैं। इस पर पच्चीस हजार रुपये का इनाम था। पुलिस ने बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

## मुआवजा नहीं मिलने से नाराज किसानों ने रोका फोरलेन का निर्माण

**देवरिया।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत ईशारू और भागलपुर के बीच बन रहे फोरलेन के लिए मुआवजा नहीं मिलने से किसानों का आक्रोश फूट पड़ा। उन्होंने मंगलवार की सुबह फोरलेन निर्माण कार्य बंद करा दिया। देवरिया जिले के नवलपुर से बलिया जिले के सिकंदरपुर तक 44 किमी सड़क का चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। मुआवजे का शत प्रतिशत भुगतान नहीं होने से मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने कार्य रोक दिया। किसान ओम प्रकाश, गुलाब यादव, जुगूल किशोर यादव, मंजू देवी मुन्नी देवी, रामप्रवेश, तारकेश्वर लाल, मयंक, कामेश्वर, सदानंद, रामप्रसाद आदि का कहना है कि कागजात जमा करने के बाद भी आज तक मुआवजा नहीं मिला है जब तक मुआवजा नहीं मिलेगा तब तक मिट्टी का कार्य नहीं होने देंगे। कार्यदायी संस्था के अफसरों ने किसानों को समझाने का प्रयास किया लेकिन किसान मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। जबकि ठेकेदार का कहना है कि किसानों द्वारा मिट्टी भराई का कार्य रोक देने से नवलपुर से सिकंदरपुर नेशनल हाईवे का निर्माण कार्य रूका हुआ है।

# डीएम ने बोर्ड परीक्षा हेतु बनाये गये कन्ट्रोल रूम मानीटरिंग सेल का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**




जनपद में बुधवार से प्रारंभ हुई हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। बोर्ड परीक्षा के पहले ही दिन डीएम शिव सहाय अवस्थी ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम ( मॉनिटरिंग सेल ) का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कंट्रोल रूम में स्थापित 13 कंप्यूटर सेटों के माध्यम से विभिन्न परीक्षा केंद्रों की लाइव सीसीटीवी फुटेज देखी। कई केंद्रों पर कैमरे सुचारु रूप से संचालित पाए गए, लेकिन कुछ विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे ठीक से कार्य नहीं कर रहे थे। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक को तत्काल सभी कैमरों को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। साथ ही मौके पर उपस्थित जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को भी निर्देशित किया गया कि तकनीकी खामियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए, ताकि परीक्षा की निगरानी में किसी प्रकार की शिथिलता न रहे। डीएम ने स्पष्ट रूप से कहा कि जिन विद्यालयों के सीसीटीवी कैमरे समय से ठीक नहीं कराए जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर आगामी बोर्ड परीक्षाओं में संबंधित विद्यालयों को ब्लैकलिस्ट भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता से किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देशित किया कि कंट्रोल रूम में जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है, वे समय से उपस्थित होकर लगातार मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। परीक्षा केंद्रों के आसपास किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की उपस्थिति पाए जाने पर उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा कक्ष में उपस्थित परीक्षार्थियों की वास्तविक उपस्थिति का सीसीटीवी फुटेज से मिलान अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि किसी प्रकार की अनियमितता की संभावना समाप्त हो सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया कि वे स्वयं भी क्षेत्र भ्रमण कर परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करते रहें और कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं की समय-समय पर निगरानी करते रहे। उन्होंने कहा कि प्रशासन, शिक्षा विभाग और पुलिस विभाग के बीच समन्वय बनाकर परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया जाए। जिले में कुल 166 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जबकि हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट स्तर पर कुल 1,02,983 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने कृषि एवं व्यापारियों के हितों को लेकर की महत्वपूर्ण बैठक

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले में बुधवार को कैम्प कार्यालय के सभागार में कृषि एवं व्यापारियों के हितों को लेकर डीएम शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण एवं विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जिले में कृषि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए नई संभावनाओं की तलाश करना तथा किसानों और व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था, ताकि उत्पादन से लेकर विपणन तक की पूरी प्रक्रिया को सुदृढ़ किया जा सके। बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों, प्रगतिशील किसानों तथा व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। डीएम ने कहा कि आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक पद्धतियों और बाजार उन्मुख उत्पादन को अपनाकर किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। बैठक के दौरान आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों के प्रयोग, जैविक खेती, बागवानी, मशरूम, ड्रैगन फ्रूट, स्ट्रावेरी, सब्जी, पान आदि फसल और कृषि यंत्रीकरण पर विशेष जोर दिया गया। डीएम ने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को ऋण व अनुदान एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध करायी जाये जिससे किसानों को किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। निर्यात की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में उत्पादित होने वाली प्रमुख फसलों एवं बागवानी उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण, ग्रेडिंग, पैकेजिंग और कोल्ड चेन व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। इसके पश्चात् कृषि उत्पादों के संग्रहण एवं प्रसंस्करण केंद्र स्थापित करने की योजना पर विचार किया। स्थानीय स्तर पर कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण (फूड प्रोसेसिंग) को बढ़ावा देने पर भी बल दिया गया, इससे न केवल किसानों को बेहतर मूल्य मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

## एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर दिया त्वरित निस्तारण का निर्देश



**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले में बुधवार को एसपी दीपक भूकर द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल की उपस्थिति में पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान एसपी द्वारा आमजन की समस्याओं, शिकायतों एवं प्रार्थना पत्रों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया। प्रत्येक शिकायत पर उपलब्ध तथ्यों का अवलोकन करते हुए संबंधित राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। एसपी द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई में प्राप्त समस्त शिकायतों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने के उद्देश्य से प्रत्येक प्रकरण का पारदर्शी, निष्पक्ष एवं परिणामोन्मुख निस्तारण किया जाए।

# हाईवे पर धान लदा ट्रेलर पलटा, पांच घंटे ठप रहा आवागमन

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



क्षेत्र के हाईवे पर स्थित पटहेरिया में बन रहे ओवरब्रिज को लेकर रजवटीया गांव के सामने एनएचआई की ओर से बनाए गए कट पर बिहार से धान लेकर रामपुर जा रहा ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में चालक और खलासी घायल हो गए। इसके चलते हाईवे के एक लेन पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रेलर को किनारे कराकर यातायात बहाल कराया। इसके चलते करीब पांच घंटे तक हाईवे के एक लेन पर आवागमन ठप रहा। पटहेरिया के पास फ्लाइओवर का निर्माण होने के कारण हाईवे का एक लेन से ही वाहनों का आवागमन हो रहा है, दूसरा लेन बंद है। बिहार के मोतिहारी से धान लादकर ट्रेलर रामपुर के लिए निकला था। मंगलवार की सुबह रजवटीया गांव के सामने बने कट पर पहुंचा था की अनियंत्रित हो गया और ट्रेलर बीच सड़क पर ही पलट गया। इससे धान की बोरिया सड़क पर फैल गई। घटना में चालक अहमद राजा (40) और खलासी अलसैफ उर्फ छोटी (25) निवासी रामपुर चोटिल हो गए। दोनों का निजी अस्पताल पटहेरिया में इलाज कराया गया। घटना पटहेरिया कट पर होने के चलते दोनों तरफ करीब आठ किमी से अधिक लंबा वाहनों की लाइन लग गई। हाईवे पर फ्लाइओवर का निर्माण होने के कारण एक लेन से ही वाहनों का आवागमन हो रहा है, दूसरा लेन बंद किया गया है। सूचना पर मय टीम पहुंचे थानाध्यक्ष धीरेन्द्र राय मय टीम मौके पर पहुंचकर सड़क को खाली कराया गया।

# जल जीवन मिशन की हकीकत- पाइपलाइन बिछी, पर घरों तक नहीं पहुंचा पानी

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



विकास खंड पनवाड़ी की ग्राम पंचायत लोहर गांव में जल जीवन मिशन के तहत संचालित ÷हर घर जल÷ योजना और नमामि गंगे परियोजना पर सवाल खड़े हो रहे हैं। गांव में पाइपलाइन बिछाए जाने के बावजूद ग्रामीणों का आरोप है कि आज तक उनके घरों में पानी की एक बूंद भी नहीं पहुंची है। योजना का उद्देश्य प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना था, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात इसके विपरीत नजर आ रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, कई वर्ष पूर्व गांव में पाइपलाइन डाली गई और अधिकांश घरों में कनेक्शन भी कर दिए गए थे। शुरुआत में उम्मीद जगी थी कि अब पानी की समस्या दूर हो जाएगी, लेकिन जलापूर्ति नियमित रूप से शुरू नहीं हो सकी। कुछ मोहल्लों में तो अब तक एक दिन भी पानी की सप्लाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में स्थिति और गंभीर हो जाती है तथा उन्हें हैंडपंप और निजी स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि संबंधित विभाग और अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकला। इस संबंध में नमामि गंगे के जेई देवेंद्र से बात करने पर उन्होंने कर्मचारियों को मौके पर भेजकर स्थिति का निरीक्षण कराने और आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही। हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि आश्वासन लंबे समय से मिल रहे हैं, पर ठोस सुधार नहीं हुआ।

मामले ने उस समय राजनीतिक तूल भी पकड़ा था, जब विधायक द्वारा मंत्री के काफिले को रोके जाने की घटना सामने आई थी। समर्थकों का कहना था कि यह कदम गांव की वास्तविक स्थिति दिखाने के लिए उठाया गया, जबकि कुछ लोगों ने इसे जबरन कार्रवाई बताया।

फिलहाल ग्रामीणों की मांग है कि योजना का लाभ कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि हर घर तक नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। अब प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर सबकी नजर टिकी है।

## राष्ट्रीय ताइक्कांडो खिलाड़ियों को पंडित दुर्गा प्रसाद मिश्र सम्मान

**देवरिया।** रविंद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री पंडित दुर्गा प्रसाद मिश्र की स्मृति में पंडित दुर्गा मिश्रा खेल सम्मान ताइक्कांडों के दो राष्ट्रीय खिलाड़ियों को प्रदान किया गया। यह सम्मान जिला ताइक्कांडो संघ की ओर से प्रदान किया गया। यह पुरस्कार ताइक्कांडो खिलाड़ी सत्यम मिश्रा और आयुषी कुशवाहा को राष्ट्रीय स्तर की ताइक्कांडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने पर अपर जिला जज प्रथम रवि यादव ने प्रदान किया। इसमें खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार 2100 रुपये नकद और अंग वस्त्र प्रदान किया गया। इसके अलावा कदीर आलम, सुरेश पटेल, भारत, पंकज को जिला ताइक्कांडो संघ के अध्यक्ष डॉ. संजय कनोडिया, जिला कीड़ा अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव ने सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला ताइक्कांडो संघ के सचिव गिरीश सिंह, अशोक कुमार सिंह, शकील अहमद मौजूद रहे।

# पचास हजार का इनामिया व अंतर्जनपदीय गैंगस्टर मुठभेड़ में गिरफ्तार, दर्ज हैं 38 मुकमदे

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले में थाना कोतवाली देहात पुलिस व बदमाशों के बीच बुधवार को हुई मुठभेड़ में गैंगस्टर एक्ट के आरोपी व पचास हजार के ईनामिया अन्तर्जनपदीय अभियुक्त के बायें पैर में लगी गोली। आरोपी के खिलाफ प्रतापगढ़ के अलावां आसपास के जिलों में भी गम्भीर मामलों में तीन दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं।

एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ सिटी शिव नारायण वैस के पर्वेक्षण में देहात कोतवाली थाने की पुलिस ने सर्विलांस सेल व मुखबिर की सूचना पर थाना इलाके के एटीएल ग्राउण्ड के पास गैंगस्टर एक्ट के आरोपी व पचास हजार के इनामिया बदमाश अतुल गौड़ उर्फ राजा को घेराबंदी कर पकड़ना चाहा जिसपर बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दिया। पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में बदमाश अतुल के बांये पैर में गोली लगी और घायल हो गया जिसके बाद अभियुक्त को ईलाज हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने इसके कब्जे से एक तमंचा, दो जिन्दा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद किया। अन्तर्जनपदीय गैंगस्टर अतुल गौड़ पर आईजी प्रयागराज द्वारा पचास हजार का ईनाम घोषित किया गया था। ये जौनपुर और प्रतापगढ़ पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था, इसके खिलाफ ज्यादातर मुकदमे इन्हीं दो जिलों में दर्ज हैं। फिलहाल अब आरोपी पुलिस के शिकंजे में हैं। अतुल गौड उर्फ राजा पुत्र लहरी थाना कोतवाली देहात इलाके के भुपियामऊ का रहने वाला है। गैंगस्टर अभियुक्त अतुल गौड के विरुद्ध जनपद सुल्तानपुर, जौनपुर एवं प्रतापगढ़ में गैंगस्टर एक्ट, चोरी, लूट, हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी एवं आयुध अधिनियम जैसे गंभीर धाराओं में तीन दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं।

# मनोरमा की बदहाली पर भड़के सुदामा, आन्दोलन की चेतावनी

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



पतित पावनी मनोरमा नदी की बदहाल स्थिति और प्रशासनिक उदासीनता के विरुद्ध आज सैकड़ों समर्थकों के साथ वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामाजी' ने जिलाधिकारी बस्ती को अनुस्मारक पत्र सौंपा। इस दौरान समर्थकों में भारी आक्रोश देखने को मिला। लोगों ने एक स्वर में नदियों की तत्काल सफाई और स्थायी समाधान की मांग उठाई।

सुदामा ने कहा कि 5 फरवरी 2026 को दिए गए ज्ञापन के बावजूद मनोरमा, रामरेखा एवं कुवानो नदियों की सफाई को लेकर अब तक कोई ठोस कार्ययोजना नहीं बनी है और न ही किसी नोडल अधिकारी की नियुक्ति हुई है। यह जनपद की सांस्कृतिक पहचान और भावी पीढ़ियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। नदियाँ दूषित होंगी तो समाज बीमार होगा और नदियाँ स्वच्छ होंगी तो समाज स्वस्थ व सशक्त बनेगा।

उन्होंने बताया कि मनोरमा, रामरेखा एवं कुवानो नदियों में नगर निकायों का गंदा जल और औद्योगिक अपशिष्ट धड़ल्ले से गिराया जा रहा है। नदी तटों पर अतिक्रमण, कूड़ा-करकट व मृत पशुओं का निस्तारण आम बात हो गई है, जिससे ये पवित्र नदियाँ नालों का रूप लेती जा रही हैं। इससे भू-जल पुनर्भरण भी प्रभावित हो रहा है और हर-घर नल योजना की जलापूर्ति पर भी संकट गहराता जा रहा है।

उन्होंने प्रशासन से मांग की कि एक सप्ताह के भीतर नोडल अधिकारी नामित कर प्रशासन, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और मीडिया की संयुक्त बैठक बुलाई जाए। साथ ही एक माह के भीतर यांत्रिक व मानवीय संसाधनों से मनोरमा नदी की व्यापक सफाई कराई जाए, अवैध अतिक्रमण हटाया जाए, नगर निकायों के गंदे पानी के ट्रीटमेंट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा कूड़ा निस्तारण की स्थायी प्रणाली विकसित की जाए।

सुदामा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र प्रभावी कार्यवाही शुरू नहीं हुई तो 05 मार्च 2026 से मनोरमा नदी की स्वच्छता सुनिश्चित कराने हेतु बेमियादी धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि मनोरमा, रामरेखा और कुवानो केवल नदियाँ नहीं, बल्कि जनपद की सांस्कृतिक धरोहर और धार्मिक पहचान हैं। इनके तट पर स्थित मखौड़ा धाम व पंडूलघाट जैसे स्थलों के पुनरुत्थान से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिक, समाजसेवी, युवाजन और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे और सभी ने नदियों को स्वच्छ रखने के लिए जनआंदोलन छेड़ने का संकल्प लिया।

## पत्रकार अभय वर्मा के पिता का निधन, क्षेत्र में शोक

**जन एक्सप्रेस। बस्ती।** हरैया तहसील क्षेत्र के देबया बक्स पांडेय गांव निवासी वरिष्ठ पत्रकार अभय वर्मा के पिता सालिकराम वर्मा 76 वर्ष का मंगलवार की शाम पैतृक निवास पर ही देहावसान हो गया। यह स्वास संबंधित बीमारी से ग्रस्त थे। लखनऊ के निजी अस्पताल से इलाज करा कर अस्पताल द्वारा छुट्टी मिलने से स्वजन इन्हें घर ले आए थे। अचानक स्वास्थ्य बिगड़ा , और जब तक इन्हें अस्पताल पहुंचाया जाए निधन हो गया। यह खबर सुनते ही घर पर पहुंचकर शोक व्यक्त करने वालों की भीड़ लग गई। इनका अंतिम संस्कार पवित्र सरयू नदी के तट पर अयोध्या धाम में बुधवार को किया गया। मुखाग्नि वरिष्ठ पत्रकार अभय वर्मा ने दिया। जहां वरिष्ठ पत्रकार अनिल ओझा, राजेश सिंह विशेन,पवन वर्मा, सत्यदेव शुक्ला, पारसनाथ मौर्या, जनार्दन पांडेय, शक्तिशरण उपाध्याय,मोतीचंद सैनी, शैलेन्द्र सिंह, अविनाश ओझा, कैलाशनाथ पांडेय आदि के साथ पूर्व प्रमुख योगेन्द्र सिंह,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुप्ता के तमाम जनप्रतिनिधि व संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# ईश्वर को वहीं जान सकता है जिसको वह जनाना चाहते हैं: राजन जी महाराज





**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

शाहगंज नगर के रामलीला मैदान में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के सातवें दिन श्रद्धालुओं की अपार संख्या के बीच श्रीराम के राजसिंहासन त्याग से लेकर कैलाश मानसरोवर तक का प्रसंग रखा।

कथा व्यास श्री राजन जी महाराज ने श्रीराम के वनगमन का मार्मिक प्रसंग सुनाते हुए बताया कि प्रभु श्रीराम ने पिता के वचन की रक्षा और माता की इच्छा पूर्ण करने के लिए राजसिंहासन का त्याग कर वनवास स्वीकार किया। इस प्रसंग को सुनकर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गयी। कथा के दौरान वनगमन, महर्षि वाल्मीकि से मिलन, हनुमान और सुग्रीव की मित्रता तथा बालि वध का प्रसंग सुनाया गया। कथा व्यास ने कहा कि श्रीराम का जीवन त्याग, मर्यादा और कर्तव्य पालन का अद्भुत उदाहरण है, जिसे प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। कहा दुनिया का सबसे कठिन कार्य है प्रारम्भ करना। एक बार प्रारम्भ हो गया तो लक्ष्य तक अवश्य पहुंच जायेंगे। कोई भी आप से दावा करें कि भगवान से मिला देंगे तो तत्काल दूर हो जाये। भगवान को वहीं पा सकता है जिसे भगवान जानना चाहते है।

लोकभाषा में गाए गए गीतों ने वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए और पूरा पंडाल 'जय श्रीराम' के उद्घोष से गूंज उठा।

कार्यक्रम के अंत में आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे। आयोजकों सुमित अग्रहरि, अमित अग्रहरि श्रीश अग्रहरि, आनंद अग्रहरि, विशाल अग्रहरि, भुवनेश्वर मोदनवाल, सुनील अग्रहरि टप्पू, श्रीष मोदनवाल, कृष्णकांत सोनी, रामअवतार अग्रहरि, अश्वनी अग्रहरि, विवेक सोनी एवं सीम प्रकाश अग्रहरि ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

# नाविकों ने किराए की बात को लेकर आपस में किया खूनी संघर्ष, 05 घायल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

शहर क्षेत्र के गोमती नदी गोपी घाट पर नाव पर कम किराया लेने की बात पर दो-नाविक चलने वाले पक्षो ने ईट पत्थर से मारपीट कर लिया जिसमें पांच लोग जख्मी हो गए।

यह तो अच्छा हुआ नाव पर रखे रहने वाले चाकुओं को लोगों ने उठाया लेकिन एक दूसरे पर वार करने के पहले ही झगड़ा छुड़ाने वाले और मौके पर पुलिस पहुंच गई।

पहुंचे लोगों ने मामला शांत करा दिया नहीं तो दोनों पक्षों की तरफ से लोग गंभीर रूप से घायल होते।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक शहर कोतवाली क्षेत्र के नखास मोहल्ला निवासी शिवम निषाद उम्र लगभग 18 वर्ष प्रदीप निषाद उम्र लगभग 21 वर्ष पुत्रगण फूलचंद निषाद ने बुधवार दोपहर गोमती नदी गोपीघाट से अपनी नाव पर कुछ लोगों सैर कराने के लिए ?40 रपय पर आदमी का किराया तय करने के बाद बैठा कर जाने लगा।

यह देख विपक्षी आकाश उम्र लगभग 23 वर्ष विकास उम्र लगभग 21 वर्ष पुत्र गण दीपक निषाद, विकास निषाद उम्र लगभग 22 वर्ष पुत्र घनश्याम ने सैर कराने के लिए नाव में 50 रूपय प्रति व्यक्ति तय किया था।

इसी बात को लेकर दोनों में ईट पत्थर चलने लगे जिसमें दो लोगों के घायल होने के साथ तीन लोगों को मामूली चोटे आई।

इस दौरान घाट पर नाव पर सैर करने वालों के अलावा मौजूद लोगों में अपराध अधूरी का माहौल उत्पन्न हो गया। जबकि नव की चलने वाली पंखे में कुछ फस जाने पर चाकू से काटने के लिए रखे चाकुओं को दोनों पक्षों ने उठाया जरूर लेकिन एक दूसरे के ऊपर चलाने के पहले ही स्थानीय लोगों के अलावा मौके पर कोबरा के जवान पहुंच कर दोनों पक्षों को कोतवाली लेकर पहुंचे।

यहां पर दोनों पक्षों के पांचो लोगों को शांति भंग में निरुद्ध करने के बाद पुलिस ने चालान कर न्यायालय भेज दिया। सूत्रों की माने तो वर्तमान समय में गोमती नदी में लगभग 15 नाव है जिस पर सैर करने के लिए लोग।

त्योहारों के अलावा रोजाना नाव पर बैठकर सैर करने वालों की काफी संख्या। और लोगों से किराए की बात को लेकर अक्सर कर नाविक आपस में मारपीट एवं झगड़ा करते रहते हैं जिसकी लोग काफी चर्चा भी करते हैं। नाव पर सैर करने आने वाले लोगों का यह मानना है कि अगर समय रहते पुलिस ने। इस ओर ध्यान नहीं दिया तो वह दिन दूर नहीं जब कोई अप्रिय घटना घट जाए।

# भूमि विवाद में मारपीट, दंपति घायल; जांच में जुटी पुलिस



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

नगर थाना क्षेत्र के भुअर सराय में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई, जिसमें दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता अंजनी वर्मा के अनुसार, सुबह करीब साढ़े सात बजे गांव के कुछ लोग कथित रूप से लाठी-डंडा, कुल्हाड़ी और सरिया लेकर उनकी जमीन पर पहुंचे। इस दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया और मारपीट हो गई। आरोप है कि बीच-बचाव करने पहुंचे उनके पति पर धारदार हथियार से वार किया गया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई।

शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह दोनों पक्षों को अलग कराया। घायल दंपति को परिजनों की मदद से इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पीड़ित पक्ष ने घर में तोड़फोड़ और धमकी देने का भी आरोप लगाया है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जानकारी जुटाई।

पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री को भेजा 5 सूत्रीय मांग पत्र

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ की जनपद शाखा के जिलाध्यक्ष अजय सिंह के नेतृत्व में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने 5 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा।

इस मौके पर कहा कि आठवें वेतन आयोग की सिफारियों को अधिकतम 200 दिनों के भीतर तैयार कर केंद्र सरकार को प्रस्तुत करने हेतु समय सीमा निर्धारित की जाय।

आयोग गठन में विलब के कारण मकान किराया भत्ता (॥क्र), परिवहन भत्ता (ङ्म) एवं अन्य वित्तीय लाभों में कर्मचारियों को संभावित हानि की आशंका है। एनपीएस/ यूपीएस कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर ह्रक्र- का विकल्पः वर्तमान में सेवा के दौरान मृत्यु अथवा दिव्यांगत की स्थिति में एनपीएस/ यूपीएस कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना (ह्रक्र-) के लाभ दिये जाते हैं। यही प्रावधान सामान्य सेवानिवृत्ति एवं स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (ङ्क्रस्) पर भी लागू किया जाय, ताकि सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हो सके इसी क्रम में प्रेम लाल गौतम प्रदेश उपाध्यक्ष, धर्मेन्द्र सिंह उपाध्यक्ष, सभाजीत यादव जिला मंत्री ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य कर्मचारियों के वेतन ढांचे समानता एवं एकरूपता सुनिश्चित की जाय। अजय लाल मौर्य कोषाध्यक्ष ने कहा कि पुराने पेंशन बहाल की जायं सरताज सिंह संरक्षक ने कहा कि जिस तरह से सांसद एवं विधायकगण को पुरानी पेंशन मिल रही है, उसी तरह से अर्धसैनिक बलों,कर्मचारियों व शिक्षकों को भी पुरानी पेंशन दी जाय तथा निजीकरण बन्द की जाय। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अमर बहादुर यादव,जिला मंत्री तेज बहादुर, कुलदीप यादव जिला उपाध्यक्ष, चन्द्र प्रकाश सिंह मुफ्तीगंज ब्लाक अध्यक्ष, अनामिका सिंह ब्लाक अध्यक्ष सिरकोनी, नितिश कुमार संयुक्त मंत्री, ज्ञान चन्द्र संयुक्त मंत्री, प्रमोद शर्मा जिला मीडिया प्रभारी, विपिन यादव पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# एआरपी एसोसिएशन चुनाव सम्पन्न, रविशंकर अध्यक्ष, बब्बन बने मंत्री



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

एआरपी एसोसिएशन उत्तर प्रदेश का जनपदीय चुनाव बुधवार को प्रेस क्लब सभागार में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी सिद्धार्थनगर के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र बहादुर सिंह एवं चुनाव पर्यवेक्षक बस्ती मंडल के संयोजक मारुति नन्दन श्रीवास्तव की देखरेख में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

सर्वसम्मति से रविशंकर मिश्र को जिलाध्यक्ष तथा बब्बन प्रसाद पाण्डेय को मंत्री चुना गया। इसके अतिरिक्त विजय कुमार राव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राहुल उपाध्याय संयुक्त मंत्री, शिव प्रसाद चौधरी कोषाध्यक्ष, उमा शंकर पाण्डेय, ओमकार नाथ उपाध्याय, गरिमा त्रिपाठी और अभिनव मिश्र उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। राजीव शुक्ल, कल्पना तिवारी, अमित मिश्र, दिलीप उपाध्याय एवं मनोज उपाध्याय को संगठन मंत्री तथा अंकित सिंह को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई।

नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए चुनाव अधिकारियों ने संगठन की एकजुटता बनाए रखने और सदस्यों के हित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष रविशंकर मिश्र और मंत्री बब्बन पाण्डेय ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने एआरपी साथियों की समस्याओं के समाधान और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एआरपी सदस्य उपस्थित।

## जौनपुर मुंगराबादशाहपुर थाना के दरोगा पर जमीन हथियाने का आरोप

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस अधीक्षक जौनपुर से स्पष्टीकरण के साथ दो हफ्ते में व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने या कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने एसपी जौनपुर से पूछा है कि प्रश्नगत प्लाट जिसकी 3 फरवरी 18 को याची के पक्ष में बैनामा हुआ है, उस पर किसका कब्जा है। क्या मुंगराबादशाहपुर थाना के पुलिस उपनिरीक्षक वीरेंद्र यादव का निर्माण ढहाकर किसी दूसरे को कब्जा सौंपने में कोई भूमिका रही है और क्या याचिका में जिस निर्माण का फोटो दाखिल किया गया है वह याची की जमीन पर या बगल की जमीन पर है। याची ने पुलिस उपनिरीक्षक पर आरोप लगाया है कि उसने याची का निर्माण ढहाकर विपक्षियों का निर्माण करा रहा है। शिकायत के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। पुलिस के खिलाफ गंभीर आरोप को देखते हुए सत्यापन के लिए कोर्ट ने एसपी जौनपुर से सफाई हलफनामा मांगा है। याचिका की अगली सुनवाई दो हफ्ते बाद होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन तथा न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने नागेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा व अन्य की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है।

# जौनपुर में 'सहायता फाइनेंस' की नई शाखा का शुभारंभ, छोटे व्यापारियों को मिलेगा संबल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर स्थानीय व्यापारियों और आम जनता की वित्तीय ज़रूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से सहायता फाइनेंस एंड लीजिंग प्राइवेट लिमिटेड ने जनपद जौनपुर में अपनी नई शाखा का भव्य शुभारंभ किया है।

आरबीआई से पंजीकृत यह एनबीएफसी कंपनी पिछले कई वर्षों से पांच राज्यों में अपनी सेवाएं दे रही है और अब जौनपुर की जनता को भी इसका लाभ मिलेगा।

शाखा के उद्घाटन के अवसर पर कंपनी के जनरल मैनेजर मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि उनकी कंपनी का मुख्य उद्देश्य उन छोटे वेंडर्स और दुकानदारों की मदद करना है, जिन्हें अक्सर बड़े बैंकों से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई होती है।

उन्होंने कहा,हमारा फोकस उन लोगों पर है जिन्हें बैंक आसानी से एंटरटेन नहीं करते। हम उन्हें बिजनेस लोन उपलब्ध कराकर उनके व्यवसाय को बढ़ाने में मदद करेंगे।

### ज्वैलरी फाइनेंस की अनूठी पहल

मनीष गुप्ता ने जानकारी दी कि सहायता फाइनेंस भारत की उन चुनिंदा कंपनियों में से है जो ज्वैलरी फाइनेंस (उपभोक्ता ऋण) की सुविधा भी प्रदान करती है। आज के समय में सोने और गहनों की बढ़ती कीमतों को देखते हुए,

कंपनी 2 लाख तक की सीमा के साथ गहने खरीदने के लिए आसान किस्तों पर ऋण उपलब्ध करा रही है। कंपनी के विजन को साझा करते हुए उन्होंने बताया कि सहायता ग्रुप का वाराणसी (भोजूबीर) में पूर्वांचल का सबसे बड़ा और एआई (ớ) तकनीक से लैस पहला शोरूम भी है। जौनपुर शाखा के खुलने से स्थानीय लोगों को अब वाराणसी तक की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी और वे यहीं से कंपनी की तमाम सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।

### वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति

इस अवसर पर कंपनी के सीएमडी विनोद कुमार बिंद, एमडी अनूप कुमार गुप्ता, बीएसएम मनोज मौर्य और वरिष्ठ नेता अरुण कुमार शुक्ला सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने जौनपुर में शाखा के विस्तार को एक सकारात्मक कदम बताया और निरंतर प्रगति का संकल्प लिया।

# पीयू में मनाई गई वीर बहादुर सिंह की जयंती



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह जी की जयंती के अवसर पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और नमन किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि स्व. वीर बहादुर सिंह जी का व्यक्तित्व सरलता, दूरदर्शिता और जनसेवा की भावना से ओत-प्रोत था। वे ऐसे जननायक थे जिन्होंने सदैव समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान को अपनी प्राथमिकता बनाया। उनका प्रशासनिक कौशल, निर्णय क्षमता तथा विकासोन्मुख दृष्टिकोण उन्हें एक प्रभावशाली एवं लोकप्रिय नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित करता है।

कार्यक्रम में प्रो. देवराज सिंह, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. अविनाश पार्थिडकर, प्रो. प्रमोद कुमार यादव, प्रो. गिरिधर मिश्र, अजीत प्रताप सिंह, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. अनुराग मिश्र, डॉ. अंकित सिंह, डॉ. राशिकेश, डॉ. राहुल राय, डॉ. मनीष कुमार गुप्ता, डॉ. मनोज पांडेय, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. नीरज अवस्थी, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. शशिकांत यादव, सुशील प्रजापति, रमेश यादव, नंद किशोर सिंह, इंद्रेश कुमार, रजनीश सिंह, राज नारायण, श्याम त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शुगर यूनिट जवाहरपुर में वृहद किसान गोष्ठी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**



डालमिया भारत शुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड, शुगर यूनिट जवाहरपुर द्वारा वृहद किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बसंतकालीन गन्ना बुवाई के लिए किसानों को अधिक से अधिक गन्ना उत्पादन हेतु प्रेरित करना, नई उन्नतशील गन्ना प्रजातियों की जानकारी देना तथा आधुनिक खेती पद्धतियों के माध्यम से अधिक पैदावार प्राप्त करने के प्रति जागरूक करना रहा।गोष्ठी में सैकड़ों किसानो ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान गन्ना बुवाई, पेड़ी प्रबंधन, ट्रेंच प्लांटिंग आदि के लिए नवीनतम कृषि यंत्रों एवं उन्नत प्रजातियों का प्रदर्शन किया गया। शाहजहांपुर शोध केंद्र से आए डा. कपिल ने चरणबद्ध तरीके से गन्ने की उन्नत खेती और अधिक उत्पादन के उपाय सरल भाषा में समझाए, वहीं डॉ. सुजीत कुमार ने गन्ने में लगने वाले कीट एवं रोगों तथा उनके प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी।इस अवसर पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, सीतापुर ने अपने संबोधन में किसानों से अस्वीकृत गन्ना प्रजातियों की बुवाई न करने, समिति पर्ची के माध्यम से ही चीनी मिल को गन्ना आपूर्ति करने तथा बसंतकालीन बुवाई हेतु स्वयं का बीज सुरक्षित रखने पर जोर दिया। इकाई प्रमुख कुलदीप कुमार ने किसानों से गुणवत्तापूर्ण गन्ना आपूर्ति करने का आह्वान करते हुए कहा कि किसान अपना समस्त गन्ना चीनी मिल को ही दें, अपना बेसिक कोटा बढ़ाएं तथा मिल किसानों के त्वरित गन्ना मूल्य भुगतान के लिए प्रतिबद्ध है। महाप्रबंधक (गन्ना) आजाद सिंह ने बसंतकालीन गन्ना बुवाई हेतु मिल द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त महाप्रबंधक (गन्ना) द्वारा बताया गया कि ऑटोमैटिक ट्रेंच प्लांटर, पावर वीडर, पावर टिलर, पेड़ी प्रबंधन यंत्रएम.बी. प्लाउ, ट्रेंच ओपनर एवं निराई-गुड़ाई कल्टीवेटर जैसे कृषि यंत्र चीनी मिल में 30ः अनुदान पर उपलब्ध हैं।

## सिधौली कस्बे में हटाया गया अतिक्रमण

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** कस्बे के महमूदाबाद चैराहे से लगभग 150 मीटर क्षेत्र में प्रशासन ने अवैध कब्जा हटाकर जनहित में सराहनीय पहल की। एसडीएम राखी वर्मा के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में सीओ कपूर कुमार, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत रेणुका यादव, वीरेंद्र, जितेंद्र, प्रशांत कुमार, दीपक और अमन सहित नगर पंचायत कर्मियों की सक्रिय भागीदारी रही। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजेन्द्र सिंह एवं पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

# सख्त पहरे में यूपी बोर्ड की परीक्षा शुरू

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं को शुचितापूर्ण, नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 द्वारा आज विभिन्न परीक्षा केन्द्रों एवं संबंधित व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी सर्वप्रथम राजकीय इण्टर कालेज, सीतापुर पहुँचे, जहाँ उन्होंने परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं, सी0सी0टी0वी0 कैमरों की कार्यशीलता, वॉयस रिकॉर्डिंग व्यवस्था, शौचालयों की स्वच्छता तथा परीक्षार्थियों हेतु उपलब्ध कराए जा रहे शुद्ध पेयजल की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सभी व्यवस्थाएँ मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएँ।इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने राजारघुबर दयाल इण्टर कालेज, सीतापुर का निरीक्षण किया। यहाँ भी उन्होंने परीक्षा कक्षों की निगरानी व्यवस्था, सुरक्षा प्रबन्ध, परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था तथा केन्द्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम का भी अवलोकन किया, जहाँ से जनपद के समस्त परीक्षा केन्द्रों की सतत निगरानी की जा रही है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि शासन की मंशानुरूप जनपद में बोर्ड परीक्षाएँ पूर्णतः नकलविहीन एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराई जाएँगी।

## युवक नले किया बलत्कार पीडिता ने दी तहरीर

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** कस्बा के एक मुहल्ला निवासी अनुसुचित जाति के व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देते हुए नव निर्मित पानी टंकी पर रह रहे युवक पर आरोप लगाया है कि 16 वर्षीय नाबालिग लड़की बीती रात घर के बाहर पेशाब करने के लिए निकली थी तभी पहले से घात लगाए बैठे जिला संतकबीरनगर थाना खलीलाबाद क्षेत्र के बड़ी भरोहिया निवसी युवक जो कि पास में बन रही नव निर्मित पानी की टंकी पर रहकर काम करता है पुत्री को अपने कमरे में खींच ले गया काफी देर पुत्री घर न आने पर हम लोगों ने अपनी पुत्री की तलाश शुरू की ढूंढते हुए नवनिर्मित टंकी के पास पहुंचे तो कमरे के अंदर से रोने बिलखने की आवाज सुनकर दरवाजे को खुलवाया गया तो कमरे के अंदर मेरी पुत्री मिली युवक मौके से भाग गया जब मैं अपनी पुत्री को थाने लेकर आ रहा था तो मेरी पुत्री ने मुझे बताया कि युवक ने उसके साथ जबरदस्ती खींच कर (गलत काम) किया है पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मेडिकल परीक्षण भेज आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# नामजद आरोपी घटना को दे रहे अंजाम

## पसगवां पुलिस कह रही पीड़िता बढ़ा चढ़ा कर दें रही शिकायती पत्र

### युवती के साथ छेड़छाड़ होता पिता की तहरीर पर एफआईआर होती मेडिकल बयान होकर इज्जत की खिलवाड़ न हो पीड़िता शांत आरोपियों ने पुनः घटना को दिया अंजाम पसगवां पुलिस आरोपियों पर मेहरबान



जन एक्सप्रेस। सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** युवती के साथ छेड़छाड़ होता शोशल मीडिया पर विडियो वायरल करने की धमकी देकर मामले को अपने पक्ष में मोड़ने वाले आरोपी पुनः घटना को अंजाम देते पुलिस न्याय के नाम पर बढ़ा-चढ़ाकर शिकायती पत्र देने का आरोप लगाकर पीड़िता की पीड़ा बड़ा रही पुलिस गौरतलब है कि
22 वर्षीय पीड़िता जो ग्राम महमूदपुर नाजिर तहसील मोहम्मदी थाना पसगवां लखीमपुर-खीरी ने राज्य महिला आयोग में शिकायत पर देकर बताया है की घटना दिनांक 25-जनवरी -2026 को प्रातः 3 बजे की है पीड़िता शौच करने जा रही थी तभी गांव के ही पास के ही रहने वाले लल्लन उर्फ दाताराम, तथा रोहित पुत्रगण विजय वर्मा ने पीड़िता को बुरी नियत से पकड़ लिया और अश्लील हरकत किया, विरोध करने पर विपक्षियों ने हाथापाई कर मारपीट कर गालियां देकर पीड़िता को डराते धमकाते हुए कहा अगर यह बात परिजनों को बताई तो जान से मार देंगे।
अपने साथ हुई छेड़छाड़ की घटना से भयभीत पीड़िता ने सारी बातें परिजनों को बता दिया जिससे विपक्षीगण काफी आक्रोशित हुए पीड़िता के पिता ने काफी दौड़ भाग के बाद 27-जनवरी-2026 को संख्या 0019 धारा 74-115(2) 351(3) 352 में दो आरोपितों को नामजद कराते हुए एफआईआर दर्ज कराई। एफआईआर दर्ज होते ही विपक्षी रोहित लल्लन ने पीड़िता व उसके पूरे परिवार को बदनाम करने और विडियो रिकॉर्डिंग फोटो शोशल मीडिया में वायरल कर देंने की धमकी दी। रोहित वर्मा एव पीड़िता के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था इसलिए रोहित वर्मा पीड़िता के साथ शारिरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाता था मना करने पर अपने भाई संग उक्त घटना को अंजाम दिया।
लोक लज्जा का भय और पूरे गांव में बदनामी कर देने की धमकी देते हुए विपक्षी ने कहा अगर 164 के बयान मेरे विरुद्ध कुछ दर्ज कराया तो ठीक नहीं होगा। किसी अनहोनी को देखते हुए 2-फरवरी-2026 को बयान हो गये पीड़िता मामले को समाप्त करना चाहती थी इसीलिए अपने साथ हुए अन्याय के विरुद्ध आवाज नहीं उठाई उसके बाद भी विपक्षियों द्वारा पुनः पिता द्वारा दर्ज एफआईआर में उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद द्वारा आरोप पत्र संख्या -25 दिनांक 10-02-2026 को न्यायालय में प्रेषित कर विपक्षियों को जीडी नम्बर 024 एक लाख के मुचलके पर 170-126-135 बीएनएस पाबंद किया गया है घटना 5 फरवरी 2026की रात को पुनः पीड़िता को घर के बाहर कुछ दूरी पर प्रेमी रोहित वर्मा ने बुलाकर पीड़िता को बुलाकर विडियो आडियो फ़ोटो शोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देते हुए जबरदस्त तरह से पीड़िता को जकड़ लिया उसके गुप्तांगों को मसला और हवस का शिकार करने की कोशिश की किसी तरह पीड़िता पीछा छुड़ाकर घर आई लगातार न्याय की गुहार लगा रही पीड़िता को पुलिस न्याय के नाम पर परेशान कर रही पूर्व की घटना का हवाला देख आरोपी को बचा रही जिससे पुलिस की संदिग्ध भूमिका सामने आएगी।

# पत्रकारिता की आड़ में स्वयं भ्रष्टाचार में लिप्त तथाकथित पत्रकार कर रहे हैं अवैध वसूली

### खुद गांव गांव जाकर दवा को बिना मानकों के बेंच रहे हैं लाइसेंस के रूप में रहस्यमई विजिटिंग कार्ड और प्रेस कार्ड

जन एक्सप्रेस। सुनहरा

लखीमपुर खीरी। पत्रकारिता का स्तर इतना गिरता जा रहा है जो तथाकथित पत्रकार सरकारी विभागों की परिक्रमा कर दलाली पर उतर आए हैं किसी तरह हजार पांच हो रूपए ऐठ ले और अभी खबर छापते हैं लोगों को रौब में लेकर अवैध वसूली चरम पर है यह लोग नर्सिंग होम मेडिकल स्टोर्स को अपना निशाना बनाते हैं रूपए न मिलने पर किसी न किसी को पीड़ित बनाकर आनलाइन शिकायत कर अवैध वसूली के लिए दबाव बनाते हैं रूपए न मिलने पर खेल पर खेल चालू जैसा की एक मामला सामने आया है जहां एक पीड़िता ने जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया है कि उसकी भाभी शबनम के नाम सौजन्या चौक चौराहे पर प्रिंस मेडिकल स्टोर चल रहा है वह मेडिकल ठीक-ठाक चल रहा है ठीक ठाक क्यों चल रहा है यही विवाद की जड़ है यह मेडिकल स्टोर पर बैठने वाले शादाब अहमद फार्मा सिस्ट है।बस इस मेडिकल को चलने में कुछ लोग बांधा उत्पन्न कर रहे है गौरतलब है 22.जनवरी .2026 को दोपहर लगभग 1 बजे एक यूट्यूब पत्रकार मेडिकल स्टोर्स पर जाकर 5 हजार का विज्ञापन मांगा जिसमें मेडिकल संचालक ने 2000 रुपए बधाई के रूप में देने की बात कही है जिसपर उस पत्रकार द्वारा कहा गया मेरे साथ एक लेडीज पत्रकार है उसको भी देना होगा 2000 में क्या होता है रूपए देने से इंकार करने पर उस पत्रकार द्वारा विजिटिंग कार्ड दिया गया जिसमें नामचीन अखबारों के नाम लिखे थे जिससे मेडिकल मालिक को शक हुआ और कोई भी सहयोग न करने की बात कही जिस पर आक्रोशित तथाकथित पत्रकार ने उक्त लड़की के द्वारा दिशाहीन मनगढ़ंत शिकायत दर्ज कराई जबकि कजिन का उक्त लड़की को न कोई दवा ली न कोई बात चीत हुई उक्त लड़की को मोहरा बनाकर आये पत्रकार व कुछ पत्रकारिता की आड़ में मेडिकल चलाने वालों ने षड्यंत्र रचते हैं।
इस पत्रकार और उक्त लड़की गांव गांव जाकर मेडिकल स्टोर्स और झोलाछाप डॉक्टरों को दवा सप्लाई करते हैं।महोदय उक्त मेडिकल स्टोर मानकों के अनुरूप चला रहा था सिर्फ षड्यंत्र के तहत आनलाइन कंप्लेंट की गई 18 . फरवरी.2026 को खाद्य विभाग द्वारा मेडिकल स्टोर को न खोलने का आदेश दिया गया मेडिकल मालिक न्याय के लिए दर दर भटक रहा है विभागीय संलिप्तता का खामियाजा भी भुगत रहा है अगर मामले की जांच की जाए तो पत्रकारिता की आड़ में दवा का अवैध कारोबार करने वाले बेनकाब होंगे जिनके द्वारा एक साजिश रची गई इसमें अगर निष्पक्ष जांच हो जाएं तो मामला क्या और मामला बना क्या दिया गया यह राहस्य भी सामने आएगा।

# मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों के बावजूद भू-माफिया सक्रिय, पीड़ित ने डीएम व एसपी से लगाई गुहार

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी


विशाल भारद्वाज, पीड़ित

जनपद में सरकारी भूमि पर कथित अवैध कब्जे की खबर प्रकाशित करने के बाद एक पत्रकार के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने इसे साजिश बताते हुए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला गोकुलपुरी गढ़ी रोड़ पावर हाउस के पास निवासी विशाल भारद्वाज ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत नरहर की गाटा संख्या 883 (रकबा 0.287) सहित लगभग 600 एकड़ सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर खेती की जा रही है। इस संबंध में समाचार प्रकाशित किया गया था, जिसमें क्षेत्रीय लेखपाल कमलेश कुमार तथा ग्राम प्रधान का नाम भी चर्चा में आया। पीड़ित का आरोप है कि खबर प्रकाशित होने के बाद उन पर दबाव बनाया गया और समझौते के प्रयास किए गए। समझौता न होने पर 18 दिसंबर 2025 को तहसील परिसर में जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अभद्र व्यवहार किए जाने की बात कही गई है। इसके पश्चात 13 जनवरी 2026 को विभिन्न धाराओं में उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है और सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। ऐसे में जनपद में सामने आए इस प्रकरण ने प्रशासनिक कार्रवाई पर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। पीड़ित का कहना है कि यदि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप कार्रवाई की जाए तो सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराया जा सकता है। विशाल भारद्वाज ने बताया कि उन्होंने इससे पूर्व जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। अब उन्होंने डीएम और एसपी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तथा दर्ज एफआईआर की समीक्षा करने की मांग की है। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रशासनिक जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# 20-21 फरवरी को परिवहन मेला

## वाहन स्वामियों को वन टाइम टैक्स की मिलेगी जानकारी

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

एआरटीओ कार्यालय में 20 और 21 फरवरी को दो दिवसीय परिवहन मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशों के अनुपालन में हो रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य वाहन स्वामियों को नई एकमुश्त कर (वन टाइम टैक्स) व्यवस्था के बारे में जानकारी देना है। उत्तर प्रदेश शासन की अधिसूचना के तहत, दोपहिया मोटर साइकिल, तिपहिया मोटर कैब, मैक्सी कैब, माल वाहन, विशेष प्रयोजन यान और राज्य परिवहन उपक्रम के स्वामित्व वाले सार्वजनिक सेवा वाहनों के लिए मोटर यान कराधान अधिनियम 1997 में संशोधन किया गया है। इसके माध्यम से वन टाइम टैक्स प्रणाली लागू की गई है, जिसका लक्ष्य कर प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाना है।इस मेले में वाहन स्वामियों और ट्रांसपोर्ट संगठनों को कर निर्धारण की प्रक्रिया, कर गणना, भुगतान की विधि और समय-सीमा सहित सभी आवश्यक नियमों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।
साथ ही, मौके पर ही उनकी शंकाओं का समाधान किया जाएगा और आवश्यकतानुसार कर भुगतान या समायोजन की सुविधा भी उपलब्ध होगी। कराधान अधिकारी/ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी शांतिभूषण पाण्डेय ने जनपद के सभी वाहन स्वामियों और ट्रांसपोर्टरों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचकर इस योजना का लाभ उठाएं और आयोजन को सफल बनाएं।

### महफिले जश्न ईद-मिलाद उन्नबी का इन्काद

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। मौजा मल्लबेहड़ में 18 फरवरी को महफ़िल जश्न ईद-मिलाद उन्नबी मुनक्किद हुई। महफ़िल का आगाज तिलावते कलाम पाक से शुरू हुआ। जश्न ईद-मिलाद के मौके पर गाँव में बड़ा जोशो-खरोश देखने को मिला। ऐसा लगता था मानो चाद जमीं पर उतर आया हो। रंगों-नूर की महफ़िल देर रात तक चलती रही। दूर दराज से आये तमाम शायरों ने हुजूर पुरनूर की शान में अपना नातिया कलाम पेश किया। महफ़िले मीलाद में मुख्य रूप से हम्माद रजा लखनवी, हाफिज व कारी खलीलुल्लाह, आदि ने शिरकत की।

# खम्भारखेड़ा चीनी मिल द्वारा क्षेत्र में अनुपयुक्त/ अस्वीकृत गन्ना प्रजातियों के परिवर्तन हेतु बाइक रैली किया गया आयोजन


जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



खंभारखेडा जिला गन्ना अधिकारी, लखीमपुर खीरी की अध्यक्षता में बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गेट से फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली को चीनी मिल क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में जागरूकता प्रसार हेतु रवाना किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य कृषकों को अनुपयुक्त/अस्वीकृत गन्ना प्रजातियों की बुवाई न करने के साथ -साथ उन्तिशील गन्ना प्रजातियों की बुवाई के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक परिषद-खंभारखेड़ा, सचिव प्रभारी समिति लखीमपुर, चीनी मिल के उपाध्यक्ष, महाप्रबंधक गन्ना, सहायक महाप्रबंधक गन्ना सहित राजकीय गन्ना विकास स्टाफ एवं चीनी मिल स्टाफ उपस्थित रहे।
रैली का मुख्य उद्देश्य किसानों से विशेष अनुरोध करना है कि अनुपयुक्त/ अस्वीकृत प्रजातियाँ जैसे नकली 9709, लाल बादशाह, पी.बी.94, पी.बी.95, पी.बी.434, को.8005, नकली 5009 एवं अन्य अस्वीकृत प्रजातियों की बुवाई कदापि न करें। आगामी पेराई सत्र में चीनी मिल उक्त प्रजातियों की खरीद नहीं करेगी। जिला गन्ना अधिकारी के द्वारा किसानों से अपील की गयी कि किसान भाई बसन्तकालीन गन्ना बुवाई में निम्नलिखित स्वीकृत प्रजातियों की ही बुवाई भूमि उपचार एवं बीज उपचार के उपरांत करें। नवीन प्रजातियाँ-को.लख.16202, को.शा.18231 एवं को.शा.17231, उन्नतिशील प्रजातियाँ- को.15023, को.0118, को.लख.14201 एवं को.शा.13235 तथा जल प्लावित क्षेत्र हेतु प्रजातियाँ-को.शा.13231 एवं को.98014। चीनी मिल के उपाध्यक्ष/इकाई प्रमुख द्वारा किसानों से अपील की गई कि वे स्वीकृत प्रजातियों की ही वैज्ञानिक पद्धति से बुवाई कर उत्पादन एवं आय में वृद्धि सुनिश्चित करें साथ ही अधिक से अधिक गन्ना चीनी मिल में आपूर्ति कर अपना बेसिक कोटा बढ़ाये ताकि आगामी पेराई सत्र में अतिरिक्त पर्चियों का लाभ मिल सके।

## एक्सप्रेस खबरें...

### गुटखा देने से इनकार करने पर सगे भाइयों ने युवक पर किया हमला




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र में गुटखा मंगाने से इनकार करने पर दो भाइयों ने युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नानकारी निवासी श्याम जी मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 11 फरवरी को अपने मामा के घर बैरी अकबरपुर गए थे। इसी दौरान पड़ोसी दशरथ वर्मा ने उनसे गुटखा मंगाने को कहा। दुकान जाने से मना करने पर दशरथ ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर वह अपने भाई ललित वर्मा के साथ मौके पर आया और दोनों ने मिलकर मारपीट की। पीड़ित के अनुसार, दशरथ वर्मा ने ईंट से सिर पर चार बार वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। अगले दिन सुबह आरोपी दोबारा पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए पीड़ित की मौसी के बेटे को बेल्ट से पीटना शुरू कर दिया। परिजनों ने किसी तरह बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। वही पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी कल्याणपुर संतोष सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

### सारे शाम बीजेपी कार्यकर्त्ता पर चाकू से हमला

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। कानपुर में भाजयुमों के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पर चाकू से ताबड़तोड़ 7 से अधिक वार किए। इसके बाद गोली मार दी गई। मरा समझकर सभी आरोपी भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हैलेट में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर बनी है।भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सोनू राठौर नवाबगंज के शिवराज सिग्नेचर सिटी में रहते है। छपेड़ा पुलिया पर उनकी पूजन सामग्री की दुकान है। मंगलवार की रात वह रावतपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। वहां से करीब 12 बजे छपेड़ा पुलिया स्थित दुकान के पास से लौट रहे। इसी बीच बजरंग दल के पूर्व नगर संयोजक अभिषेक विश्वकर्मा, साजन उर्फ रोहित, बाबा लाइट ने अपने साथियों के साथ मिलकर उस पर मारपीट शुरू कर दी।डीसीपी ने बताया- आरोपी अभिषेक विश्वकर्मा को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया है। डॉक्टरों ने सोनू राठौर को खतरे से बाहर बताया है। घटना से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसके आधार पर अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस पूछताछ में आरोपी अभिषेक ने बताया- मैं अपने घर के बाहर रात में खड़ा था। तभी सोनू राठौर अपनी दुकान से लौटते समय मेरे सिर मारा। मैंने मना किया तो बोले कि अभी तुम्हें मारा है। तुम्हारे बाप को भी मारूंगा। इसी के बाद हम लोगों को गुस्सा आ गया।

### अवैध तमंचे से मारी खुद को गोली

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। कानपुर में साड़ी कारोबारी ने खुद को गोली मारकर सुसाइड की कोशिश की। खून से लथपथ वह घर में तड़पते रहे। गोली की आवाज सुनकर परिवार के लोग बचाने दौड़े। तुरंत हैलेट अस्पताल ले गए। कोहना थाना प्रभारी प्रतीक सिंह ने बताया कि गोली सिर से पार हो गई है। घटना को लेकर परिवार से जानकारी जुटाई जा रही है। किन कारणों से उन्होंने ये कदम उठाया। इसकी जांच की जा रही है।मंगलवार देर रात अवैध पिस्टल से गोली मारी थी। आर्यनगर के इंद्रलोक विला अपार्टमेंट के थर्ड फ्लोर पर 40 साल के सनल कपूर रहते हैं। उनकी नयागंज में साड़ी की दुकान है। परिवार में पत्नी प्रियंका व दो बेटियां हैं। मंगलवार देर रात कारोबारी की पत्नी व बेटियां कमरे में मौजूद थी, जबकि कारोबारी दूसरे कमरे में थे। इस दौरान कमरे से अचानक तेज आवाज आई। पत्नी व बेटियां दौड़ कर कमरे में पहुंची तो सनल खून से लथपथ जमीन पर पड़े हुए थे। परिजन आनन फानन में उन्हें लेकर हैलट अस्पताल पहुंचे, जहां इलाज के बाद परिजन उन्हें सर्वोदय नगर स्थित रीजेंसी अस्पताल ले गए। कारोबारी का इलाज डॉक्टर जयंत वर्मा की निगरानी में चल रहा है। डॉक्टर के मुताबिक कारोबारी के सिर से गोली आर-पार हो गई है, हालत नाजुक होने के कारण उन्हें आईसीयू में रखा गया है। वहीं मामले में डीसीपी सेंट्रल ने बताया कि कारोबारी ने अवैध पिस्टल से खुद को गोली मारी है। परिजनों ने बताया कि वह काफी समय से डिप्रेशन में चल रहे थे। पिस्टल कहां से कारोबारी के पास आई, इसका पता लगाया जा रहा है। कारोबारी के होश में आने के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी।

### पनकी के नारायणा हॉस्पिटल में महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

पनकी में बने नारायणा हॉस्पिटल में मरीज की मौत के बाद परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। मूल रूप से शिवली के मैथा गाँव निवासी अतुल शुक्ला किसान है। परिवार में पत्नी नीलम शुक्ला (37) व बेटा दिब्यांश बेटी वैष्णवी है। अतुल ने बताया की बीते 15,फ़रवरी को अपने एक रिश्तेदार के यहां कथा सुनने के लिये पत्नी के साथ रमईपुर जा रहे थे। वहाँ से देर शाम को वापस आते समय रमईपुर के पास बाइक फिसल गई। जिससे पत्नी गिर और उनके पैर का घुटना टूट गया। घटना की जानकारी उन्होंने परिजनों को दी। जानकारी मिलते ही परिजन गाड़ी लेकर आये और उन्हें 15 तारीख की रात को नारायणा हॉस्पिटल पनकी में उपचार के लिये भर्ती कराया। पति का आरोप है की ऑपरेशन का कुल खर्चा हॉस्पिटल की तरफ से बीस हजार रूपये बताया गया। जिसमे दस हजार रूपये उन्होंने जमा कर दिया था। बुधवार को डॉक्टरों ने शाम को ऑपरेशन करने की बात कही। पांच बजे हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने बताया की महिला की ऑपरेशन के दौरान मौत हो गई। जिसपर परिजन भड़क उठे और हंगामा काटने लगे। परिजनों ने 112 नंबर डायल कर घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पनकी थाने का फ़ोर्स पहुंचा और हंगामा काट रहे परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया। परिजनों का आरोप है की हॉस्पिटल की लापरवाही से महिला की मौत हुई है वही हॉस्पिटल की ओर से बताया गया की लापरवाही ऑपरेशन के दौरान महिला को कार्डिया का अटैक पड़ा जिससे उनकी मौत हो गई लापरवाही जैसी कोई बात नहीं है। नियमित डॉक्टरों की देख रेख में महिला का उपचार चल रहा था। अगर परिजन पोस्टमार्टम कराएंगे तो मृत्यु की सही वजह पता चल सकेगी। पनकी थाना प्रभारी मनोज सिंह भदौरिया ने बताया की परिजनों को समझा बुझाकर शांत करा दिया गया है। परिजनों ने लापरवाही की बात कही। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मृत्यु की वजह स्पष्ट हो सकेगी।

## कानपुर पॉलिटेक्निक में अब 'स्मार्ट' होगी पढ़ाई

# 10 स्मार्ट क्लासरूम हो रहे तैयार, तीन का काम लगभग पूरा

### 3डी एनीमेशन और वर्चुअल लैब से सुलझेंगे तकनीकी विषयों के जटिल फॉर्मूले, हर ब्रांच के छात्रों को मिलेगा लाभ

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

योगी सरकार का डिजिटल इंडिया मिशन अब प्रदेश के तकनीकी संस्थानों में जमीन पर उतरने लगा है। इसी कड़ी में राजकीय पॉलिटेक्निक, कानपुर को पूरी तरह हाईटेक बनाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए यहाँ 10 स्मार्ट क्लासरूम का तैयार किए जा रहे हैं, जिससे न केवल पढ़ाई का तरीका बदलेगा बल्कि प्रदेश के युवा सीधे वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हो सकेंगे। जरूरी डिजिटल बोर्ड, हाई-डेफिनिशन प्रोजेक्टर, इंटरेक्टिव स्क्रीन और हाई-स्पीड इंटरनेट उपकरणों की पूरी खेप कॉलेज परिसर में पहुंच चुकी है। तीन स्मार्ट क्लासरूम लगभग तैयार हो चुके हैं, जिनमें टेस्टिंग का काम सफल रहा है। बाकी सात क्लासरूम का काम भी जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

**इन पर रहेगा ज़्यादा फोकस**

- 1. मैकेनिकल और सिविल: जटिल इंजनों की कार्यप्रणाली और बड़े ब्रिजों के स्ट्रक्चरल डिजाइन को अब 3डी एनीमेशन के जरिए क्लास में ही 'लाइव' देखा जा सकेगा।
- 2. इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स: कठिन सर्किट डायग्राम और चिप लेवल की कोडिंग को शिक्षक बड़ी स्क्रीन पर वीडियो ट्यूटोरियल के माध्यम से समझा पाएंगे।
- 3. वर्चुअल सिमुलेशन: कई बार महंगी मशीनों पर प्रैक्टिकल करना जोखिम भरा होता है, जिसे अब स्मार्ट बोर्ड पर सिमुलेशन के जरिए सुरक्षित रूप से सीखा जा सकेगा।

"हम तकनीकी शिक्षा को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ला रहे हैं। हमारे पास सभी जरूरी उपकरण और एलईडी स्क्रीन आ चुकी हैं। इंस्टालेशन का काम बहुत तेजी से चल रहा है। हमारा लक्ष्य है कि कानपुर पॉलिटेक्निक से निकलने वाला हर छात्र सीधे इंडस्ट्री की आधुनिक मशीनों पर काम करने के लिए पूरी तरह सक्षम हो।
**मुकेश चंद्र आनंद, प्रधानाचार्य, राजकीय पॉलिटेक्निक कानपुर**

### हर ब्रांच के छात्रों को मिलेगा का लाभ

यह नई व्यवस्था किसी एक विभाग तक सीमित नहीं रहेगी। मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटर साइंस जैसी सभी कोर ब्रांच के छात्रों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। स्मार्ट क्लास से छात्रों में रटने की प्रवृत्ति खत्म होगी और उनका प्रैक्टिकल ज्ञान बढ़ेगा, जो सीधे तौर पर उनके प्लेसमेंट और स्किल डेवलपमेंट में मददगार साबित होगा।

# फर्जी दरोगा गिरफ्तार, गिरफ्तारी के बाद निकाला जुलुस

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर


जिस खाखी को देखकर मोहल्ले वाले और सलाम ठोंकते वह फर्जी सिर्फ 18 सौ मे खरीदी गई और एक फर्जी दरोगा तैयार हो गया। जब खुद पुकीस को पुलिस पकड़ कर ले जाने लगी तो लोग भी चौंक गए पुलिस ने फर्जी दरोगा बनकर लोगों से ठगी और वसूली करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी लाइटर वाली पिस्टल से लोगो को डराता था लेकिन निजी कार पर सरकारी नंबर प्लेट ने उसका भंडाफोड़ कर दिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जुलुस निकाला। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संजय कुमार के रूप में हुई है, जो उन्नाव जिले का रहने वाला है। उसके पास से उत्तर प्रदेश पुलिस और सीबीआई के कई फर्जी आईडी कार्ड, नकली पिस्टल और कारतूस बरामद किए गए हैं। डीसीपी सेंट्रल ने बताया कि आरोपी युवक संजय कुमार को गिरफ्तार किया गया है। यह फर्जी दरोगा बनकर लोगों को ठगता था। नौकरी लगवाने और ट्रांसफर-पोस्टिंग के नाम पर वसूली करता था। इसे जेल भेजा जा रहा है। पूछताछ में इसके दो साथियों दुर्गेश और विजय का नाम सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक आई-20 कार बरामद की है। कार पर सरकारी वाहनों के लिए आवंटित फर्जी नंबर प्लेट (क्क32श्वत्र2250) लगी थी, जबकि वाहन का वास्तविक पंजीकरण नंबर क्क35क्क्य8203 है। गाड़ी लखनऊ स्थित इनकम टैक्स के ज्वाइंट कमिश्नर के नाम पर रजिस्टर्ड बताई जा रही है। मंगलवार को अनवरगंज पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति पुलिस की वर्दी में संदिग्ध तरीके से घूम रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की तो वह फर्जी निकला। तलाशी में नकली पिस्टल और कई फर्जी आईडी कार्ड बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक, संजय कुमार होटल और स्कूलों में इंटरव्यू आयोजित कर नौकरी दिलाने का झांसा देता था। साथ ही ट्रांसफर-पोस्टिंग कराने के नाम पर भी रकम वसूलता था।
उसके गैंग में दो और लोग शामिल बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश जारी है। पूछताछ में आरोपी ने दावा किया कि वर्दी और अन्य सामान दुर्गेश नामक व्यक्ति का है, जो खुद को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का पीएसओ बताता है। पुलिस के अनुसार, जिस व्यक्ति का नाम लिया गया है, वह वर्तमान में सेवा से टर्मिनेट बताया जा रहा है। तथ्यों का सत्यापन किया जा रहा है। फिलहाल, पुलिस ने मुख्य आरोपी को जेल भेज दिया है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

# 26 से 28 फरवरी तक होगा 'बिठूर महोत्सव', 11 दिग्गज कवि जमाएंगे महफिल

### बॉलीवुड के रॉक बैंड से लेकर बुंदेलखंड के लोक नृत्य तक...सब होगा एक मंच पर

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिठूर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'दिव्य और भव्य' उत्तर प्रदेश के विजन को साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक नगरी बिठूर एक बार फिर सज-धज कर तैयार है। आगामी 26 से 28 फरवरी तक आयोजित होने वाला 'बिठूर महोत्सव' इस बार न केवल कला और संस्कृति का केंद्र बनेगा, बल्कि योगी सरकार के 'विरासत भी, विकास भी' के संकल्प को भी दोहराएगा। तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में देश के नामचीन कलाकारों के साथ-साथ लोक संस्कृति की अद्भुत झलक देखने को मिलेगी। बिठूर की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक पहचान को वैश्विक मंच पर लाने के लिए इस महोत्सव को बेहद खास बनाया गया है। आयोजन की शुरुआत 26 फरवरी को स्कूली छात्र-छात्राओं की रंगोली, कला और स्लोगन प्रतियोगिताओं से होगी। शाम को मुख्यमंत्री के डिजिटल इंडिया मिशन की झलक के साथ 'बिठूर थीम गीत' का लोकार्पण होगा। इसके बाद भोपाल कत्थक समिति शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति देकर भारतीय परंपरा को जीवंत करेगी।

### साहित्यिक संगम और पौराणिक गाथा का मंचन

27 फरवरी की शाम साहित्य और राष्ट्रवाद के नाम रहेगी। देश के 11 प्रतिष्ठित कवि काव्य मंच सजाएंगे। इसी दिन श्री राम कला केंद्र द्वारा 'दानवीर कर्ण' पर आधारित एक भव्य नाट्य प्रस्तुति दी जाएगी, जो हमारी पौराणिक जड़ों से नई पीढ़ी को जोड़ने का काम करेगी। स्थानीय युवाओं के लिए 'कानपुर गॉट टैलेंट' जैसा मंच देकर सरकार उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर भी दे रही है।

### लोक कलाओं का महाकुंभ और गंगा आरती

महोत्सव का समापन 28 फरवरी को होगा, जहाँ पूरे भारत की लोक संस्कृति एक ही मंच पर नजर आएगी। शाम को गंगा के पावन पत्थर घाट पर भव्य 'गंगा आरती' के साथ आध्यात्मिक शांति का संदेश दिया जाएगा। अंत में सुप्रसिद्ध गायक गोपाल एम. तिवारी के म्यूजिक कंसर्ट के साथ महोत्सव का समापन होगा।

# भारत एआई के क्षेत्र में असाधारण प्रगति के लिए तैयार : सुंदर पिचाई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने राजधानी दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की। पिचाई भारत में आयोजित ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में हिस्सा लेने आए हैं और 20 फरवरी को समिट में मुख्य भाषण देंगे। भारत पहुंचने पर पिचाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत लौटकर खुशी हो रही है और यहां हमेशा की तरह गर्मजोशी से स्वागत किया गया। भारत पहुंचने पर पिचाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत लौटकर खुशी हो रही है और यहां हमेशा की तरह गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

## गूगल देश के एआई परिवर्तन में साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध

पिचाई ने कहा कि भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में असाधारण प्रगति के लिए तैयार है और गूगल देश के एआई परिवर्तन में साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एआई हमारे जीवन का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म बदलाव है, जो स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर डायग्नोस्टिक्स से लेकर किसानों को रियल-टाइम अलर्ट देने जैसे बड़े स्तर की चुनौतियों को हल करने में सक्षम है। पिचाई ने भारत की विविधता, बहुभाषी पारिस्थितिकी और मजबूत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को नवाचार के लिए मजबूत आधार बताते हुए कहा कि यह वैश्विक स्तर पर एआई के लोकतांत्रिक उपयोग का एक मॉडल बन सकता है। उन्होंने जोर दिया कि एआई का विकास भरोसे, सुरक्षा और समावेशिता को प्राथमिकता देते हुए होना चाहिए, ताकि तकनीक स्थानीय भाषाओं और संदर्भों में लोगों तक वास्तविक लाभ पहुंचा सके।



### पीएम मोदी ने क्या कहा?

पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान श्री सुंदर पिचाई से मिलकर बेहद खुशी हुई। हमने एआई के क्षेत्र में भारत द्वारा किए जा रहे कार्यों और इस क्षेत्र में हमारे प्रतिभाशाली छात्रों और पेशेवरों के साथ गूगल कैसे काम कर सकता है, इस बारे में चर्चा की।

### इंडिया-अमेरिका कनेक्ट इनिशिएटिव की घोषणा

इस दौरान पिचाई ने 'इंडिया-अमेरिका कनेक्ट इनिशिएटिव' की भी घोषणा की, जिसके तहत अमेरिका, भारत और दक्षिणी गोलार्ध के कई क्षेत्रों के बीच एआई कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए नए सबसी केबल रूट विकसित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गूगल भारत में फुल-स्टैक कनेक्टिविटी पर काम कर रहा है और भविष्य को लेकर वह बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने भारत में 15 अरब डॉलर के एआई हब की योजना का भी जिक्र किया, जिसमें गीगावॉट-स्तर की कंप्यूटिंग क्षमता और अंतरराष्ट्रीय सबसी केबल गेटवे शामिल होगा, जिससे रोजगार सृजन और उन्नत एआई इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिलेगा।

### गूगल ने स्किलिंग कार्यक्रमों की घोषणा

इसके साथ ही गूगल ने स्किलिंग कार्यक्रमों की भी घोषणा की, जिसमें अंग्रेजी और हिंदी में गूगल एआई प्रोफेशनल सर्टिफिकेट प्रोग्राम शामिल है, जो छात्रों और शुरुआती करियर के पेशेवरों को लक्षित करेगा। अन्य पहलों में कर्मयोगी भारत के साथ 2 करोड़ से अधिक सरकारी कर्मचारियों को समर्थन, अटल टिंकरिंग लैब्स के साथ 10,000 स्कूलों में जेन एआई टूल्स की शुरुआत और 30 मिलियन डॉलर का 'एआई फॉर साइंस इम्पैक्ट चैलेंज' भी शामिल है। पिचाई ने कहा कि एआई का सबसे बड़ा प्रभाव तब होता है जब इसे समुदायों को समझने वाली संस्थाओं के साथ मिलकर विकसित और लागू किया जाए, और इसी दिशा में आईआईटी, सरकारी एजेंसियों और स्थानीय संस्थानों के साथ साझेदारी के जरिए जिम्मेदारीपूर्ण और व्यापक स्तर पर एआई पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

# 'योग्य मतदाताओं को शामिल करना ही उद्देश्य'

## असम में एसआर पर बोले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी

असम में चल रही विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि असम में कराए गए विशेष पुनरीक्षण का उद्देश्य केवल यह सुनिश्चित करना था कि सभी पात्र मतदाता सूची में शामिल हों और अपात्र नामों को हटाया जाए। तीन दिवसीय दौरे के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि चुनाव से पहले मतदाता सूची का पुनरीक्षण कानूनन अनिवार्य है। असम में यह प्रक्रिया इसलिए कराई गई क्योंकि यह देश का एकमात्र राज्य है जहां राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है।

### बीहू को लेकर चुनाव तिथियों पर होगा विचार

चुनाव तिथियों के निर्धारण पर पूछे गए सवाल के जवाब में ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बीहू असम का अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। इसलिए समीक्षा बैठकों के दौरान विभिन्न पक्षों से प्राप्त सुझावों और प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। उन्होंने संकेत दिया कि चुनाव कार्यक्रम तय करते समय राज्य की सांस्कृतिक और सामाजिक परिस्थितियों को ध्यान में रखा जाएगा। ज्ञानेश कुमार के मुताबिक, आयोग की प्राथमिकता स्वतंत्र, निष्पक्ष और सुचारु चुनाव कराना है, लेकिन इसके साथ ही स्थानीय परंपराओं और जनभावनाओं का सम्मान करना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी पक्षों से प्राप्त सुझावों का मूल्यांकन कर संतुलित और व्यावहारिक चुनाव कार्यक्रम घोषित किया जाएगा।

### 12 राज्यों में एसआईआर, असम में एसआर

मुख्य चुनाव आयुक्त ने स्पष्ट किया कि चुनावी नियमों के अनुसार मतदान से पहले मतदाता सूची का अद्यतन जरूरी है। इसी के तहत 12 राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण कराया गया, जबकि असम में विशेष पुनरीक्षण आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि यह पूरी प्रक्रिया सफल रही है। राज्य के सभी जिलों से कुल लगभग 500 लोगों ने ही अपने नाम जोड़ने या किसी अन्य नाम को हटाने के लिए अपील दायर की है, जो इस बात का संकेत है कि सूची काफी हद तक सटीक है।



### चुनाव तैयारियों की व्यापक समीक्षा

मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी तीन दिवसीय दौरे पर असम आए थे। इस दौरान आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। आयोग ने प्रशासनिक अधिकारियों और अन्य संबंधित पक्षों के साथ बैठक कर मतदान केंद्रों, सुरक्षा व्यवस्था, मतदाता सूची और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्य चुनाव आयुक्त ने भरोसा जताया कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाएगी।

### 1200 मतदाताओं की सीमा तय

चुनाव आयोग ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1,200 मतदाताओं की सीमा तय की है। इससे मतदान प्रक्रिया अधिक सुगम और व्यवस्थित होने की उम्मीद है। आयोग का मानना है कि इससे लंबी कतारों और भीड़भाड़ की समस्या कम होगी और मतदान प्रतिशत भी बढ़ सकता है।

### मोबाइल फोन रखने की नई सुविधा

पहली बार असम में मतदाताओं को मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार पर अपने मोबाइल फोन रखने की अनुमति दी जाएगी। अब तक कई जगहों पर मोबाइल फोन ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहता था, जिससे मतदाताओं को असुविधा होती थी। नई व्यवस्था के तहत प्रवेश द्वार पर सुरक्षित जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि चुनाव आयोग का उद्देश्य केवल स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना ही नहीं, बल्कि मतदाताओं को अधिकतम सुविधा देना भी है। रंगीन फोटो, बड़े अक्षरों में नाम, सीमित मतदाता संख्या और मोबाइल जमा सुविधा जैसे कदम उसी दिशा में उठाए गए हैं। असम में चुनावी माहौल के बीच आयोग की ये घोषणाएं प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और मतदाता-हितैषी बनाने की कोशिश के तौर पर देखी जा रही हैं।

# एआई समिट में शामिल होने दिल्ली पहुंचे ब्राजील के राष्ट्रपति, विदेश राज्य मंत्री ने किया स्वागत



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा पांच दिवसीय भारत दौरे पर बुधवार को नई दिल्ली पहुंचे। हवाई अड्डे पर उनका स्वागत विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने किया। विदेश विभाग ने आधिकारिक एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी दी। बताया ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा, राजकीय दौरे पर नई दिल्ली आए हैं। उनका विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने स्वागत किया। एमईए ने उनकी यात्रा के दौरान होने वाली अहम बैठक का भी जिक्र किया। आगे लिखा कि इस दौरे के दौरान राष्ट्रपति लूला इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेंगे और फिर पीएम नरेंद्र मोदी संग द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। मंत्रालय ने इस दौरे को दोनों देशों की साझेदारी को मजबूत करने वाला करार दिया है। इस एक्स पोस्ट में आगे लिखा है, 'भारत और ब्राजील के बीच करीबी और कई तरह के रिश्ते हैं। ये रिश्ते, जो रणनीतिक साझेदारी तक पहुंचे हैं, दरअसल, एक समान ग्लोबल विजन, लोकतांत्रिक मूल्यों और समावेशी विकास की प्रतिबद्धता में ही निहित हैं। राष्ट्रपति लूला की यात्रा से भारत-ब्राजील साझेदारी को जबरदस्त रफ्तार मिलेगी। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा 18 से 22 फरवरी तक भारत में रहेंगे। यह दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर हो रहा है। इस बार राष्ट्रपति लूला अपने साथ सैकड़ों कंपनियों के मालिकों और अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल लेकर पहुंचे हैं। भारत पहुंचने के बाद राष्ट्रपति लूला 19 और 20 फरवरी को नई दिल्ली में हो रहे दूसरे एआई इम्पैक्ट समिट में हिस्सा लेंगे। उन्होंने भारत रवाना होते समय पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वे इस समिट में भाग लेंगे और भारत के साथ नए अवसरों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि 2025 में भारत और ब्राजील के बीच व्यापार 15 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा रहा है।

### राष्ट्रपति मुर्मू से भी होगी मुलाकात

भारतीय विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा 'दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं का समीक्षा करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी दोपहर के भोज का आयोजन करेंगे। दोनों नेता क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे, जिनमें बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग, बहुपक्षवाद, वैश्विक शासन और ग्लोबल साउथ से जुड़े मुद्दे शामिल हैं।' राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी ब्राजील के राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगी और उनके सम्मान में एक भोज का आयोजन करेंगी। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी ब्राजील के राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे।

## तारिक रहमान ने की कैबिनेट मीटिंग, प्रशासन चलाने का खाका तय

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ढाका। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने को अपनी नई बनी कैबिनेट की पहली मीटिंग की अध्यक्षता की। इस बैठक का उद्देश्य नए प्रशासन का रास्ता तय करना है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष रहमान ने मंगलवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। न्यूज़ पोर्टल ने कहा प्रधानमंत्री तारिक रहमान के नेतृत्व में नई कैबिनेट ने प्रशासन चलाने का रास्ता तय करने के लिए बैठक की। कैबिनेट चर्चा के बाद वह सचिव के साथ एक अलग मीटिंग करेंगे। बीएसएस न्यूज़ एजेंसी ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय के एक बयान के हवाले से कहा कि रहमान शाम बांग्लादेश के समयानुसार 6:30 बजे देश के नाम अपना पहला भाषण देंगे। बीएनपी नेता पहली बार प्रधानमंत्री बने हैं। उन्होंने अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस की जगह ली, जिन्होंने अगस्त 2024 में अवामी लीग शासन के गिरने के बाद कार्यभार संभाला था। तारिक रहमान, दिवंगत राष्ट्रपति ज़ियाउर रहमान और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा ज़िया के बेटे हैं।

# सेना की युद्धक तैयारी को बेहतर बनाएगा एआई, हथियार बनेंगे स्मार्ट, बढ़ेगी सटीकता

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

इंडियन आर्मी अब टेक्नोलॉजी के मोर्चे पर कई बड़ी पहल कर रही है। राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान सेना ने साफ कर दिया कि आने वाले समय की लड़ाई सिर्फ हथियारों से नहीं, बल्कि डेटा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जीती जाएगी। बुधवार को 'स्मार्टाइजिंग द किल चेन' विषय पर हुए एक खास सेमिनार में सेना के वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग जगत के दिग्गज और बड़े शिक्षण संस्थानों के विशेषज्ञ जुटे। इसका मकसद था, कैसे एआई के जरिए हथियारों, वाहनों, ड्रोन और दूसरे सैन्य प्लेटफॉर्म्स को इतना स्मार्ट बनाया जाए कि युद्ध के हर चरण में तेजी, सटीकता और प्रभावशीलता बढ़े।



एआई की मदद से अब मशीनें पहले ही बता देंगी कि कौन सा सिस्टम कब खराब हो सकता है, किस हिस्से में दिक्कत आने वाली है और कहां संसाधन पहले से भेजने होंगे। यानी अब मरम्मत बाद में नहीं, पहले से तैयारी होगी।

### एआई से युद्धक तैयारियों में क्या बदलेगा

यहां डीजी ईएमई लेफ्टिनेंट जनरल राजीव कुमार साहनी ने कहा कि उद्योग जगत के पास आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर ऑपरेशनल सटीकता प्रभावी बनाने का बड़ा अवसर है। बड़ी मात्रा में सेंसर से मिलने वाले डेटा को कार्रवाई योग्य जानकारी में बदला जा सकता है। उभरते खतरों का पहले से अनुमान लगाया जा सकता है और पुराने हथियार सिस्टम को आधुनिक, डेटा-सक्षम और स्मार्ट प्लेटफॉर्म में अपग्रेड किया जा सकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उन्नत एनालिटिक्स के जरिए इंजीनियरिंग सपोर्ट को तेज करना जरूरी है, ताकि ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स अधिक मजबूत और सक्रिय बन सके। साथ ही उन्होंने भविष्य के युद्ध में निर्णायक बढ़त हासिल करने के लिए मानव रहित हवाई प्रणालियों, काउंटर-यूएएस सिस्टम और रोबोटिक प्लेटफॉर्म्स में एआई के एकीकरण पर भी विस्तार से चर्चा की। सेना मौजूदा हथियार सिस्टम और प्लेटफॉर्म्स को भी स्मार्ट बना रही है। उनमें सेंसर लगाए जा रहे हैं। इससे बिना ज्यादा खर्च किए मौजूदा संसाधनों की ताकत कई गुना बढ़ाई जा सकेगी। सेमिनार में यह भी चर्चा हुई कि ड्रोन, काउंटर-ड्रोन सिस्टम और रोबोटिक प्लेटफॉर्म्स में एआई का इस्तेमाल किया जाएगा।

### हथियारों की मेंटिनेंस और फैसले तेजी से लिए जाएंगे

सेना के अनुसार सबसे अहम बात यह रही कि अब इंजीनियरिंग सपोर्ट सीधे कमांड फैसलों से जुड़ा होगा। कमांडर को रियल टाइम में पता होगा कि किस यूनिट के पास कौन सा उपकरण पूरी तरह तैयार है और कौन सा सिस्टम मेंटेनेंस में है। यानी फैसले और भी तेज और सटीक होंगे। इस कार्यक्रम ने संकेत दिया है कि इंडियन आर्मी सिर्फ हथियार नहीं, बल्कि 'स्मार्ट वॉरफेयर सिस्टम' तैयार कर रही है। स्वदेशी नवाचार, इंडस्ट्री और अकादमिक जगत के साथ साझेदारी और एआई आधारित समाधान के जरिए सेना भविष्य की जंग के लिए खुद को पूरी तरह तैयार कर रही है। विशेषज्ञों का कहना है अब लड़ाई सिर्फ मैदान में नहीं, डेटा और एल्गोरिद्म के स्तर पर भी लड़ी जाएगी और इंडियन आर्मी उस दिशा में तेजी से आगे बढ़ चुकी है।

## अमित शाह का बंगाल दौरा: 'गीता से मिलती है वैश्विक प्रेरणा', सियासी सरगर्मियों के बीच मंदिर पहुंचे गृह मंत्री

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के मायापुर स्थित इस्कॉन मुख्यालय का दौरा किया। गृह मंत्री शाह सुबह कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। यहां उनका स्वागत प्रदेश भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने किया। एयरपोर्ट से शाह हेलीकॉप्टर के जरिए नदिया जिले के कृष्णानगर पहुंचे, जहां से वे मायापुर स्थित इस्कॉन मुख्यालय के लिए रवाना हुए। यह दौरा पूरी तरह पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया था। पश्चिम बंगाल के नदिया जिले स्थित इस्कॉन मुख्यालय के दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज दुनिया भर में फैल रहा इस्कॉन आंदोलन भक्तिवेदांत प्रभुपाद और उनके प्रेरणास्रोत भक्तिसिद्धांत प्रभुपाद के जीवन कर्म का परिणाम है। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए शाह ने स्पष्ट किया कि वे यहां गृह मंत्री के रूप में नहीं, बल्कि चैतन्य महाप्रभु के एक भक्त के रूप में पहुंचे हैं। उन्होंने कहा आपने मुझे भारत के गृह मंत्री के रूप में संबोधित किया, लेकिन मैं यहां उस रूप में नहीं आया हूं। मैं चैतन्य महाप्रभु का एक श्रद्धालु बनकर इस पवित्र धाम में आया हूं। उन्होंने यह भी बताया कि मायापुर आने की उनकी इच्छा लंबे समय से थी, लेकिन परिस्थितियों के कारण यह संभव नहीं हो पाया था।

## चीन में पटाखा फैक्टरी में लगी आग, 12 लोगों की मौत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

चीन के हुबेई राज्य में आज एक पटाखों की दुकान में आग की घटना सामने आई है। इस धमाके में 12 लोगों की मौत हो गई, सरकारी मीडिया ने बताया कि यह देश में लूनर नए साल के जश्न के दौरान हुआ दूसरा धमाका है। शिन्हुआ न्यूज एजेंसी के मुताबिक, आपातकाल में मदद करने वालों ने आज दोपहर को केंद्रीय हुबेई राज्य के जियांगयांग शहर में पटाखों की दुकान में लगी आग बुझाई। रिपोर्ट में कहा गया है कि जांच करने वाले अब धमाके की वजह का पता लगा रहे हैं, लेकिन ज़्यादा जानकारी अभी नहीं मिली है। चीन में लूनर नए साल में पटाखे का खास महत्व है।

# भारत-यूरोप के विश्वास और वैश्विक कार्यबल का सेतु : जयशंकर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत में यूरोपियन लीगल गेटवे ऑफिस के लॉन्च पर बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दोनों देशों के संबंध समेत कई मुद्दों पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि हम वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं। जयशंकर ने बताया कि जोखिम कम करना अब एक बड़ी प्राथमिकता बन गई है, सप्लाई चेन का ढांचा बदला जा रहा है और तकनीक ने काम करने के तरीके बदल दिए हैं। दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में जनसांख्यिकी में भी बड़े बदलाव आ रहे हैं और अब वैश्विक कार्यबल का विचार तेजी से सामने आ रहा है। जयशंकर ने कहा कि ऐसे देश जो प्रतिभा के प्रवाह को अवसरों के साथ जोड़ सकें और इसमें कानून, पारदर्शिता और निष्पक्षता का ध्यान रखें, वे इस बदलाव का सबसे अच्छा फायदा उठा पाएंगे। उन्होंने एआई इम्पैक्ट समिट के बारे में कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य एआई की क्षमता को समझना था, जो सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ा सकती है और विभाजन को कम कर सकती है और बड़े स्तर पर समाधान दे सकती है।



### जयशंकर ने यूरोपीय लीगल गेटवे का दिया उदाहरण

इस दौरान जयशंकर ने यूरोप के लिए भारत का यूरोपीय लीगल गेटवे ऑफिस भी इसके उदाहरण के तौर पर बताया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ यूरोप में प्रवेश का जरिया नहीं है, बल्कि यह हमारे समाजों के बीच एक सेतु है, विश्वास का प्रतीक है और एक साझा, कुशल, गतिशील और मजबूत वैश्विक कार्यबल में निवेश है।

### भारत यूरोप साझेदारी का भी जिक्र

इसके साथ ही विदेश मंत्री ने भारत-यूरोपियन यूनियन (ईयू) साझेदारी पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमारी साझेदारी सिर्फ साझा मूल्यों की वजह से ही नहीं, बल्कि इसलिए भी मजबूत है क्योंकि अब हम एक-दूसरे को प्राकृतिक और पसंदीदा साझेदार के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत का निष्कर्ष, सुरक्षा और रक्षा साझेदारी पर समझौता और 16वें भारत-ईयू शिखर सम्मेलन के अन्य ठोस निर्णय हमारे साझा भविष्य का रोडमैप पेश करते हैं। जयशंकर ने बताया कि शिखर सम्मेलन में 2030 तक की संयुक्त रणनीतिक एजेंडा को अपनाना हमारे रिश्तों का एक नया अध्याय खोलता है, जो आपसी समृद्धि, सुरक्षा और सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ने का संकेत है।

# बठिंडा में तनाव: डीसी दफ्तर की तरफ बढ़ रहे किसानों और पुलिस के बीच झड़प, पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पंजाब

**बठिंडा।** बठिंडा में डिप्टी कमिश्नर कार्यालय के घेराव के लिए बढ़ रहे किसानों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। इसके बाद किसानों को खदेड़ने के लिए पुलिस ने बड़ी संख्या में आंसू गैस के गोले छोड़े। जानकारी के अनुसार, भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता और नेता जिउंद गांव में एकत्र हो रहे थे, ताकि बठिंडा स्थित डिप्टी कमिश्नर कार्यालय का घेराव किया जा सके। जब पुलिस को इसकी जानकारी मिली, तो बड़ी संख्या में पुलिस बल ने गांव को घेर लिया। इस दौरान पुलिस और किसानों के बीच झड़प हो गई, जिसमें कुछ किसानों को मामूली चोटें भी आई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने भारी संख्या में आंसू गैस के गोले दागे। पुलिस किसी भी हालत में किसानों को बठिंडा पहुंचने से रोकने पर अड़ी हुई है, जबकि दूसरी ओर किसान हर हाल में बठिंडा पहुंचने की जिद पर हैं। किसानों को बठिंडा आने से रोकने के लिए पुलिस ने कड़ी नाकाबंदी कर रखी है।

### पुलिस ने की है कड़ी नाकाबंदी

किसानों के धरने को रोकने के लिए एक हजार से अधिक पुलिस कर्मी नाकों पर तैनात हैं। सिपाही से लेकर डीआईजी तक के पुलिस कर्मी एवं अधिकारी मैदान पर डटे हुए है। किसान नेता शिंगारा सिंह मान ने बीती रात एक वीडियो जारी करके कहा कि किसान हर हालत में धरना देने पहुंचेगें। भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां के जिला अध्यक्ष शिंगारा सिंह मान ने बताया कि पिछले 11 माह से उनके किसान साथी जेल में बंद है। जिनकी रिहाई को लेकर वो समय समय पर प्रशासन को मिलकर मांग पत्र भी दे चुके हैं, लेकिन आज तक किसानों को रिहा नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि छह फरवरी को जब किसान धरना देने बठिंडा के डिप्टी कमिश्नर कार्यालय समीप पहुंच रहे थे तो भारी पुलिस फोर्स ने उन्हें रामपुरा के गांव जेठूके पास रोक लिया और किसानों को भगाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले और लाठियां तक किसानों पर चला दी थी। किसान नेता मान ने कहा कि अब 18 फरवरी बुधवार को जब किसानों ने धरने का एलान किया तो पुलिस प्रशासन ने किसान नेताओं के साथ बैठक करनी शुरू कर दी और धरने को रोकने का प्रयास किया। जब किसानों को लगा कि राज्य सरकार एवं पुलिस प्रशासन लोकतंत्र की हत्या करते हुए धरना प्रदर्शन करने वाले किसानों को रोकना चाह रहा है, तो किसानों ने अब डिप्टी कमिश्नर कार्यालय के समीप धरना देने का निर्णय लिया है। दूसरी तरफ जिला पुलिस के अलावा पंजाब के अलग अलग जिलों से एक हजार से अधिक पुलिस कर्मी बठिंडा की हदों पर नाकाबंदी करके तैनात किए गए हैं। पुलिस फोर्स का मकसद किसानों को शहर में ना घुसने देना है। जिस के चलते हर चौराहे पर पुलिस द्वारा नाकाबंदी की गई है। वहीं एसएसपी एवं डीआईजी लगातार मैदान में डटे हुए है। इसके अलावा बठिंडा चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर रामपुरा के समीप भारी पुलिस फोर्स तैनात करके बेरिकेड लगाए गए हैं, ताकि किसानों को आगे बढ़ने से रोका जाए।



### उगराहां के जिला प्रधान चरण सिंह नूरपुरा चकमा देकर बठिंडा रवाना

कई महीनों से जेल में बंद किसान नेताओं की रिहाई की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) द्वारा बठिंडा के डीसी दफ्तर के सामने धरने का आह्वान था। जिला लुधियाना ग्रामीण पुलिस ने बुधवार तड़के किसान नेताओं को नजरबंद करने के लिए कई टीम बनाकर उनके घरों पर एक साथ दबिश दी है। थाना सुधार के प्रभारी इंस्पेक्टर गुरदीप सिंह ने बताया कि बीकेयू उगराहां किसान नेता मनजीत सिंह बुढेल के घर पर दबिश देकर उन्हें थाने बुलाया गया था, लेकिन उनकी बेटी की अमृतसर से फ्लाइट होने के कारण किसान नेता को जाने दिया गया। उधर रायकोट सदर पुलिस ने यूनियन के जिला अध्यक्ष चरण सिंह नूरपुरा के घर पर दबिश दी लेकिन वो चकमा देकर बठिंडा रवाना हो गए। चरण सिंह नूरपुरा ने फोन पर बताया कि पुलिस ने उनकी तलाश में गांव और अन्य कई जगहों में दबिश दी लेकिन वे अपने साथियों के साथ बठिंडा जाने में सफल रहे हैं। उन्होंने किसान नेताओं के घरों पर की गई छापेमारी की निंदा की है।